आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 21°C |

इनसाइड न्यूज

छठ पर रहे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, नदियों-तालाबों का पानी स्वच्छ...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 06 नवंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 25 | www.janexpresslive.com/epaper



25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा संसद... 12

# 17 लाख मदरसा स्टूडेंट सरकारी स्कूल नहीं भेजे जाएंगे



## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा एक्ट बरकरार रखा, लेकिन पीजी-रिसर्च सिलेबस तय करने पर रोक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/लखनऊ**

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट की वैधता बरकरार रखी है। यानी उत्तर प्रदेश में मदरसे चलते रहेंगे और 16000 मदरसों में पढ़ने वाले 17 लाख स्टूडेंट सरकारी स्कूल नहीं भेजे जाएंगे। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश सुनाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट का वह फैसला खारिज कर दिया, जिसमें मदरसा एक्ट को असंवैधानिक बताया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यूपी मदरसा एक्ट के सभी प्रावधान मूल अधिकार या संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर का उल्लंघन नहीं करते हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा एक्ट के उस प्रावधान पर रोक लगा दी, जिसमें मरदसों को पीजी और रिसर्च का सिलेबस तय करने का अधिकार था। यानी अब मदरसा बोर्ड हायर एजुकेशन का सिलेबस और किताबें तय नहीं कर पाएंगे। 5 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा एक्ट को असंवैधानिक करार देने वाले फैसले पर रोक लगा दी थी। केंद्र और यूपी सरकार से इस पर जवाब भी मांगा था। इस मामले में 22 अक्टूबर 2024 को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच में सुनवाई हुई थी। चीफ जस्टिस ने कहा था- धर्मनिरपेक्षता का मतलब है- जियो और जीने दो।

### देश में धार्मिक .शिक्षा कभी भी अभिशाप नहीं रही

कोर्ट का कहना था कि मदरसों के छात्रों को दूसरे स्कूल में ट्रांसफर करने का निर्देश देना ठीक नहीं है। देश में धार्मिक शिक्षा कभी भी अभिशाप नहीं रही है। बौद्ध भिक्षुओं को कैसे प्रशिक्षित किया जाता है? अगर सरकार कहती है कि उन्हें कुछ धर्मनिरपेक्ष शिक्षा प्रदान की जाए तो यह देश की भावना है।

### इस मामले से इतर यूपी सरकार ने मदरसों का सर्वे भी कराया था

दरअसल, यूपी सरकार को सामाजिक संगठनों और सुरक्षा एजेंसियों से इनपुट मिले थे कि अवैध तरीके से मदरसों का संचालन किया जा रहा है। इस आधार पर उत्तर प्रदेश परिषद और अल्पसंख्यक मंत्री ने सर्वे कराने का फैसला लिया था। इसके बाद हर जिले में 5 सदस्यीय टीम बनाई गईं। इसमें जिला अल्पसंख्यक अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक शामिल थे। इसके बाद 10 सितंबर 2022 से 15 नवंबर 2022 तक मदरसों का सर्वे कराया गया था। इस टाइम लिमिट को बाद में 30 नवंबर तक बढ़ाया गया। इस सर्वे में प्रदेश में करीब 8441 मदरसे ऐसे मिले थे, जिनकी मान्यता नहीं थी। सबसे ज्यादा मुरादाबाद में 550 गैर मान्यता प्राप्त मदरसे मिल थे। इसके बाद सिद्धार्थनगर में 525 और बहराइच में 500, बस्ती में 350 मदरसे बिना मान्यता मिले थे। राजधानी लखनऊ में 100 मदरसों की मान्यता नहीं थी। इसके अलावा प्रयागराज-मऊ में 90, आजमगढ़ में 132 और कानपुर में 85 से ज्यादा मदरसे गैर मान्यता प्राप्त मिले थे। सरकार के मुताबिक प्रदेश में फिलहाल 15 हजार 613 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं। अक्टूबर 2023 में यूपी सरकार ने मदरसों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी मदरसों को हो रही विदेशी फंडिंग की जांच कर रही है।

### हाईकोर्ट ने कहा था, विभिन्न धर्मों के बच्चों के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता

22 मार्च, 2024 को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 86 पेज का फैसला सुनाया। कोर्ट ने मदरसा को असंवैधानिक घोषित कर दिया। इसके साथ ही यूपी सरकार को स्कीम बनाकर मदरसों के बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजने को कहा था। कोर्ट ने कहा- यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन है। विभिन्न धर्मों के बच्चों के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता। धर्म के आधार पर उन्हें अलग-अलग प्रकार की शिक्षा मुहैया नहीं कराई जा सकती। अगर ऐसा किया जाता है तो यह धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन होगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- हाईकोर्ट प्रथमदृष्टया सही नहीं

हाईकोर्ट के फैसले को मदरसा अजीजिया इजाजुतूल उलूम के मैनेजर अंजुम कादरी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। 5 अप्रैल, 2024 को सुप्रीम कोर्ट में पहली बार सुनवाई हुई। कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- हाईकोर्ट प्रथमदृष्टया सही नहीं है। ये कहना गलत होगा कि यह मदरसा एक्ट धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन करता है। यहां तक कि यूपी सरकार ने भी हाईकोर्ट में मदरसा एक्ट का बचाव किया था। इसके बाद 22 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई और कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### एक्ट के खिलाफ 2012 में पहली बार दाखिल हुई थी याचिका

2004 में मुलायम सरकार ने मदरसा एक्ट 2004 लागू किया। इसके खिलाफ पहली बार 2012 में याचिका दायर हुई। ये याचिका दारुल उलूम वासिया मदरसा के मैनेजर सिराजुल हक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में दाखिल की थी। फिर 2014 में माइनॉरिटी वेलफेयर लखनऊ के सेक्रेटरी अब्दुल अजीज, 2019 में लखनऊ के मोहम्मद जावेद ने याचिका दायर की थी। इसके बाद 2020 में रैजुल मुस्तफा ने दो याचिकाएं दाखिल की थीं। 2023 में अंशुमान सिंह राठौर ने याचिका दायर की। सभी मामलों का नेचर एक था। सभी ने एक्ट को रद्द करने की मांग की थी। कहा था- धार्मिक शिक्षा से समाज में भेदभाव पैदा हो रहा।

# माफिया गब्बर की कोठी कुर्क

## यूपी के टॉप 50 अपराधी में शुमार देवेंद्र सिंह गब्बर के खिलाफ हुई एक और बड़ी कार्रवाई

- सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में गई अफसरों टीम ने डुगडुगी बजवाकर की कुर्की की घोषणा

**जन एक्सप्रेस। अजय त्रिपाठी**



माफिया गब्बर सिंह की कोठी की कुर्की करते अधिकारी और पुलिसकर्मी।

**बहराइच।** पयागपुर से जिला पंचायत सदस्य तथा उत्तर प्रदेश के टॉप 50 अपराधियों में शामिल देवेंद्र प्रताप सिंह गब्बर की शहर के मोहल्ला रायपुर राजा में स्थित करोड़ों की कोठी मंगलवार को जिला प्रशासन की ओर से कुर्क कर दी गई। कुछ दिन पूर्व इस कोठी पर जिला प्रशासन की ओर से नोटिस चस्पा कराई गई थी। इससे पूर्व भी गब्बर सिंह के मैरिज लान, गेस्ट हाउस और माल की दकानों पर कार्रवाई की जा चुकी है। मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के नेतृत्व में गई पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों की टीम में शामिल कर्मचारियों ने डुग्गी बजवाकर कुर्की की घोषणा की। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर आर पी पाण्डेय, नायब तहसीलदार, कोतवाली देहात के प्रभारी परमानंद तिवारी भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। कुर्की की प्रक्रिया के समय आसपास के लोगों के साथ मीडिया कर्मियों की भी भीड़ मौके पर डटी रही। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में अपराधी के रूप में सक्रिय रहे देवेंद्र प्रताप सिंह गब्बर जिले में पिछले कुछ वर्षों से जिला पंचायत सदस्य के रूप में निर्वाचित होते आए हैं। वर्ष 2021 में हुए पंचायत चुनाव में भी वह जिला पंचायत सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। उसके बाद महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा करते समय उनकी फोटो प्रसारित होने के बाद से उनके विरुद्ध दबे हुए आपराधिक मामले उजागर होने लगे। इन मामलों में गोंडा रोड स्थित व्यवसाई अरुण मातनहेलियां के अपहरण तथा हत्या संबंधी मामला भी सामने आया व्यवसाय अरुण मातनहेलिया की पत्नी सुधा मातानहेलिया ने गब्बर सिंह के खिलाफ मुहिम छेड़ दी। तत्कालीन पुलिस उपमहानिरीक्षक उपेंद्र अग्रवाल ने भी गब्बर सिंह के अपराधिक रिकॉर्ड खंगालने तथा उन्हें भू माफिया घोषित करने की कार्रवाई को गति प्रदान की। इस कार्रवाई का परिणाम रहा कि लगभग 3 वर्ष पूर्व गब्बर सिंह गिरफ्तार कर लिए गए पहले उन्हें बहराइच जिला कारागार में रखा गया और बाद में फरीदाबाद जेल में शिफ्ट किया गया है। मौजूदा समय में गब्बर फरीदाबाद की जेल में ही निरुद्ध हैं। इनकी डिगिहा तिराहा स्थित बंधन पैलेस तथा छोटी बाजार स्थित शॉपिंग कंपलेक्स की कुछ दुकान पहले ही जिला प्रशासन अपने कब्जे में ले चुका है।

# गाजियाबाद पुलिस की हरकत को उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने बताया शर्मनाक

## गाजियाबाद की कविनगर थाना पुलिस ने एक स्थानीय दैनिक के संपादक इमरान खान को ही शांति भंग के आरोपों में जेल भेज दिया

- समिति महासचिव अरुण त्रिपाठी के अनुसार समिति मुख्यमंत्री के संज्ञान में मामला लाएगी और मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपेगी
- कहा, गाजियाबाद पुलिस को अब अपराधियों से नहीं बल्कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों से शांति भंग का खतरा नजर आ रहा है

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**





प्रदेश में पत्रकारों का उत्पीड़न करने में माफिया और अपराधी किस्म के लोग ही नहीं, पुलिस भी बढ़चढ़ कर भूमिका निभा रही है। ग़ाज़ियाबाद की कविनगर पुलिस ने एक स्थानीय दैनिक के संपादक इमरान खान को ही शांति भंग के आरोपों में जेल भेज दिया। पुलिस की इस हरकत से उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति आक्रोशित है। समिति ने इस मामले में निर्णायक विरोध की ठानी है। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के महासचिव अरुण त्रिपाठी ने खेद जताया है और पुलिस की हरकत को शर्मनाक बताया है। त्रिपाठी ने कहा, आश्चर्य की बात है कि गाजियाबाद पुलिस को अब अपराधियों से नहीं बल्कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों से शांति भंग का खतरा नजर आ रहा है। दरअसल, 13 नवम्बर को गाजियाबाद में होने वाले उपचुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के मकसद से असामाजिक तत्वों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के भरवाए जा रहे मुचलकों में गाजियाबाद की कविनगर थाना पुलिस ने एक स्थानीय दैनिक के संपादक इमरान खान को ही शांति भंग के आरोपों में जेल भेज दिया। इस घटना से पत्रकारों में रोष है। इमरान आज समाज पार्टी के भी कार्यकर्ता हैं। गिरफ्तारी की जानकारी मिलने पर आसपा प्रत्याशी सत्यपाल चौधरी भी कविनगर थाने पहुंचे और गिरफ्तारी का विरोध किया। हालांकि पुलिस ने विरोध को नजरअंदाज कर दिया। इस मामले में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति मुख्यमंत्री के संज्ञान में मामला लाएगी और मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपेगी।

### सांसद ने दर्ज कराया था झूठा मुकदमा

दैनिक अखबार आप अभी तक के संपादक इमरान खान के खिलाफ हाल ही में चुनाव जीतकर आए सांसद अतुल गर्ग ने अक्टूबर में एक मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने कहा था अखबार ने उनकी छवि को धूमिल करने की खबर प्रकाशित की जिसमें उन्हें भूमाफिया कहा गया। जबकि उक्त आरोप इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस प्रत्याशी रही डोली शर्मा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए थे।

### दिल्ली प्रेस क्लब ने भी जताया विरोध

इमरान खान की गिरफ्तारी का दिल्ली प्रेस क्लब ने भी विरोध किया है। प्रेस क्लब ने एक्स पर ट्वीट कर गिरफ्तारी को अलोकतांत्रिक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन बताया है।

# बंदीपोरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू**



जम्मू कश्मीर में मंगलवार को अलूसा बांदीपोरा के जेत्सुन जंगल क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रारंभिक गोलीबारी में एक आतंकवादी को ढेर कर दिया गया है। मुठभेड़ जारी है ओर अब बांदीपोरा के चूंटपथरी क्षेत्र में इसका प्रभाव दिखाई दे रहा है। पुलिस बांदीपोरा और 26 असम राइफल्स की संयुक्त टीम इस अभियान में शामिल है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। इस बात की आशंका जताई जा रही है कि कुछ और आतंकी इस क्षेत्र में हो सकते हैं। इससे पहले रविवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में एक और आतंकी हमले की घटना सामने आई थी, जब आतंकियों ने संडे बाजार के एक भीड़-भाड़ वाले इलाके में ग्रेनेड से हमला किया था। इस हमले में 12 लोग घायल हो गए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादियों ने टीआरसी के पास एक भरे बाजार में ग्रेनेड फेंका था, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आतंकी हमलों की बढ़ती घटनाओं ने न केवल स्थानीय निवासियों, बल्कि पर्यटकों और व्यापारियों में भी डर और अनिश्चितता का माहौल बना दिया है।

# गुजरात के आणंद में बुलेट ट्रेन ट्रैक का पुल गिरा, 2 मजदूरों की मौत, एक गंभीर घायल, एक की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। आणंद**



गुजरात के आणंद में बुलेट ट्रेन के लिए बनाए जा रहे ट्रैक का निर्माणाधीन पुल गिर गया है। पुल के मलबे में कई लोगों के दबे होने की जानकारी मिली है। आणंद जिले के पुलिस अधीक्षक जी. जी. जसानी ने बताया कि वासद के पास बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट चल रहा था, जिसमें लोहे की जाली गिरने से तीन से चार मजदूरों के दबने की सूचना मिली थी। 2 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर को बचा लिया गया है। अभी एक मजदूर के फंसे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बुलेट ट्रेन के 12 पुलों का निर्माण पूरा हो चुका मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन गलियारे के लिए गुजरात में कुल 20 नदी पुल में से 12 का निर्माण पूरा हो गया है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ह्यास्त्रष्टरु) ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुजरात के नवसारी जिले में खरेरा नदी पर 120 मीटर लंबा पुल हाल ही में पूरा हुआ है। इसके साथ ही 12 पुल का निर्माण पूरा कर लिया गया है। 508 किलोमीटर लंबा है ट्रैक मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन गलियारा कुल 508 किलोमीटर लंबा है। इस प्रोजेक्ट में गुजरात का 352 किलोमीटर और महाराष्ट्र का 156 किलोमीटर हिस्सा शामिल है। इसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, अहमदाबाद, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाद और साबरमती जैसे कुल 12 स्टेशन बनाने की योजना है।

# सेवानिवृत्ति से पहले बोले सीजेआई चंद्रचूड़, आत्म-चिंतन अहम, जस्टिस खन्ना बोले, न्याय सुलभ बनाने का प्रयास

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति भवन में मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीन पुस्तकों का विमोचन किया। इस दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि किसी भी संस्थान की बेहतर के लिए आत्मचिंतन अहम है। सुप्रीम कोर्ट की तीन पुस्तकों का महत्व भी कुछ ऐसा है। इसे कम नहीं किया जा सकता। इसके अलावा मनोनीत न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ विद्वान व्यक्ति हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट की तीन पुस्तक राष्ट्र के लिए न्याय भारत के सर्वोच्च न्यायालय के 75 वर्षों पर चिंतन, भारत में कारागार कारागार नियमावली का मानचित्रण और सुधार एवं भीड़भाड़ कम करने के उपाय और विधि विद्यालयों के माध्यम से कानूनी सहायता भारत में कानूनी सहायता प्रकोष्ठों की कार्यप्रणाली पर एक रिपोर्ट% का विमोचन किया।

# यूपी को जल्द मिल सकता है स्थाई पुलिस महानिदेशक!

- यूपी कैबिनेट में लिया गया एक गुपचुप फैसला देर रात हुआ सार्वजनिक
- प्रशांत कुमार ही हो सकते हैं यूपी के नियमित पुलिस महानिदेशक
- कैबिनेट की मंजूरी के बाद डीजीपी की नियुक्ति मामले में खत्म हो जाएगा केंद्र का दखल

**जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित**



फाइल फोटो

**राज्य मुख्यालय।** यूपी में पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति के मामले में कैबिनेट का फैसला चौंकाने वाला है। जहां इस फैसले को उत्तर प्रदेश के वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार को नियमित करने की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है, वहीं नियमित पुलिस महानिदेशक के रूप में प्रशांत कुमार के नाम पर केंद्र के इरादों पर संदेह होने की भी चर्चा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि यदि डीजीपी की नियुक्ति केंद्र करता है तो प्रशांत कुमार के नाम पर सहमति बन पाना मुश्किल हो सकता है। हालांकि बीते दिनों में सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों को नियमित पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति न होने के कारण नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, जिसके बाद नियमित डीजीपी की नियुक्ति की कवायद तेज हो गई लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के नियमित डीजीपी की नियुक्ति वाले आदेश को यूपी कैबिनेट के प्रस्ताव से पूरा करने का फार्मूला देखना भी दिलचस्प हो सकता है। जानकारों की माने तो अब प्रदेश का डीजीपी कौन होगा यह प्रदेश ही तय करेगा। इसके अलावा यूपीएससी को पैनल भी नहीं भेजा जाएगा। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश(यूपी के पुलिस बल प्रमुख) चयन एवं नियमावली 2024 को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। नियमावली के अनुसार अब यूपी के डीजीपी का कार्यकाल दो साल का होगा। इसके अलावा अब डीजीपी वही बनेगा जिसकी कम से कम 6 महीने की सेवा बची हो। अगर तैनाती के बाद उनकी सेवा अवधि छह महीने ही शेष है तो सेवा अवधि को बढ़ाया जा सकता है। यदि नियुक्त डीजीपी किसी अपराधिक मामले या भ्रष्टाचार अथवा अपने कर्तव्यों का पालन करने में अक्षम साबित हुए तो सरकार उन्हें दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही हटा सकती है। डीजीपी को उनके पद से हटाने के लिए संबंधित प्रावधानों में भी हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन किया जाना जरूरी होगा। नियमावली के मुताबिक डीजीपी पद पर वे ही अधिकारी चुने जाएंगे जो वेतन मैट्रिक्स के स्तर 16 में पुलिस महानिदेशक के पद पर कार्यरत हो।

### योगी कैबिनेट ने यूपी के डीजीपी चयन की नियमावली पर लगाई मुहर

हालांकि सोमवार की देर रात से ही ऐसी चर्चा शुरू हो गई थी। कि योगी सरकार वर्तमान कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को पूर्णकालिक डीजीपी बनाने की तैयारी कर रही है। उन्हें दो साल का फिक्स कार्यकाल भी मिल सकता है। इतना ही नहीं बल्कि कयास यहां तक लगाए जा रहे हैं कि कैबिनेट का प्रस्ताव शायद प्रशांत कुमार को स्थाई डीजीपी बनाने के लिए लाया गया है।

### सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाइए: डॉ. राजेश्वर सिंह

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बयान का जवाब देते हुए भाजपा के सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आदरणीय अखिलेश जी, पहले आपको कार्यवाहक डीजीपी होने पर परेशानी थी, अब नियमित डीजीपी चयन की प्रक्रिया लागू किए जाने पर भी परेशानी है! जबकि, योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व में यूपी की कानून व्यवस्था प्रत्येक परिस्थित में आदर्श है, पिछले 7 साल में प्रदेश की कानून व्यवस्था अग्रणी बनीं। उन्होंने आगे कहा कि यूपी में डीजीपी चाहे स्थाई जो या कार्यवाहक, अपराधियों- माफियाओं के विरुद्ध यह कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। कृपया प्रदेश हित में विकास के मुद्दों पर सार्थक बातें कीजिए एवं सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाइए और 2027 की तैयारियों पर ध्यान दीजिए!

### अब मनोनयन समिति पूरा करेगी डीजीपी की चयन प्रक्रिया

नई नियमावली के अनुसार हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता वाली कमेटी डीजीपी का चयन करेगी। कमेटी में मुख्य सचिव व यूपीएससी की ओर से नामित एक व्यक्ति और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या उनकी ओर से नामित व्यक्ति के अलावा अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव गृह और एक रिटायर डीजीपी कमेटी में शामिल होंगे।

### अखिलेश यादव ने कसा तंज

वहीं उत्तर प्रदेश में डीजीपी की चयन नियमावली को कैबिनेट की मंजूरी के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दिल्ली बनाम लखनऊ 2.0 हैशटैग करते हुए लिखा कि सुना है किसी बड़े अधिकारी को स्थाई पद देने और और उसका कार्यकाल 2 साल बढ़ाने की व्यवस्था बनाई जा रही हैज सवाल ये है कि व्यवस्था बनानेवाले खुद 2 साल रहेंगे या नहीं। कहीं ये दिल्ली के हाथ से लगाम अपने हाथ में लेने की कोशिश तो नहीं है। अखिलेश के बयान पर मंत्री असीम अरुण ने पलटवार करते हुए कहा कि यूपी सरकार ने जो फैसला लिया वो अच्छा है। अखिलेश अपनी सरकार के पन्ने पलट लें, सपा सरकार में 2 माह के लिए डीजीपी बनते थे।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ख्याल- डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जनपद में हो रहे 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों से संबंधित समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के लिए जो शासन स्तर से समय सीमा निर्धारित की गई है उसी के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराए जाएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से कहा कि जो अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर गेटों का निर्माण कराया गया है, उसमें रिफ्लेक्टर लाइट भी लगाई जाए। लोक निर्माण विभाग भवन खंड बांदा के अधिकारी को निर्देश दिए की सर्किट हाउस के निर्माण कार्य को तेजी से कराया जाए तथा राही पर्यटक आवास गृह में जो कार्य चल रहा है उस भी जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने सीएनडीएस के अधिकारीयों से कहा कि विकास भवन निर्माण कार्यों में जो कमियां हैं, उनको पूर्ण कराया जाए। साथ ही अधूरे पडें राजकीय पॉलिटेक्निक मानिकपुर को भी पूरा कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि इस कार्य की कमेटी गठित करके जांच भी कराई जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि शासन को पत्राचार करके ड्रग वेयरहाउस निर्माण कार्य की द्वितीय किस्त जारी कराई जाए ताकि कार्य को पूर्ण कराया जा सके। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मऊ को निर्देश दिए कि मऊ नगर पंचायत कार्यालय के निर्माण कि जो धनराशि कार्यदायी संस्था को दी जानी है, उसे भी तत्काल उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देश दिए कि नवीन संकेत विद्यालय के लिए फर्नीचर आदि की शासन स्तर से व्यवस्था कराई जाए ताकि विद्यालय का संचालन कराया जा सके। जिलाधिकारी ने गत बैठक में कार्यदायी संस्थाओं के निर्माण कार्यों के प्रगति के संबंध में दिए गए निर्देशों की प्रगति की अनुपालन आख्या प्रस्तुत न करने पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से नाराजगी व्यक्त की। कहा कि जिन निर्माण कार्यों में प्रगति नहीं हो रही है, तो संबंधित विभागों को पत्राचार कराया जाए ताकि निर्माण कार्यों को तेजी से कराया जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व/प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड संतोष कुमार, परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम रामफल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से कराएं निराकरण- जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी शिवशरण की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने नवेश मित्र पोर्टल, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक से कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक की प्रगति अत्यंत खराब है। कहा कि जिन बैंकों में आवेदन पत्र स्वीकृत है, उनका वितरण कराया जाए। एक जनपद एक उत्पाद योजना पर कहा कि जो बैंक आवेदन पत्रों पर ऋण नहीं दे रहे हैं, वह लिखित रूप से उपलब्ध कराए की किन कारणों से सहायता ऋण नहीं दिया जा रहा है। निर्देश दिए कि अपने स्तर से बैंकों को निरंतर समीक्षा करते हुए आगामी बैठक से पूर्व वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष वितरण कराना सुनिश्चित करें। एमओयू क्रियान्वयन में संबंधित विभागों से कहा कि जिन उद्यमियों ने एमओयू उद्योग स्थापित करने के लिए आवेदन किया है। उसमें प्रगति करें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि जिन उद्यमियों के आवेदन पत्र धारा 80 के स्वीकृत के लिए लंबित है, उनका संबंधित तहसीलों से निस्तारण कराया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि कुक्कुट पालन कार्य के लिए इंटेंट फाइल जो बैंक में लंबित है, उस पत्रावली को संबंधित बैंक से संपर्क कर ऋण स्वीकृत कराया जाए। साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के संचालित एंबुलेंसों का प्रचार-प्रसार कराने को कहा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 85 वाहनों का किया गया चालान

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात माह नवम्बर-2024 के तहत आमजन मानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही दो पहिया पर तीन सवारी, बिना हेलमेट वाहन चलाने, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट नहीं लगाने सहित यातायात नियमों का पालन न करने वाले 85 वाहनों का 2,43,000 रुपये का ई-चालान किया गया। इस दौरान लोगों को प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे जनपद मे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

### चमारी गौशाला में गौसेवा आयोग अध्यक्ष ने गायों को खिलाया गुड़, चना

**जन एक्सप्रेस/उरई (जालौन)।** अध्यक्ष उप्र गौ-सेवा आयोग श्याम बिहारी गुप्ता, सदस्य राजेश सिंह ने जिलाधिकारी के साथ ग्राम चमारी स्थित गौशाला का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पानी, भूसा व हरा चारा की पर्याप्त व्यवस्था देख गौवंशों को गुड़ चना खिलाया। साथ ही गौशाला में सरंक्षित गौवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा और अन्य खानपान की वस्तु उपलब्ध मिली, गौशाला में साफ सफाई के उचित प्रबंध होने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बीमार गौवंश की सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी को दें, साथ ही समय समय पर चिकित्सक गौवंशों का स्वास्थ परीक्षण करते रहे। उन्होंने कहा कि गौवंशों के लिए खान-पान और अन्य चीजों की पर्याप्त सुविधा है। उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रख रखाव देखा। गौशाला में संरक्षित गौवंश व गौवंश के छोटे-छोटे बछिया बछड़ों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु पशु चिकित्सक नियमित उपचार हेतु भ्रमणशील रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, मुख्य पशु अधिकारी मनोज कुमार अवस्थी, ग्राम प्रधान, गौशाला संचालिका एनजीओ से विनीता पाण्डेय आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### पत्रकार के भाई के निधन पर साथियों ने जताया शोक

**जन एक्सप्रेस/कालपी (जालौन)।** मंगलवार को कालपी के प्रमुख पत्रकार ईशा राजा के बड़े भाई हैदर राजा खाद वाले का लंबी बीमारी के दौरान निधन हो गया उनके निधन की खबर सुनकर पत्रकारों एवं व्यापारियों ने शोक जताया है। विदित हो कि कालपी नगर के मुहल्ला काजीपुरा निवासी 56 वर्षीय हैदर रजा एक वर्ष से गम्भीर बीमारी से ग्रस्त चल रहे थे। कानपुर में एक चिकित्सालय में मंगलवार को उन्होंने जीवन की अंतिम सांस ली। नगर पालिका परिषद कालपी अध्यक्ष अरविंद यादव, कांग्रेस नेता वीरेंद्र सिंह चैहान, मनोज चतुर्वेदी, पूर्व पालिकाध्यक्ष कमर अहमद, सलीम अंसारी, आरिफ़ खान, आरिफ रजा आदि पत्रकारों तथा व्यापारियों ने आवास पर पहुंच कर शोक व्यक्त किया। उल्लेखनीय हो कि हैदर रजा के पुत्र कैफ रजा भी पत्रकारिता के क्षेत्र में भूमिका निभा रहे हैं।

### हत्या व उत्पीड़न के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/कालपी (जालौन)।** एक पत्रकार की हत्या व दो पत्रकारों के साथ मारपीट की घटना से क्रोधित पत्रकारों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम सुशील कुमार सिंह कालपी को सौंपकर आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। तहसील परिसर में क्षेत्रीय पत्रकारों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि जनपद फतेहपुर में दबंगों के द्वारा पत्रकार की हत्या कर दी गई और जनपद हमीरपुर में प्रभावशाली व्यक्तियों के द्वारा पत्रकारों के साथ बेरहमी से मारपीट की घटना की गई इन दोनों घटनाओं से जनपद जालौन और कालपी के पत्रकारों में नाराजगी है। ज्ञापन में मांग की कि फतेहपुर मे पत्रकार की हत्या के आरोपी व हमीरपुर में पत्रकारों के साथ मारपीट करने वाले दोषियों पर जल्द और सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाये साथ ही मांग की को पत्रकारों की सुरक्षा प्रदान की जाये। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रुप से मनोज चतुर्वेदी, सलीम अंसारी, दीपचन्द्र सैनी, मनोज पाण्डेय, अवधेश बाजपेई, आरिफ रजा, पवन गुप्ता, रहमत खान, फहीम खान, अमित यादव, अनुराग पंडित रोहिणी शर्मा, प्रशांत शुक्ला, दीपक शर्मा, दीपू चैहान, पवन गुप्ता, अंकित गुप्ता, फहीम खान, सतीश मिश्रा, अंकित गुप्ता, हरिश्चंद्र दीक्षित, अशोक पुरवार (कक्का) आदि पत्रकारों ने हिस्सा लिया।

### खाद वितरण व्यवस्था परखने के लिये सहकारी समिति का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/कालपी (जालौन)।** उर्वरक की वितरण व्यवस्था की हकीकत को परखने के लिए नायब तहसीलदार तारा शुक्ला ने इटौरा की सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। तथा खाद की बिक्री करने के लिए जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए।
विदित हो कि कालपी क्षेत्र की इटौरा में स्थित ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड का नायाब तहसीलदार तारा शुक्ला के द्वारा निरीक्षण किया गया तथा अभिलेखों में उर्वरक की बिक्री करने की हकीकत देखी। इटौरा सहकारी समिति लिमिटेड का औचक निरीक्षण में वर्तमान स्टाक निकल रहा। जबकि 400 बोरियां खाद गोदाम में उतरी थी। लेकिन 4 सौ खाद की बोरियों का आनलाइन कोड उपलब्ध नहीं हो सका था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों तथा कर्मचारियों को नियमानुसार खाद वितरण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए के किसानों को सरलता पूर्वक खाद का वितरण किया जाए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाने पर प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

### स्वास्थ्य अधिकारी बनी छात्रा ने स्वास्थ्य विभाग की जानकारियां हासिल कीं

**जालौन (उरई)।** मिशन शक्ति के अंतर्गत आनंदी बाई हर्ष बालिका इंटर कालेज की छात्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बनकर स्वास्थ्य विभाग की जानकारियां हासिल की। मिशन शक्ति के अंतर्गत सरकारी विभागों में कामकाज की कार्यप्रणाली को समझने और नवाचार के माध्यम से बालिकाओं को प्रेरित करने के लिए विभिन्न विभागों में एक दिन के लिए बालिकाओं को अधिकारी बनने का मौका दिया जा रहा है। इसी क्रम में आनंदी बाई हर्ष बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा नवम की छात्रा शुभांशी तिवारी को एक दिवसीय प्रतीकात्मक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बनाया गया। उन्होंने पदभार ग्रहण करने की प्रक्रिया को समझा। अस्पताल में भ्रमण कर मरीजों का हालचाल जाना। इसके अलावा डॉक्टरों से ओपीडी के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के कार्य क्षमताओं का आंकलन एवं संवर्धन के बारे में चर्चा की।

### अश्लील हरकत करने का विरोध किया तो युवती व मां को पीट दिया

**जन एक्सप्रेस/जालौन (उरई)।** घर के सामने खड़ी युवती की देखकर अश्लील फब्तियां करने एवं विरोध करने पर युवती व मां को मारपीट कर घायल करने की शिकायत पर आरोपियों को खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी मुस्कान ने पुलिस को बताया की वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थी तभी वहां से निकल रहे मंगल, टिंकू आदि उसे देखकर अश्लील फब्तियां करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उन्होंने गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उन्होंने बसोरे, कुमकुम, श्यामू, मीनू, ममता को लाठी, डंडे और सरिया लेकर बुला लिया। सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे बचाने आई मां को भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की।

# यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को छात्रों ने निकाली रैली

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




जिले के जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने मंगलवार को यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर यातायात माह नम्बर का शुभारम्भ किया। जागरूकता रैली में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने अधिकारियों के साथ बैनर लेकर नगर भ्रमण किया।
जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि ट्रैफिक नियमों की छोटी बातो को ध्यान में रखकर बड़ी दुर्घटनाओं से बच सकते है। सड़क में चलते समय यातायात नियम जैसे हेलमेट लगाना, सीट बेल्ट बांधना, मदिरा पान कर वाहन न चलाना, पैदल चलते समय फुटपाथ का प्रयोग करना आदि को ध्यान में रखें। सभी युवाओं को आगे आकर इस जागरूकता अभियान में शामिल होना चाहिए। बताया कि यह जागरूकता अभियान पूरे महीना चलेगा। जिसमें शामिल होकर आप सभी आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने में सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पहले यातायात जागरूकता में यातायात सप्ताह मनाया जाता था। जिसकी सफलता को देखते हुए अब यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। सभी को जागरूक होकर यातायात नियमों का पालन करें तथा दूसरों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। अपना बचाव के लिए हमें ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। करें जिससे कि आप व अन्य भी सुरक्षित रहेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि यातायात माह इसलिए मनाया जाता है कि दुर्घटना में कमी हो तथा यातायात नियम तोड़ने पर किया जाने वाले चालान का उद्देश्य दंडात्मक नहीं है, बल्कि इसे सुधार के रूप में किया जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन के मूल्य को देखते हुए आप लोग इसका पालन करना चाहिए। दुर्घटना का मुख्य कारण ट्रैफिक नियमों का पालन न करना है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, यातायात पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला, पीटीओ दीप्ती त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने विद्युत ट्रांसफार्मर वर्कशॉप का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/उरई (जालौन)।** सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज ट्रांसफार्मर वर्कशॉप का औचक निरीक्षण किया और वहां की मरम्मत प्रक्रिया की गुणवत्ता परखते हुए अधिकारियों को कड़ी हिदायतें दीं। इस दौरान, उन्होंने किसानों के खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत को प्राथमिकता पर करने का निर्देश दिया, ताकि वे समय पर सिंचाई कर सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को जानकारी दी गई कि वर्कशॉप में 199 खराब ट्रांसफार्मर रखे गए हैं, जिनमें से अब तक 80 ट्रांसफार्मर रिपेयर किए जा चुके हैं। एक दिन में केवल 25 ट्रांसफार्मर की मरम्मत की जा रही है, जिससे प्रक्रिया में धीमी गति देखी जा रही है। जिलाधिकारी ने डिप्टी कलेक्टर मनोज को तैनात करते हुए खराब ट्रांसफार्मरों की मरम्मत को दो शिफ्टों में करने के आदेश दिए, ताकि प्रगति में सुधार किया जा सके। वर्कशाप उरई में उपस्थित निजी नलकूफ उपभोक्ताओ को आज ही 24 ट्रांसफार्मर वितरण किये गये हैं।

## कोई भी बूथ और कोई भी वर्ग सक्रिय सदस्यों से अछूता न रह जाए- ब्रजकिशोर गुप्ता



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के जिला स्तरीय सक्रिय सदस्यता का सत्यापन कार्य जिला सक्रिय सदस्यता सत्यापन अधिकारी ब्रजकिशोर गुप्ता के दिशा-निर्देश में सम्पन्न हो रहा है।
जिला सत्यापन कार्य में जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, राघवेन्द्र सिंह, तीरथ तिवारी, जिला सह सदस्यता प्रमुख आलोक पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी सहभागी रहे। जिला सत्यापन प्रमुख ब्रिजकिशोर गुप्ता ने कहा कि 2047 में विकसित भारत निर्माण के संकल्प के साथ हम निरन्तर बढ़ रहे हैं। मजबूत भारत के लिए सशक्त भाजपा जरूरी है। ज्यादा से ज्यादा लोगो को सक्रिय सदस्य बनाकर भाजपा परिवार से जोड़ें। कोई भी बूथ और कोई भी वर्ग सक्रिय सदस्यों से अछूता न रह जाए। सक्रिय सदस्य हर वर्ग हर जाति से बने। प्रत्येक कार्यकर्ता सक्रिय सदस्यता का फार्म भरकर उसकी पावती जरूर ले। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओ से संवाद करते हुए कहा कि मण्डल के प्रत्येक बूथ पर सक्रिय सदस्य बनाना है। दिनेश तिवारी, हरिओम करवरिया, पंकज अग्रवाल, ब्रजेश पाण्डेय, हीरो मिश्रा, छोटा गुप्ता, घनश्याम पटेल के साथ समस्त कार्यकर्ता सहभागी रहे।

### दबंगों ने तालाब में कर लिया अवैध कब्जा

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के बघौड़ा गांव के प्रधान रामआसरे तिवारी ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत में गडही तालाब में अराजक तत्वों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने बताया कि तालाब का रकबा लगभग 30 बिस्वा है। जिसमें पानी भी भरा रहता है। इसके बावजूद गांव के दबंग मुन्नालाल, महेश्वरी प्रसाद व दिनेश चन्द्र ने तालाब की लगभग 10 बिस्वा जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत की थी। जिसके बाद राजस्व टीम ने मौके पर जाकर पैमाइश की थी, किंतु अब तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया है। इसके चलते दबंगों ने अवैध कब्जे वाले स्थान में नलकूप भी लगा लिया है। इसकी शिकायत करने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, किंतु दबंगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मंगलवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड में पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया। उन्होंने शस्त्रों को देखा तथा पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा में वाहनों की भी जांच की। साथ ही पीआरवी वाहनों में रखे पुराने उपकरणों को बदलने के निर्देश दिए। इसके बाद अपर एसपी ने मैस, बैरिक, सीपीसी कैन्टीन, आरओआईपी डायल 112, रेडियो कन्ट्रोल रूम, क्वार्टर गार्द, स्टोर रूम का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# महिंद्रा ट्रैक्टर ऐजेंसी में लगी आग से तीन करोड़ का सामान जलकर हुआ खाक

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)

मंगलवार की अलसुबह जब सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे उसी दौरान जालौन रोड स्थित महिंद्रा ट्रैक्टर ऐजेंसी में लगी भीषण आग लगने से लगभग तीन करोड़ रुपए का सामान जल कर खाक हो गया। गनीमत यह रही समय से फायर बिग्रेड की गाड़ी ने पहुंचकर एजेंसी में लगी आग को बुझाने में सफलता प्राप्त कर ली थी जिससे कुछ नुकसान होने से बच गया। मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के जालौन रोड स्थित तीन मंजिला भवन में महिंद्रा ट्रैक्टर ऐजेंसी है जिसके वेसमेंट में टीवीएस मोटर साइकिल का सर्विस सेंटर संचालित होता है। बताया जाता है कि टीवीएस के




सर्विस सेंटर में विद्युत शॉर्ट शर्किट से प्रातः चार बजे आग लग गयी जब वहां से धुआं बाहर निकला तो प्रातः मार्निग वॉक पर निकले लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने महिंद्रा ट्रैक्टर ऐजेंसी के मालिक राघवेंद्र सिंह उर्फ भाईजी को मोबाइल पर सूचना दी इसके बाद उन्होंने अपने कर्मियों को घटना की जानकारी दी तो थोड़ी ही देर में फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गयी जहां दमकल कर्मियों ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद महिंद्रा ट्रैक्टर ऐजेंसी के तीन मंजिला भवन में लगी आग पर काबू पाया। तब तक आग की लपटें तीनों मंजिल में पहुंच चुकी थी जिसमें वेसमेंट में संचालित टीवीएस सर्विस सेंटर में सर्विस के लिये रखी लगभग आधा सैकड़ा दोपहिया वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गये थे जबकि दर्जन भर दोपहिया वाहनों को किसी तरह से वेसमेंट से बाहर निकाल लिया गया था जिससे उनमें नुकसान नहीं हो पाया। इसके अलावा दूसरी व तीसरी मंजिल में भी रखा सामान भी आग की भेंट चढ़ चुका था। महिंद्रा ट्रैक्टर ऐजेंसी के मालिक राघवेंद्र सिंह उर्फ भाईजी ने बताया कि उक्त आगजनी की घटना में लगभग तीन करोड़ रुपये का नुकसान होने की संभावना जता रहे थे।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जालौन स्थान-उरई

पत्रांक : सी०एम०ओ०/जन्म-मृत्यु/प्रचार-प्रसार/प्रेस वि०/2024-25/4460 | दिनांक: 30.10.2024

**जनपद वासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं**

**प्रदेश में पैदा होने वाले प्रत्येक बच्चे एवं घटित होने वाली प्रत्येक मृत्यु का पंजीकरण कानूनन अनिवार्य है। यह आप और हमारे संयुक्त प्रयास से संभव है। शत-प्रतिशत पंजीकरण भावी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं अन्य योजनाओं को बनाने का मुख्य आधार है। आगे आये और पंजीकरण में सहयोग करें।**

- जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण कानूनन अनिवार्य है।
- जन्म/मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अंदर कराकर निशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
- जन्म/मृत्यु का पंजीकरण उसके घटित होने के स्थान पर स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु) से कराएं।
- जन्म का पंजीकरण बच्चे का अधिकार है।

''जीवन और पहचान दो,
मेरे ये अधिकार दो,
शिक्षा नौकरी और अधिकार,
जन्म प्रमाण पत्र सब का आधार,
शिशु के जन्म पर मंगल गाओ,
जन्म पंजीकरण तुरंत कराओ''

**जन्म अथवा मृत्यु की सूचना किसे दें?**

01. **ग्रामीण क्षेत्र रजिस्ट्रार** :- प्रत्येक ग्राम पंचायत में होने वाले जन्म मृत्यु के पंजीयन के लिए ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (ग्राम पंचायत एवं उसके अधीन आने वाले समस्त राजस्व ग्रामों के लिए)।
1. **शहरी क्षेत्र रजिस्ट्रार**:- अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायत के भीतर होने वाले जन्म मृत्यु के पंजीयन के लिए।

**-:रजिस्ट्रीकरण प्रकिया:-**

(अ) जन्म अथवा मृत्यु के 21 दिनों के अदंर सूचना देने पर - सूचनादाता द्वारा सूचना उपलब्ध करायें जाने पर रजिस्ट्रार, उपकेन्द्र स्तर पर ए0एन0एम0 ग्राम पंचायत स्तर ग्राम पंचायत अधिकारी,/ ग्राम विकास अधिकारी द्वारा रजिस्ट्रीकरण के तत्काल बाद नि:शुल्क जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

(ब) 21 दिन के पश्चात परन्तु 30 दिनों के अन्दर सूचना देने पर- सम्बंधित रजिस्ट्रार द्वारा रू0 2.00 (रूपया दो मात्र) विलम्ब शुल्क लेकर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा।

(स) 31 दिन से 1 वर्ष के अदर सूचना देने पर- सम्बन्धित रजिस्ट्रार द्वारा रू. 5.00 (रूपया पांच मात्र) विलम्ब शुल्क तथा नोटरी (हलफनामा) के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (शहरी क्षेत्र के लिये) तथा जिला पंचायत राज अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र के लिये) की अनुमति से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जायेगा।

(द) 1 वर्ष के बाद सूचना देने पर- सम्बन्धित रजिस्ट्रार द्वारा रू 10.00 (रूपया दस मात्र) विलम्ब शुल्क तथा उप जिलाधिकारी (एस0 डी0एम0) के लिखित आदेश पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जाएगा।

**(डा. एन.डी. शर्मा)**
अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्य)/
मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जालौन

**(राजेश कुमार पाण्डेय)** आई.ए.एस.
जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्य)/ जिलाधिकारी
जालौन


# जिले में 413 गौशालाओं में 42 हजार से अधिक गौवंश

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)




उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, सदस्य राजेश सिंह ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की गौशालाओं की व्यवस्था के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया। इस प्रस्तुतीकरण के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने अपने प्रयासों के बारे में जानकारी दी और गौवंशों की बेहतर देखभाल के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।
गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने सबसे पहले गौशालाओं की निगरानी के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से गौशालाओं के केयरटेकर से संवाद भी किया और वहां की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिले में निराश्रित गौवंशों के लिए गौशालाओं और गौ आश्रय स्थलों की निगरानी लगातार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनपद में कुल 413 गौशालाएं और अस्थायी गौ आश्रय स्थल स्थापित किए गए हैं, जिनमें 42 हजार से अधिक गाय और नंदी रह रहे हैं। इन गौशालाओं में 82 नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो निराश्रित गौवंशों की समस्याओं से किसानों और आम नागरिकों को निजात दिलाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। इसके अलावा, जिला प्रशासन ने सड़कों और खेतों में घूम रहे निराश्रित गौवंशों के ब्लॉक स्पॉट को चिन्हित किया है और इन पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कैटल कैचर के माध्यम से इन गौवंशों को पकड़कर गौशालाओं और अस्थायी गौ आश्रय स्थलों में भेजा जा रहा है। साथ ही, इन गौशालाओं में 24 घंटे केयरटेकरों की तैनाती की गई है, ताकि गौवंशों की देखभाल सुनिश्चित की जा सके। केयरटेकरों के नाम और मोबाइल नंबर को बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया है, ताकि किसी भी नागरिक को किसी भी समय जानकारी मिल सके। गौशालाओं में गौवंशों की देखभाल के लिए भूसा, हरा चारा और पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही, गौशालाओं के मुख्य द्वार, चरही और भूसा घर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि इनकी निगरानी की जा सके। सभी गौशालाओं और गौ आश्रय स्थलों की 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिससे कर्मचारियों द्वारा गौशालाओं की नियमित निगरानी की जा रही है। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने इस व्यवस्था को सराहते हुए इसे पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श मॉडल बताया।



### झामुमो-कांग्रेस-सीपीएम का संयुक्त घोषणा...

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान दो चरणों में कराए जाने हैं। 13 और 20 नवंबर को मतदान होने हैं। ताजा घटनाक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया है। घोषणा पत्र में सरना धर्म कोड... पढ़ें पेज 12 पर...

# छठ पर रहें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, नदियों-तालाबों का पानी स्वच्छ हो: मुख्य सचिव



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को छठ पूजा, पराली, धान खरीद आदि के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। छठ पूजा के दौरान घाटों की सफाई, स्वच्छता और सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किया जाए। छठ पूजा के दौरान नदियों व तालाबों आदि का जल स्वच्छ हो और ठोस अपशिष्ट का प्रवाह न हो। निकायों के द्वारा घाट के पास पर्याप्त संख्या में स्नान घर, मोबाइल टॉयलेट, पोर्टेबल टॉयलेट, पेयजल व चेंजिंग रूम की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि घाटों पर बैरिकेडिंग कराएं। आकस्मिक स्थिति के लिए अस्पतालों में बेड आरक्षित रखें। कुशल तैराक व गोताखोर की व्यवस्था जन सहयोग के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। पार्किंग की व्यवस्था की जाए। घाटों के आसपास आतिशबाजी नहीं होनी चाहिए। सीसीटीवी व ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाए। डीएम एवं एसपी द्वारा भी पूजा स्थलों का निरीक्षण किया जाए। इस दौरान डीजीपी प्रशांत कुमार, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस. गर्ग, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, प्रमुख सचिव सहकारिता महेंद्र प्रसाद अग्रवाल, प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र, प्रमुख सचिव पंचायतीराज नरेंद्र भूषण, सचिव कृषि अनुराग यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए करें जागरूक

उन्होंने कहा कि आलू उत्पादन करने वाले क्षेत्रों में डीएपी की मांग बढ़ेगी, जो पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कृषि एवं सहकारिता विभाग इसे ध्यान में रखकर डीएपी का अलाटमेंट करे। फर्टिलाइजर को लेकर संवेदनशील जिलों की विशेष निगरानी करें। कहीं से भी तस्करी व कालाबाजारी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। पराली जलाने की घटनाओं को लेकर डीएम सतर्क रहें। जहां ज्यादा घटनाएं हो रही हैं, वहां लोगों को जागरूक करें। इसके बावजूद नहीं मानने वालों पर कार्रवाई की जाए। धान क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। समय पर किसानों का भुगतान करें।

# योगी सरकार ने आरओ-एआरओ और पीसीएस प्री परीक्षा की तारीख घोषित की

- प्रदेश के 41 जिलों में 7 और 8 दिसंबर को दो पालियों में होगी पीसीएस प्री की परीक्षा
- 22 और 23 दिसंबर को तीन पालियों में होगी आरओ-एआरओ की परीक्षा



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार ने लंबे समय से आरओ-एआरओ प्री और पीसीएस प्री की परीक्षा की नई तारीख का इंतजार कर रहे लाखों अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अनुसार आरओ-एआरओ की परीक्षा 22 और 23 दिसंबर को तीन शिफ्टों में होगी जबकि पीसीएस प्री परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को दो सत्रों में होगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 7 और 8 दिसंबर को किया जाएगा। यह परीक्षा प्रदेश के 41 जिलों में दो सत्रों में होगी। परीक्षा का पहला सत्र सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगा। वहीं आरओ-एआरओ (समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी) प्री की परीक्षा 22 और 23 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कुल तीन शिफ्टों में आयोजित कराई जाएगी।

### 22 दिसंबर को दो शिफ्ट में होगी परीक्षा

आरओ-एआरओ प्री की परीक्षा पहली और दूसरी शिफ्ट 22 दिसंबर को होगी, जिसमें पहली शिफ्ट सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीं तीसरी शिफ्ट 23 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगी। इस परीक्षा के लिए 10.76 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के अनुसार, यदि एक पाली में 5 लाख से अधिक परीक्षार्थी होते हैं तो परीक्षा को कई पालियों में आयोजित करना अनिवार्य हो जाता है। इसी कारण इस परीक्षा को तीन शिफ्टों में बांटा गया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### प्रधान प्रतिनिधि को कोतवाल ने थूक चाटने पर किया मजबूर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति को कथित तौर पर अराजकता फैलाने के लिए पुलिस ने अपना थूक चाटने के लिए मजबूर किया। पुलिस अधीक्षक रायबरेली यशवीर सिंह ने कहा कि आरोपों की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा की जा रही है और उनकी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। रायबरेली के पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नसीराबाद इलाके में एक ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि को अधिकारियों की अनुमति के बिना आयोजित एक नौटंकी कार्यक्रम के दौरान अराजकता फैलाने के लिए पुलिस ने कथित तौर पर अपना थूक चाटने के लिए मजबूर किया था।शराब के नशे में लोगों द्वारा दुष्कर्म की शिकायत के आधार पर पुलिस पहुंची।नसीराबाद के कपूरपुर गांव के मुखिया के प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने 30 अक्टूबर को बिना अनुमति नौटंकी कार्यक्रम का आयोजन किया था। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने और उनके साथियों ने शराब के नशे में लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया और हंगामा किया। आरोपियों ने पुलिस टीम के साथ भी दुर्व्यवहार किया, जिसके बाद सुशील शर्मा समेत पांच लोगों को हिरासत में लिया गया।सुशील शर्मा ने कहा कि पुलिस टीम देर रात गांव पहुंची और नाटक रोकने को कहा।उन्होंने दावा किया कि उन्हें और चार अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया और स्थानीय पुलिस स्टेशन में उन पर हमला किया गया और उन पर थूका गया। उन्होंने नसीराबाद कोतवाल शिवकांत पांडे पर उनसे 2 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का भी आरोप लगाया। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

### उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वाधिक नामांकन कर रचा इतिहास

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ ।** वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट में उत्तर प्रदेश ने देशभर में सर्वोच्च स्थान हासिल कर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। निदेशक माध्यमिक शिक्षा, डॉ. महेंद्र देव ने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश ने 45,24,559 नामांकन कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पिछले वर्ष वीरगाथा 3.0 प्रोजेक्ट में प्रदेश का नामांकन 39 लाख था, जो इस बार 6,24,559 की वृद्धि के साथ बढ़कर 45,24,559 तक पहुंचा। अभूतपूर्व वृद्धि प्रदेश की स्कूली शिक्षा और छात्रों की सक्रिय भागीदारी का प्रमाण है।वीरगाथा प्रोजेक्ट रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का एक संयुक्त कार्यक्रम है, जिसे वर्ष 2021 में गैलेंट्री अवार्ड्स पोर्टल जीएपी के अंतर्गत शुरू किया गया था। इस परियोजना का उद्देश्य स्कूली छात्रों के बीच वीरता पुरस्कार विजेताओं और सशस्त्र बलों के कर्मियों के बहादुरी के कार्यों और उनकी प्रेरणादायक कहानियों को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों से रचनात्मक गतिविधियों जैसे कविताएं, निबंध, कहानियां, पेंटिंग्स और वीडियो आदि में भागीदारी के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। वर्ष 2024-25 में वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट के तहत 16 सितंबर से 31 अक्टूबर तक स्कूली छात्रों के ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए थे। उत्तर प्रदेश ने अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से दिल्ली और बिहार जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# यूपी के 22 जिलों से होकर गुजरेगा गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस वे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भाग से पूर्वांचल को जोड़ने के लिए गोरखपुर-शामली एक्सेस कंट्रोल ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण इसी साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के बीच यात्रा को सुविधाजनक बनाना है।भारत सरकार के महत्वाकांक्षी %भारतमाला परियोजना% के अंतर्गत विभिन्न राज्यों को जोड़ने की कवायद की जा रही है. इस परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश के 22 जिलों के बीच एक मजबूत कनेक्टिविटी के लिए गोरखपुर से शामली तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।यह एक्सप्रेसवे करीब 700 किमी लंबा होगा, जो इसे यूपी का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे बना देगा. इसका निर्माण गंगा एक्सप्रेसवे से भी बड़ा होगा। दिसंबर 2024 में बनने वाला गंगा एक्सप्रेसवे भी यूपी का सबसे लंबा सड़क मार्ग होगा, जिसे प्रयागराज महाकुंभ से पहले जनता को समर्पित किया जाएगा।इससे हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों के साथ उत्तर प्रदेश की दूरी काफी कम होगी।परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 35000 करोड़ रुपये है।केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लखनऊ में इसकी घोषणा की थी। इस लागत से गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक 6-लेन का ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाया जायेगा। गोरखपुर से शामली तक के लिए भी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का प्रस्ताव है, जिससे क्षेत्र का विकास होगा।गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे गोरखपुर, संतकबीरनगर, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, बहराइच, लखनऊ, अयोध्या, सीतापुर, शाहजहांपुर, हरदोई, बदायूं, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, और शामली जिलों से होकर गुजरेगा। यह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश का तीसरा सबसे बड़ा आर्थिक कॉरिडोर होगा, जो राज्य के 22 जिलों और 37 तहसीलों से होकर गुजरेगा। इन जिलों में व्यापारिक गतिविधियों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति मिलेगी। गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे से यात्रा का समय बेहद कम होगा।अभी गोरखपुर से शामली तक की यात्रा में करीब 15 घंटे लगते हैं, लेकिन इस एक्सप्रेसवे के बन जाने के बाद समय घटकर केवल 8 घंटे रह जाएगा। परियोजना यातायात में क्रांतिकारी सुधार लाने में सहायक साबित होगी।गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे को एक आपातकालीन सड़क मार्ग के रूप में भी विकसित किया जा रहा है, जिसमें हवाई पट्टी का निर्माण किया जाएगा।यह विशेष रूप से सीमावर्ती सुरक्षा और तात्कालिक संकट के समय सहायता में काम आएगा। नेपाल और चीन को जोड़ने वाला एक नया ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर भी प्रस्तावित है, जो इस क्षेत्र की रणनीतिक और व्यापारिक अहमियत को बढ़ाएगा।इस एक्सप्रेसवे के किनारे एक ग्रीन कॉरिडोर बनाने की योजना भी बनाई जा रही है। सड़क मार्ग के किनारे हजारों पेड़ और झाड़ियां लगाई जाएंगी, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहेगा।

# अवैध कब्जेदारों की कमर तोड़ती नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की ताबड़तोड़ कार्रवाई



- सरकारी भूमि पर निर्माण करवाने वाले अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर

**जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशन में नगर निगम द्वारा अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमियों/संपत्तियों को कब्ज़ा मुक्त करवाये जाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। जहां नगर निगम के राजस्व टीम द्वारा लगातार एक के बाद एक बड़ी कार्यवाहियों को अमल में लाया जा रहा है। वहीं सोमवार को भी कुछ अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध एफआईआर की कार्यवाही को अमल में लाया गया है।

सुभाष चन्द्र कौशल लेखपाल निगम, लखनऊ द्वारा थाना सुशांत गोल्फ सिटी में तहरीर देते हुए कहा कि संजय हिरवानी, उस्मान उर्फ लल्लन व राज कुमार पुत्र मैकू लाल के विरूद्ध उक्त आपराधिक कृत्यों एवं शासकीय भूमि को क्षति पहुँचाने तथा सरकारी भूमि में अवैध रूप से निर्माण कर शासकीय भूमि को क्षति पहुँचाने तथा विधायिका द्वारा बनाये गये कानून का उल्लंघन करके घोर आपराधिक कृत्य किया गया है, जिसके विरूद्ध लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा-2/3 एवं अन्य विधि की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत उपरोक्त अपचारियों प्रथम प्र-सूचना रिपोर्ट दर्ज कर उक्त अपचारी के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जानी आवश्यक है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हरिहरपुर, तहसील सरोजनीनगर जनपद लखनऊ में दीपावली के अवकाश का लाभ उठाकर नगर निगम में निहित भूमि गाटा संख्या 209, 211 व 632 के अंश भाग पर प्रॉपर्टी डीलरों ने अपने पेशेवर अंदाज में सरकारी भूमि में अवैध निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया। जिनके विरुद्ध दिनांक सोमवार को देर रात उनके आपराधिक कृत्यों के विरुद्ध थाना सुशांत गोल्फ सिटी में प्रथम प्र - सूचना रिपोर्ट अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश के अनुक्रम में दर्ज कराई गई।

# डीसीपी ने अस्ती चौकी का किया लोकार्पण, एडीसीपी एसीपी बीकेटी सहित अन्य पुलिस अधिकारी रहे मौजूद



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन क्षेत्र के बीकेटी थाना अंतर्गत अस्ती चौकी का लोकार्पण डीसीपी उत्तरी आर एन सिंह ने मंगलवार को किया। बता दें कि इस मौके पर एडीसीपी जितेन्द्र दुबे, एसीपी बीकेटी ऋषभ रूणवाल, बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक व अतिरिक्त निरीक्षक, महिगवां थाना प्रभारी सहित अन्य कई ग्राम प्रधान जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहें। इस दौरान उत्तरी जोन डीसीपी आर एन सिंह ने फीता काटकर अस्ती चौकी का लोकार्पण किया। अस्ती पुलिस चौकी बनने से जो दूरदराज गांवों के ग्रामीण व अस्ती वासियों को काफी राहत एवं सुविधा मिलेंगी।

# बीकेटी एसडीएम ने धान क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

- धान क्रय केन्द्रों पर एसडीएम ने किसानों से की बातचीत, एसडीएम ने किसानों से लिया फीडबैक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब क्षेत्र में स्थित धान क्रय केंद्र का उपजिलाधिकारी बीकेटी ने निरीक्षण कर जायज़ा लिया। बता दें कि मंगलवार बीकेटी एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी ने धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर धान केन्द्र प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। वहीं धान क्रय केन्द्रों में साफ़ सफाई तथा धान की सफाई पावर डस्टर द्वारा किए जाने के लिए निरीक्षण पंजिका में निर्देशित किया। बीकेटी क्षेत्र के सरकारी धान क्रय केन्द्रों का उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने किसानों से फीडबैक लिया। वहीं किसान भौली गांव निवासी संत बख़्श सिंह ने बताया कि वह केन्द्र में 28 कुंटल धान बेचने आए हैं लेकिन उनका वेरीफिकेशन नहीं हो रहा हैं। उपजिलाधिकारी ने उनका तत्काल वेरीफिकेशन करवाया तब धान क्रय किया गया, देवरी रुखारा गांव निवासी रामदयाल मौर्य ने भी 25 कुंटल धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जहां उन्होंने अब तक क्रय किए गए धान के स्टाक की जानकारी ली। जहां बीते कल 81 कुंटल 20 किलो धान क्रय किया गया। वहीं मंगलवार को 47.20 कुंटल धान क्रय किया गया। उपजिलाधिकारी ने क्रय किए गए धान को राइस मिल को मूवमेंट पर अधिकारी को सूचित करने के लिए निर्देशित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बख्शी का तालाब क्षेत्र में 7 धान क्रय केंद्र बनाए गए है, जिसमें पीसीएफ के 4 दौलतपुर,पहाड़पुर, सिंहामऊ और अस्ती तथा खाद्य विभाग के तीन धान क्रय केंद्र बख्शी का तालाब ,इटौंजा तथा भीखमपुर महिंगवा आदि हैं।प्रत्येक धान क्रय केंद्र को 13 हजार कुंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा गया हैं।

# ग्रीन महाकुंभ: महाकुंभ में रोपित किए जायेंगे 2 लाख 71 हजार पौधे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- धरातल पर उतर रहा है सीएम योगी के ग्रीन महाकुंभ का संकल्प
- 29 करोड़ के बजट से 1.49 लाख पौधे रोपित कर रहा है वन विभाग, ग्रीन बेल्ट में तब्दील हो रही है सरस्वती हाईटेक सिटी
- शहर की तरफ जाने वाली 18 सड़कों के दोनों किनारों में विकसित हो रही हैं हरित पट्टीकाएं
- शहरी क्षेत्र के अंदर 61 हजार पौधे रोपित करने की नगर निगम और प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तैयारी



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम तट पर जनवरी 2025 से लगने जा रहे महाकुंभ की तैयारियां पूरी गति से चल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ को दिव्य, भव्य, स्वच्छ और हरित स्वरूप देने के लिए कुंभ मेला प्रशासन के सभी विभाग इसमें अपना योगदान कर रहे हैं। महाकुंभ को हरित कुंभ का स्वरूप देने के लिए कुंभ क्षेत्र को पॉलीथीन मुक्त रखा जाएगा तो वहीं कुंभ क्षेत्र के बाहर हरित पट्टिकाओं का विकास किया जा रहा है। इस प्रयास से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी धरातल पर उतर रहा है। सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है कि महाकुंभ 2025 में प्रयागराज स्वच्छता का मॉडल बने। महाकुंभ स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी एक उदाहरण बने इसके लिए सामूहिक प्रयास किया जा रहा है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए वन विभाग, नगर निगम और प्रयागराज विकास प्राधिकरण मेगा प्लांटेशन अभियान चला रहे हैं । अभियान के अंतर्गत 2 लाख 71 हजार पौधे रोपित किए जा रहे हैं। प्रभागीय वनाधिकारी प्रयागराज अरविंद कुमार का कहना है कि वन विभाग इस अभियान के अंतर्गत 29 करोड़ के बजट से 1.49 लाख पौधे रोपित करने जा रहा है। इसमें सरस्वती हाईटेक सिटी में 20 हेक्टेयर में 87 हजार पौधे रोपित हो रहे हैं। यहां सब्जी ब्लॉक में सघन रोपण किया जा रहा है। इसमें छोटे और बड़े दोनो तरह के पौधे रोपित हो रहे हैं।

### 18 सड़कों में भी विकसित हो रही हैं ग्रीन बेल्ट

वन विभाग जिले की सड़कों के दोनो तरफ भी पौध रोपण का अभियान चला रहा है। शहर की तरफ आने वाले 18 सड़कों में भी सघन पौधारोपण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 50 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। सड़कों के बाहर दोनों तरफ कदम्ब, नीम, अमलताश जैसे पौधों का रोपण किया जा रहा है। शहर के कुछ हिस्सों में भी वन विभाग की तरफ से पौध रोपण किया जा रहा है। शहर के अंदर हरित पट्टिकाओं को विकसित करने की जिम्मेदारी नगर निगम प्रयागराज और प्रयागराज विकास प्राधिकरण को दी गई है। नवंबर के आखिर तक इन ग्रीन पट्टियों के विकसित करने का कार्य पूरा हो जायेगा।


### सम्मन तनकीह

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय महोदय रायबरेली**

वैवाहिक वाद संख्या: 523/2024

तारीख पेशी: 19/11/2024

राजीव सिंह उम्र 46 वर्ष पुत्र राजा नारायण सिंह निवासी ग्राम चमपटौधन पोस्ट-मुरैठा थाना गदागंज, तहसील डलमऊ जिला रायबरेली

...वादी

बनाम

1. श्रीमती कंचन सिंह आयु 43 वर्ष पत्नी राजीव सिंह पुत्री स्व0 रामसिंह निवासिनी ग्राम गंगेहटी पोस्ट मधुपुर जिला प्रतापगढ़ वर्तमान पता डस्प्ळ 4/711 सेक्टर एच0, जानकीपुरम थाना-गुडम्बा, तहसील सदर, जिला-लखनऊ

2 राकेश यादव उम्र 30 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश यादव निवासी 179 नियर भुईयन देवी मन्दिर आदिल नगर थाना गुडम्बा जिला लखनऊ।

...प्रतिपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त वाद में राजीव सिंह ने दावा इस न्यायालय में अं0धा0-13 हिन्दु विवाह विच्छेद अधिनियम के अन्तर्गत आपके खिलाफ वाद दायर किया है जिसमें आपको सम्मन किया जाता है कि आप **दिनांक 19/11/2024** को 10 बजे सुबह कोर्ट में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब दे सकने में सक्षम हो कोर्ट में उपस्थित हो।

अत: आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते हैं तो, उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

जारी करने की तिथि: 10.10.2024

हस्ताक्षर,
श्रीमान प्रधान न्यायाधीश रायबरेली
कुटुम्ब न्यायालय
रायबरेली

# मत्स्य पालकों को विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का मिले लाभ: डॉ.संजय निषाद

- मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की किया समीक्षा, अधिकारी सत्य निष्ठा से कल्याणकारी योजनाओं क्रियान्वयन करें

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



मत्स्य विभाग मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा किया।बैठक में उन्होंने मत्स्य पालकों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना।तथा मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी भी ली।पट्टा धारकों को कैंप लगाकर केसीसी बनवाने का निर्देश देते हुए तहसील वार ट्रेनिंग कैंप लगवाकर मत्स्य पालकों को ट्रेनिंग देने को कहा।उन्होंने कहा कि जनपद में जो विकसित तालाब हैं, वह खाली ना रहे,उन्हें मत्स्य पालकों को आवंटित कर दिया जाए।उन्होंने कहा कि बैंक,विद्युत विभाग,नेडा आदि विभागों का मत्स्य विभाग के साथ अच्छा समन्वय रहना चाहिए। जिससे की योजनाओं को गति मिल सके।और लाभार्थियों को लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा मत्स्य विभाग की योजनाएं विशेष रूप से मत्स्य पालकों के लिए लाभकारी हैं।जिनका उद्देश्य रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है।मत्स्य क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं और लाभों की जानकारी और पात्रों को लाभान्वित करने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है।उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के बारे में कहा इस योजना का उद्देश्य मत्स्य उत्पादन को बढ़ाना,मछली पालन से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि करना और आर्थिक सुदृढ़ीकरण करना है।नीली क्रांति योजना का उद्देश्य मत्स्य क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी को बढ़ावा देना और मत्स्य पालन को ग्रामीण इलाकों में एक मुख्य व्यवसाय के रूप में स्थापित करना है।मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।ताकि वह अपना व्यवसाय बढ़ा सके।उन्होंने कहा कि अधिकारी सत्य निष्ठा, ईमानदारी के साथ कार्य करें,जिससे कि आम आदमी को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।उन्होंने कहा कि जो परंपरागत कार्य कर रहे हैं उनको सरकार के मत्स्य योजनाओं में प्राथमिकता दी जाए।जनता का पैसा जनता के विकास में ही लगाया जाए जिससे कि जरूरतमंद को उसका लाभ प्राप्त हो सके।और अमेठी प्रदेश में नई ऊंचाइयों को छू सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मत्स्य पालकों को बीमारी में इलाज की सुविधा भी सरकार द्वारा मुहैया कराई जा रही है।दैवीय आपदा के अंतर्गत सहायता राशि की भी व्यवस्था है।मछुआ समुदाय के बच्चों की शिक्षा के लिए अनुदान की भी व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है।बैठक में मंत्री ने मत्स्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस दौरान जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित मत्स्य विभाग के अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी ने चुरुआ हनुमान मंदिर में लिया आशीर्वाद, पूजा अर्चना कर देश की सुख शांति समृद्धि के लिए की प्रार्थना





**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली लोकसभा सांसद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने एक दिवसीय दौरे पर दिल्ली से स्पेशल विमान द्वारा लखनऊ पहुंचे लखनऊ से सड़क मार्ग होते हुए रायबरेली की ओर प्रस्थान किया रास्ते में बछरावां के चुरूआ हनुमान मंदिर में उन्होंने मंदिर में जाकर विधिवत पूजा अर्चना आरती की और देश की सुख समृद्धि शांति के लिए हनुमान जी से प्रार्थना की उसके बाद उनका काफिला बछरावां होते हुए हरचंदपुरपहुंचा वहां भी कांग्रेस के नेताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया उसके बाद सड़क मार्ग होते हुए उनका काफिला रायबरेली शहर डिग्री कॉलेज चौराहे पहुंचा वहां पर रायबरेली जिले के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया स्वागत करने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इलियास उर्फ मन्नी इंजीनियर दीपेंद्र गुप्ता पूर्व प्रत्याशी सदर विधानसभा डॉ मनीष सिंह चौहान विजय शंकर अग्निहोत्री निर्मल शुक्ला सैदुल हसन रमेश शुक्ला शशिकांत पांडेय पूर्व प्रत्याशी सुरेंद्र विक्रम सिंह श्रीमती सुधा द्विवेदी पद्मधर सिंह अशोक सिंह विनोद सिंह संजीव पांडे महिला जिला अध्यक्ष शैलजा सिंह सोमवती त्रिपाठी जे पी त्रिपाठी घनश्याम शुक्ला अतुल शर्मा राहुल वाजपेई आयुष द्विवेदी नन्हे सिंह मनीष सिंह अभय सिंह किरण मिश्रा वीरेंद्र यादवसेवादल के मुख्य संगठन कल्यांचंद श्रीवास्तव अपनी सेवा दल की टीम के साथ अपने नेता राहुल गांधी का स्वागत किया तत्पश्चात उन्होंने शहीद चौक में जाकर शहीदों को नमन किया नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए डिग्री कॉलेज चौराहेपरनवनिर्मित शहीद चौक का उद्घाटन किया उसके बाद आवश्यक दिशा की बैठक में सम्मिलित होने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर बचत भवन पहुंचे।

# मनुष्य को परमात्मा पर सदैव भरोसा करना चाहिए: पंडित रामशंकर दास शास्त्री

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**





जनपद के जामों विकास खंड अंतर्गत कल्याणपुर श्रीमत स्वामी परमहंस आश्रम पर कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया से कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी तक शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा महोत्सव के संरक्षक श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरिचैतन्य ब्रह्मचारी जी महराज के आशीर्वाद से संपन्न हो रही।श्रीमत् स्वामी परमहंस आश्रम कल्याणपुर में कथा व्यास पंडित रामशंकर दास शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान शिव से सती का वियोग हुआ।और आगे चलकर राम पर शंका करने के कारण सती को शरीर त्यागना पड़ा।अतः मनुष्य को परमात्मा पर सदैव भरोसा करना चाहिए।भगवान शिव भगवान राम के अनन्य भक्त हैं।और अनन्यता के साथ भगवान का स्मरण करते हैं।शतचंडी महायज्ञ एवं राम कथा के मंगलवार को मुख्य यजमान चन्द्रमौलि सिंह प्रवक्ता भाजपा रहे।शतचंडी महायज्ञ आचार्य अभिषेक उपाध्याय,आचार्य प्रभाकर मिश्र,बाबा मनीष पंडित, आचार्य आयुष पांडेय द्वारा करायी जा रही है।

# रामलला को लगने लगी सर्दी, गर्म पानी से स्नान हुआ शुरू, भोग में रबड़ी और पोहे के साथ मेवे भी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मौसम में अब बदलाव शुरू हो गया है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री व न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। सुबह के समय कोहरा भी छाने लगा है, सिहरन होने लगी है। रात के समय भी ठंड का अहसास होने लगा है। ऐसे में रामलला को भी ठंड लगने लगी है।

इसलिए रामलला को गर्म पानी से स्नान कराया जा रहा है, उनके राग-भोग में भी बदलाव कर दिया गया है। राम मंदिर में रामलला पांच साल के बालक के रूप में विराजमान हैं। ऐसे में उनकी सेवा एक बालक के रूप में ही की जाती है।

जब-जब मौसम बदलता है तो उनके राग-भोग में भी बदलाव किया जाता है। राम मंदिर के अर्चक अशोक उपाध्याय ने बताया कि अब चूंकि मौसम में सिहरन शुरू हो गई है। सुबह-शाम ठंड होने लगी है, इसलिए बालक राम के राग-भोग में परिवर्तन कर दिया गया है।

बालक राम को सुबह 4-30 बजे ही जगाया जाता है और उन्हें स्नान कराया जाता है। उन्हें ठंड न लगे, इसलिए अब उन्हें गुनगुने पानी से स्नान कराया जाता है। साथ ही भोग में भी बदलाव किया गया है।

भोग में रबड़ी व पेड़ा दिया जा रहा है। ड्राई फ्रूट्स जैसे काजू, बादाम व पिस्ता भी दिया जा रहा है। बादाम व पिस्ता मिलाकर गर्म दूध दिया जा रहा है। भोजन में पूड़ी व हलुआ परोस रहे हैं। ठंड बढ़ने पर कुछ और बदलाव किए जाएंगे। गर्भगृह में अब कूलर नहीं चलाए जा रहे हैं। पंखे का उपयोग केवल दोपहर में ही किया जा रहा है। ठंड को देखते हुए रामलला की दर्शन अवधि में पहले ही बदलाव किया जा चुका है। जल्द ही रामलला को ऊनी वस्त्र भी पहनाना शुरू किया जाएगा।

# राहुल गांधी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

- 5367.88 लाख लागत के पीएम ग्राम सड़क योजना-3 के निर्मित मार्गों का किया लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**





मा0 संसद सदस्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र रायबरेली श्री राहुल गांधी अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान जनपद के डिग्री कॉलेज चौराहे पर नवनिर्मित शहीद चौक का लोकार्पण कर चौराहे पर मौजूद शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इसके पश्चात मा0 सांसद श्री राहुल गांधी ने कलक्ट्रेट परिसर के बचत भवन प्रांगण में पहुचकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में स्वीकृत एफ0डी0आर0 एवं कन्वेंशनल तकनीक द्वारा विधानसभा सरेनी, हरचन्दपुर व बछरावां की कुल लागत 5367.88 लाख से निर्मित 09 मार्गो का लोकार्पण किया। जिसकी कुल लम्बाई 70.900 कि0मी है।

इसके पश्चात मा0 संसद सदस्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र रायबरेली/मा0 नेता प्रतिपक्ष लोकसभा/मा0 अध्यक्ष ''दिशा'' समिति श्री राहुल गांधी एवं मा0 संसद सदस्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र अमेठी/मा0 सह-अध्यक्ष ''दिशा'' समिति श्री किशोरी लाल ने बचत भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति ''दिशा'' की बैठक की। बैठक में जिले के विकास से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) से सम्बन्धित समस्त योजनाओं का बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण किया। मा0 अध्यक्ष ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (हाउसिंग फार आल-अर्बन), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रमीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, समेकित बाल विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना, डिजिटल इण्डिया-भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, अवस्थापना सम्बन्धी कार्यक्रम, समन्वित ऊर्जा विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, आयुष्मान कार्ड, ई-नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट, जल प्रबन्धन कार्यक्रम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं पर गम्भीरतापूर्वक चर्चा की गई बैठक के दौरान मा0 जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री सड़क योजनान्तर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों का मुद्दा उठाया इसके अतिरिक्त पेयजल योजनान्तर्गत पाइपलाइन बोरिंग की भी चर्चा की गई। जिस पर मा0 अध्यक्ष श्री राहुल गांधी ने जिलाधिकारी को उक्त कार्यो को कराने के निर्देश दिये।

मा0 अध्यक्ष श्री राहुल गांधी ने जिलाधिकारी को सड़कों की मरम्मत, नहरों की सफाई व जिन-जिन क्षेत्रों व स्थानों में बारिश के समय जलभराव होता है उसी सभी क्षेत्रों व स्थानों पर पहले से जल निकासी व जलभराव जैसी समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में निराश्रित गौवंश पशुओं का चिन्हांकन करके उन्हें गौशालाओं में नियमानुसार भेजा जाए तथा गौशालाओं में पशुओं की देखरेख व चारा आदि की व्यवस्था की उपलब्ध बनी रहे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लिए जो प्रस्ताव शासन के लिए भेजा जाता है उसकी एक प्रति जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई जाये। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश के उद्यान,कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद (शिक्षक) श्री उमेश द्विवेदी,मा0 सदस्य विधान परिषद लखनऊ खण्ड (स्नातक) क्षेत्र श्री अवनीश कुमार सिंह, विधायक ऊँचाहार श्री मनोज कुमार पाण्डेय, विधायक सरेनी श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक बछरावां श्री श्याम सुन्दर भारती, विधायक सदर श्रीमती अदिति सिंह, विधायक हरचंदपुर श्री राहुल राजपूत, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय एवं अन्य सदस्यों सहित सभी जनपदीय स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

## धान क्रय, किसानों के पंजीकरण व सत्यापन तथा भंडारण हेतु नोडल अधिकारी नामित: डीएम

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जनपद में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत क्रय नीति विषयक शासनादेश एवं खाद्य तथा रसद अनुभाग-4 के प्रस्तर संख्या-35.3 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार धान खरीद वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद रायबरेली के प्रत्येक तहसील के उप जिलाधिकारी को धान क्रय, किसानों के पंजीकरण व सत्यापन तथा भण्डारण हेतु उनकी तहसील/परगना हेतु नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

**भाजपा नेताओं ने पुलिसिया कार्रवाई को बताया नाकाफी**

# जे पी सिंह व राजेश फौजी ने साथी के साथ पुलिसिया बर्बरता को बताया समाज एवं देश विरोधी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




लालगंज फौजी इंदल सिंह के साथ डलमऊ व घुरवारा पुलिस के द्वारा की गई बर्बर कार्यवाही मे भले ही पुलिस अधीक्षक रायबरेली ने चौकी इंचार्ज मलिक का ट्रांसफर कर दिया हो लेकिन आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय नेता जेपी सिंह और डलमऊ के मंडल अध्यक्ष महेंद्र पटेल ,भाजपा के ही जिला मंत्री राधेश्याम पाल, सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष राकेश सिंह फौजी, प्रांतीय संयोजक राजेश सिंह फौजी ने लालगंज के एक होटल में प्रेस वार्ता कर पुलिस की कार्यवाही की निंदा की और कहा कि एसपी के द्वारा चैकी इंचार्ज का ट्रांसफर सिर्फ बहकावा मात्र है। जब तक डलमऊ के क्षेत्राधिकारी अरुण नौनिहार और कोतवाल पवन सोनकर सहित अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाती है समाज का आक्रोश शांत नहीं होगा। भाजपा नेता जेपी सिंह ने कहा कि पुलिस का घिनौना कृत्य केवल एक फौजी के खिलाफ नहीं है बल्कि समाज विरोधी और बहुत ही निंदनीय कार्य है। जब पुलिस एक फौजी को नंगा करके पीट सकती है और करंट लगा सकती है तो वही पुलिस आम आदमी के साथ कैसा व्यवहार करेगी। उन्होने कहा कि यह सोचने भर से आम आदमी का कलेजा कांप उठता है। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रांतीय संयोजक राजेश सिंह फौजी ने भी एसपी के द्वारा की गई कार्यवाही को छलावा बताया है। भाजपा नेता जेपी सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित महामहिम राज्यपाल से की गई है। जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री के दरबार में जाकर भी शिकायत की जाएगी। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रांतीय संयोजक राजेश सिंह फौजी ने भी एसपी के द्वारा की गई कार्यवाही को छलावा बताया है। उन्होंने फौजी के साथ जुल्म करने वालों सभी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र पटेल ने भी कहा कि पुलिस का कृत्य घोर निंदनीय होने के साथ-साथ राक्षसों जैसा है। ऐसी मानसिकता के पुलिस कर्मी अगर डलमऊ क्षेत्र में रहेंगे तो जनता का जीना दूभर हो जाएगा।

**नमूना सूचना**

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय, पारिवारिक न्यायालय रायबरेली**

**मूल वाद सं0: 516/2024**
**तारीख पेशी: 13/11/2024**

राम जी पुत्र सावले प्रसाद निवासी बरई पुर, थाना कोतवाली नगर पर0 व तह0 जनपद रायबरेली

**....... प्रार्थी/वादी**

**बनाम**

श्रीमती शोभा कुमारी पत्नी राम जी पुत्री राम राज सोनकर निवासिनी मुराई टोला निकट रेलवे स्टेशन जनपद अयोध्या

**..... प्रतिवादिनी**

चूकि उपरोक्त वाद में राम जी ने दावा इस न्यायालय अं0 धा0 9 हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत आप के खिलाफ वाद दायर किया है जिसमे आप को सम्मन किया जाता है कि आप दिनांक 13.11.2024 सुबह 10 बजे कोर्ट में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आप के द्वारा दिये गये जबाब दे सकने में सक्षम हो-कोर्ट में उपस्थित हो अत: आप को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते है तो, उक्त आवेदन की सुनवायी एक पक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

जारी करने की तिथि:04.11.2024

**हस्ताक्षर,**
**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय रायबरेली**

# अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बच्चा बाबू को दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



लालगंज अमेठी सांसद और गांधी परिवार के प्रतिनिधि किशोरीलाल शर्मा ने आज लालगंज निवासी वरिष्ठ समाजसेवी सुनील कुमार सिंह बक्शी के आवास पर जाकर उनके दिवंगत पिता पूर्व चेयरमैन लालगंज सुरेश नारायण सिंह बच्चा बाबू को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान किशोरीलाल शर्मा ने शोकाकुल परिजनों से बातकर उन्हें ढांढस भी बंधाया। सांसद किशोरीलाल शर्मा का लालगंज पहुंचने पर लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेन्द्र गुप्ता ने नगर पंचायत तिराहे पर स्वागत किया और उनको रिसीव करके सुनील सिंह बक्शी के आवास पहुंचे। बच्चा बाबू का बीते दिनों निधन हो गया था। रायबरेली दौरे पर आए किशोरीलाल शर्मा आज सुबह सुनील सिंह के मेन रोड स्थित आवास पर पहुंचे और स्मृतिशेष बच्चा बाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्री शर्मा ने बच्चा बाबू के पुत्र सुनील और बबलू तथा अन्य परिजनों से बात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान कांग्रेस के अमेठी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेन्द्र गुप्ता, रोहित सिंह, वीके शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

**नियमों का उल्लंघन करने वालों पर हो कड़ी कार्यवाही: डीएम**

# यातायात सुरक्षा को लेकर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सभी स्टेक होल्डर्स विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। बैठक में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र तथा ब्लैक स्पॉट के चिन्हीकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।तथा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र व ब्लैक स्पॉट पर साइनेज बोर्ड,रबर स्ट्रिप,स्पीड ब्रेकर तथा लाइट आदि लगवाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।सम्बन्धित आधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर लें। बैठक में डीएम ने एआरटीओ तथा पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चला कर यातायात नियमों के संबंध में जनसामान्य को जागरूक करने तथा उल्लंघन किए जाने पर चालान आदि की कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालयों में सड़क सुरक्षा नियमों का अभिभावकों सहित जन सामान्य के मध्य व्यापक प्रसार प्रसार करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में सड़क के किनारे ट्रक आदि बड़े वाहन न खड़े हो इससे दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं अधिक होती हैं। वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा हो जिससे रात्रि में लोगों को वाहन चलाने में सुविधा न हो। वाहन चालकों का समय समय पर नेत्र परीक्षण हो,कोहरे के दृष्टिगत सड़कों पर साइनेज बोर्ड लगाने व साइड पट्टी बनाने को कहा।तथा सभी उपजिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को सड़कों पर अवैध अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाकर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।इसके साथ ही डीएम ने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं, ट्रिपलिंग ना करें,वाहन तेज गति से ना चलाएं,चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें,शराब पीकर वाहन कतई ना चलाएं,रात्रि में आवश्यक हो तो ही वाहन चलाएं।मध्य रात्रि में नींद लगने की ज्यादा संभावना रहती है उस समय वाहन ना चलाएं।डीएम ने कहा कि दिए गए निर्देशों का सभी अधिकारी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान एडीएम न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह,अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार,एआर टीओ सर्वेश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## किसानों के लिए डी ए पी की किल्लत...

मुंशीगंज किसान मंच कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में किसानों के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाअध्यक्ष राकेश बाजपेई ने कहा कि समूचे जनपद में किसान... शेष पेज 07 पर...

# आस्था के महापर्व छठ की नहाए खाए से हुई शुरुआत

- छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन एक्शन मोड में, अधिकारियों ने घाटों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर







पंचायत के अनुसार छठ पूजा मा पर की शुरुआत कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है वही इस त्यौहार का समापन सप्तमी तिथि को होता है। इस बार यह महापर्व 5 नवंबर से लेकर 8 नवंबर के बीच में मनाया जाएगा। महापर्व की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन एक्शन मोड में नजर आ रहा है। वहीं शहर के जनप्रतिनिधि भी घाटों पर पहुंचकर छठ पूजा को लेकर हो रही तैयारी का जायजा लेते हुए नजर आ रहे हैं। हर साल छठ पर्व और भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस खास मौके पर छठी मैया की विधि विधान से पूजा की जाती है छठ पूजा के दौरान चार दिनों तक सूर्य देव की विशेष पूजा करने की परंपरा है। इन चार दिनों में सेवा के दौरान साफ सफाई और पवित्रता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस विशेष अवसर पर पवित्र नदी में स्नान करने का विशेष महत्व होता है। छठी पर्व के दौरान महिलाएं दिन में एक बार ही भोजन करती हैं। दूसरे दिन को खरना कहा जाता है। इस दिन महिलाएं सूर्योदय से सूर्यास्त तक व्रत रखती हैं और पानी तक नहीं पीती हैं। तीसरे दिन भी निर्जला व्रत रखने का विधान है। और सूर्यास्त को अर्घ्य दिया जाता है। और छठ महापर्व के अंतिम दिन महिलाएं सुबह सूर्य को उषा अर्घ्य देती है। और शुभ मुहूर्त में व्रत का पारायण करती हैं। विधान के अनुसार छठ पूजा के दौरान बर्तन या पूजा सामग्री को किसी दूसरे के हाथ से नहीं छूना चाहिए माना जाता है कि ऐसा करने से व्रती का व्रत खंडित हो जाता है। पर्व के दौरान सात्विक भोजन करना ही श्रेष्ठ माना गया है। इस महापर्व के दौरान पुराने बर्तनों का प्रयोग वर्जित माना जाता है। इस महापर्व की शुरुआत दिवाली के 6 दिन बाद होती है।



### विमला देवी ने छठ महापर्व का महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि

यह सूर्य देव को समर्पित विशेष पर्व माना गया है। इस दौरान श्रद्धालु अपने प्रिय जनों की सुख समृद्धि और लंबी उम्र के लिए सूर्य देव व छठी मैया से प्रार्थना करते हैं। छठ पूजा के शुभ अवसर पर सूर्य देव और उनके पत्नी उषा प्रत्युषा की विधि पूर्वक उपासना करने का विधान माना जाता है। मान्यता है की पूजा करने से जाटों को छठी मैया की कृपा मिलती है। शास्त्रों में छठी मैया को संतानों की रक्षा करने वाली देवी माना जाता है। इसी वजह से छठ पूजा के दिन छठी मैया की पूजा का विशेष महत्व है।

### छठ पूजा के लिए उत्तर प्रदेश का इकलौता सूर्य मंदिर

- अरमापुर छठ पूजा घाट पर प्रदेश का एकमात्र सूर्य मंदिर स्थापित है। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां आकर छठ महापर्व के दौरान
- जो भी मनोकामना मांगी जाती है वह अवश्य ही पूर्ण होती है। मंदिर के पुजारी कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि इस सूर्य मंदिर का निर्माण



### ऐसे मनाया जाता है छठ महापर्व

5 नवंबर को नहाए खाए से हुई शुरुआत
6 नवंबर बुधवार को खरना
7 नवंबर गुरुवार को संध्या अर्घ्य
8 नवंबर शुक्रवार को उषा अर्घ्य

*वर्ष 2010 में आर्मपुर छठ पूजा समिति के संस्थापक तरुणी प्रसाद ने कराया था। तब से लगातार छठ महापर्व के दौरान यहां पर आकर श्रद्धालु पूजा अर्चन करते हैं।*

### पहली बार छठ पूजन कर रही पूनम

- छठी मैया का व्रत अत्यंत कठोर व्रत माना गया है। नहाए खाए से लेकर व्रत के परायण तक प्रतिदिन विशेष पकवान बनाए जाते हैं।
- छठ पूजा की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। इस दिन व्रती को किसी पवित्र नदी या तालाब में स्नान करना होता है । नहाय-खाय के दिन चावल, लौकी की सब्ज़ी, और कच्चा चना खाया जाता है। छठ पूजा के दूसरे दिन खरना होता है इस दिन गुड़ और चावल की खीर बनाई जाती है।
- खरना खाने के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है। छठ पूजा के पहले दिन शाम को सूर्यास्त से थोड़ा पहले छठ घाट पर जाकर सूर्य को अर्घ्य देना होता है। अर्घ्य देने के लिए बांस या पीतल की टोकरी या सूप का इस्तेमाल किया जाता है। पूजा की सामग्री के साथ ठेकुआ, मालपुआ, और अन्य व्यंजन भी भोग स्वरूप चढ़ाए जाते हैं। अविवाहित लड़कियां छठ पूजा में पारंपरिक सामग्री का इस्तेमाल करें, जैसे कि फल, गुड़, दूध, और ठेकुआ का प्रयोग किया जाता है। पूजा के लिए विशेष रूप से केले, आम, और नारियल का प्रयोग करना शुभ माना जाता है।

# पति की मौत का मुआवजा दिलाने को लेकर महिला के साथ हुई धोखाधड़ी

- कोर्ट के आदेश के बाद बैंक मैनेजर, सिपाही समेत तीन पर हुई एफआईआर हुई दर्ज

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




कानपुर शहर के बहुचर्चित रावतपुर स्टेशन पर काम कर रहे पति की मौत के बाद मिलने वाला मुआवजा दिलाने के नाम पर महिला के साथ ठगी करने वालों के ऊपर कोर्ट के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित महिला ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए वह काकादेव थाने कई बार गई लेकिन किसी ने उसी की एक न सुनी। आखिरकार थक हार कर उसने कोर्ट की शरण ली।

सूत्रों के मुताबिक सर्वोदय नगर लोहारन भट्ट की रहने वाली उमा भारती ने बताया कि उसके पति पप्पू भारती रावतपुर स्टेशन में काम करते थे। 24 सितंबर 2022 को स्टेशन में काम करते समय एक हादसे के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद उनके एक साथी जो की गंगागंज पनकी के रहने वाले हैं ने पति की जगह पर नौकरी लगवा देने और रेलवे से मुआवजे का पैसा दिलाने को लेकर रूपों की मांग की थी। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि एक महाभारत लेबर कोर्ट में मुकदमा दर्ज करने और सरकारी पेंशन दिलाने के नाम पर मुझे रुपए ले लिए और एक सादे कागजों वह स्टांप पेपर पर उसके और उसके परिवार के सदस्यों के दस्तखत करवा लिए। पीड़िता के मुताबिक लेबर कोर्ट ने उसे 6 लाख 12000 रुपए की चेक भी दी थी। साथ ही शाखा प्रबंधक को आदेश दिया गया था कि 3 लाख की एचडी 5 सालों के लिए कर दी जाए बाकी की रकम का भुगतान कर दिया जाए। इसके बाद मेरे बेटे को पांडू नगर स्थित सेंट्रल बैंक आफ इंडिया ले जाया गया।

अगले दिन जब महिला रुपए निकालने के लिए बैंक है तो तब उन्हें अपने साथ हुई धोखा घड़ी का पता चला।

महिला ने यह भी बताया कि इस पूरे मामले में काका देव चौकी में तैनात एक सिपाही भी शामिल है।

कोर्ट के आदेश के बाद धोखाधड़ी के मामले में बैंक मैनेजर सिपाही समेत तीन पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

वही काकादेव पुलिस मामले की छानबीन में जुड़ गई है।



# रेलवे सुरक्षा बल व कानपुर जीआरपी ने सेंट्रल स्टेशन पर संयुक्त रूप से चलाया चेकिंग अभियान

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



रेलवे सुरक्षा बल कानपुर सेंट्रल के प्रभारी निरीक्षक बुद्ध पाल सिंह व साथ एवं जीआरपी कानपुर सेंट्रल के इंस्पेक्टर ओम नारायण सिंह ने अपने स्टाफ के साथ संयुक्त रूप से मिलकर कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया और ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान दीपावली और छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया। इस दौरान यात्रियों के सामान की सघन जांच की गई ताकि कोई भी आपत्तिजनक या विस्फोटक सामग्री ट्रेनों या स्टेशन परिसर में न लाई जा सके। रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीमों ने यात्रियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। यात्रियों को यह अवगत कराया गया कि वे यात्रा के दौरान विस्फोटक पदार्थ अपने साथ न लाएं और अपने सामान की पूरी तरह से सुरक्षा करें। इसके अलावा, उन्हें किसी भी लावारिस वस्तु को न छूने की सलाह दी गई। यदि कोई लावारिस सामान दिखे, तो तुरंत इसकी जानकारी रेलवे अधिकारियों या सुरक्षा बलों को दें।

## पंद्रह वर्षीय किशोर ने किया था दो वर्षीय बच्चे को अगवा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

सेंट्रल स्टेशन से लापता हुए दो वर्षीय बच्चे को 15 साल के किशोर ने अगवा किया था। उसे पंचर बनाने वाले सॉल्युशन सूंघने की लत है, जिसके नशे के लिए कानपुर, उन्नाव और आसपास के क्षेत्र में अक्सर घूमता रहता था। घटना के दिन उसने बच्चे को उठाकर ऑटो से जाजमऊ क्षेत्र की ओर ले गया। उसकी लोकेशन सेंट्रल स्टेशन के साथ ही स्मार्ट सिटी और कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी फुटेज में आई, जिसके आधार पर पुलिस ने बच्चे को 22 अक्तूबर को बरामद कर लिया था। फुटेज में आरोपी बार बार रुमाल से कुछ सूंघता हुआ दिखाई दे रहा था। जीआरपी ने किशोर को मंगलवार को जाजमऊ क्षेत्र से पकड़ा और जुविनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने पेश किया, जहां से उसे बाल संप्रेक्षण गृह इटावा भेज दिया। बिहार के रामदयाल मांझी पत्नी सुंदरी, दो वर्षीय बेटे विष्णु और डेढ़ महीने की बेटी के साथ 14 अक्टूबर की रात सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार प र बिहार जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहे थे।

# खेत में लगे पिलर को ट्रैक्टर से तोड़ने पर दो पक्षों में जमकर चले ईट-पत्थर, हुई फायरिंग





जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बिधनू थाना क्षेत्र के अंतर्गत खेत में लगे पिलर को तोड़ने को लेकर दो पक्षों में कहा सुनी के बाद जमकर गाली गलौज हुई। देखते ही देखते गाली गलौज के दौरान ईट पत्थर चलने शुरू हो गए। घटना के दौरान पूर्व प्रधान पति के द्वारा अपनी लाइसेंसी बंदूक से तीन राउंड फायर किए जाने के बात भी सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्रीय पुलिस और उच्च अधिकारी पहुंच गए।

सूत्रों के मुताबिक बिधनू थाना के हड़हा गांव निवासी राजू सिंह ने बिधनू थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र के माध्यम से शिकायत कर बताया कि उसकी पत्नी गांव की पूर्व प्रधान है। गांव किनारे हनुमान मंदिर बना हुआ है। हनुमान मंदिर के बगल से धीरपुर गांव जाने के लिए 40 फीट चौड़ा रास्ता जा रहा है। रास्ते के दोनों और खेत होने की वजह से किसानों ने रास्ते की जमीन पर भी दोनों ओर से कब्जा कर लिया है जिसकी वजह से रास्ता सिमट कर 6 फीट ही चौड़ा रह गया है। इसी रास्ते पर राजू का 10 बिस्वा खेत है। राजू ने अपने खेतों के चारों ओर अस्थाई पिलर लगवा रखे हैं। मंगलवार की सुबह गांव के रहने वाले शेखर नाम का व्यक्ति ट्रैक्टर लेकर अपने खेतों की ओर जा रहा था कि तभी राजू के खेत में लगे पिलर में टक्कर लग गई और पिलर टूट गया।

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में पहले तो जमकर गाली गलौज हुई और बाद में ईट पत्थर चल गए। पहले तो थाने में जाकर दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया और फिर घर वापस लौट के बाद दोबारा लड़ाई झगड़ा शुरू हो गया। मामले में कुछ लोगों के हल्के-फुल्के घायल होने की सूचना मिल रही है। वही क्षेत्रीय पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है।

# होटल पैराडाइज में मीडिया सेंटर का हुआ शभारंभ






जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

होटल रॉयल पैराडाइज जीटी रोड में सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव का मीडिया सेंटर का शुभारंभ भाजपा उत्तर प्रदेश के महामंत्री अनूप गुप्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल जिला अध्यक्ष दीपू पांडे सांसद रमेश अवस्थी विधायक राहुल बच्चा सोनकर नीलिमा कटियार सुरेंद्र मैथानी महेश त्रिवेदी क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा आदि ने वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच फीता काटकर किया।

मीडिया सेंटर के शुभारंभ के उपरांत एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि जनता को पता होना चाहिए कि यह उपचुनाव इसलिए हो रहा है कि वर्तमान विधायक ने अपने ही धर्म की महिला नजीर फातिमा जो एक विधवा महिला है उसके घर में कब्जा करने की नीयत से आग लगा दी थी। जिसके कारण कानून ने उनको 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई।

जनता को यह भी याद रखना होगा की किस तरह से बांग्लादेशी घुसपैठियों को अपने लेटर है पैड पर निवास प्रमाण पत्र बनाकर नागरिकता दिलाई जा रही थी खुद भी वर्तमान विधायक अपना फर्जी आधार कार्ड बनवाकर हवाई यात्रा करने के भी दोषी पाए गए अभी कुछ दिन पूर्व जन्मदिन के अवसर पर भारत की अस्मिता तिरंगा का केक बनाकर उसको काटने का काम इन्हीं लोगों द्वारा किया गया था जिस पर इनके ऊपर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा पंजीकृत हुआ था । इन्हीं लोगों ने कानपुर मेडिकल कॉलेज में छात्रों से किस प्रकार अभद्रता करते हुए अपनी तत्कालीन सरकार में पुलिस के द्वारा उन पर अत्याचार कराया था। 2015 में मोहर्रम के जुलूस के दौरान हिंदू इलाकों में किस तरह से हिंदू देवी देवताओं के चित्रों को पैरतले कुचलना और दंगा करने का भी काम इन्हीं विधायक द्वारा किया गया था जिसमें दर्जनों हिंदू नौजवानों को गलत तरीके से मुकदमों में फंसा कर उसे समय की तत्कालीन सरकार ने अत्याचार किया था। श्री पाल ने कहा कि अभी हाल ही मे बंखडेश्वर महादेव मंदिर में जल चढ़ाने को लेकर सपा प्रत्याशी द्वारा ढोंग करना फिर मौलानाओं द्वारा सपा प्रत्याशी के खिलाफ फतवा जारी करना यह भी नाटक चुनाव के कारण किया गया।

अगर इनके मौलानाओं द्वारा फतवा जारी किया गया है और उसके बाद भी मुसलमान टोपी लगाकर इनके साथ जनसंपर्क या उनके जुलूस में घूम रहा है तो यह दर्शाता है कि इनके मौलानाओं का फतवा बेअसर है और यह सब केवल हिंदू वोट पाने के लिए नाटक है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा कि 9 नवंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की एक विशाल जनसभा सीसामऊ विधानसभा के दर्शन पुरवा सेंट्रल पार्क में होने जा रही है जिसकी तैयारी युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दी गई है।

## जिसे 60 प्रतिशत वोट मिला वही होगा विजेता

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कानपुर सीसामऊ विधानसभा चुनाव में दलित और सिख, पंजाबी व सिंधी मतदाताओं के कुल 80 हजार से अधिक मतदाताओं में भाजपा और सपा ज्यादा से ज्यादा हिस्सेदारी करने के लिए हर संभव कोशिश में लगी हैं। विधानसभा क्षेत्र में 40 से अधिक दलित बस्तियां हैं। इसमें बाल्मीकि, खटीक, कोरी, जाटव, धानुक सभी जातियों के लोग रहते हैं। मजे की बात यह है कि इन बस्तियों का वोट दलितों की कैडर वाली पार्टी कही जाने वाली बसपा के बजाए सपा और भाजपा में बंटता रहा है। पिछले तीन बार के चुनावों की स्थिति देखी जाए तो बसपा का वोट बैंक लगातार कम हुआ है। पिछले 40 साल भाजपा बस्तियों में उतना वोट हासिल नहीं कर पाई है, जितने से उसकी जीत हो सके। यही वजह है कि इस बार उप चुनाव में पार्टी सभी हर तरह की रणनीति पर काम कर रही है। सोमवार को कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि उनका पूरा फोकस दलित और सिख मतदाताओं पर रहना चाहिए। खासकर दलित बस्तियों में संपर्क के दौरान अपनी बोलचाल का लहजा दोस्ताना रखने की जरूरत है।

# जेड स्क्वायर मॉल से गिरकर सिक्योरिटी गार्ड की हुई मौत




- सिक्योरिटी गार्ड कूदा या फिर हुआ हादसे का शिकार, रहस्य

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कानपुर बड़ा चौराहा स्थित ज़ स्क्वायर माल से संबंधित हालत में गिरकर सिक्योरिटी गार्ड की दर्दनाक मौत हो गई। सिक्योरिटी गार्ड माल के ऊपर से कूदा या फिर हादसे का शिकार हुआ इसका पता पुलिस इंक्वारी के बाद चल सकेगा। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस इस बात की जांच सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से कर रही है। कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूत्रों के मुताबिक बृजभान यादव उम्र 45 वर्ष ज़ेड स्क्वायर मॉल में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर तैनात था। पुलिस द्वारा जब ज़ेड स्क्वायर में काम करने वाले साथी गार्डों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि बृजभान यादव का उसकी पत्नी के साथ विवाह चल रहा था जिसकी वजह से बृजभान यादव तनाव में रहता था। पुलिस इन सभी तत्वों की जांच पड़ताल में जुड़ गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार भी मौके पर पहुंचे उन्होंने बताया कि ज़ेड स्क्वायर मॉल से सिक्योरिटी गार्ड के गिरकर करने की सूचना मिली थी। कोतवाली पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची है इसके अलावा फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। फिलहाल पूरा मामला संदेश के घेरे में है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस सही नतीजे पर पहुंचेगी।

## मामूली विवाद में पूर्व प्रधान के परिजनों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

मामूली विवाद में बिधनू के हड़हा गांव में मंगलवार सुबह पूर्व प्रधान के बेटे ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पड़ोसी युवक पर लाइसेंसी असलहों से कई राउंड फायरिंग कर दी। दूसरे पक्ष ने भी जमकर पथराव किया। इससे वहां खड़े कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीणों के पहुंचने पर हमलावर पीछे हटे, इसके बाद पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने पूर्व प्रधान के पति व बेटे समेत परिवार के चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

कठेरुआ ग्राम पंचायत के मजरे हड़हा गांव निवासी मदन सिंह कछवाह के मुताबिक मंगलवार सुबह उनका बेटा शेखर सिंह ट्रैक्टर से खेत जोतने जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर की टक्कर लगने से पूर्व प्रधान जनक दुलारी के खेत के किनारे लगा सीमेंट का एक पिलर टूट गया।

# आईआईटी कल्याणपुर के जंगलों में फिर एक बार दिखा तेंदुआ

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

आईआईटी कल्याणपुर के जंगलों में एक बार फिर तेंदुए के देखे जाने की चर्चा से माहौल गर्म है। यह पहला वाक्य नहीं है जब आईआईटी कल्याणपुर के जंगलों में तेंदुए को देखा गया हो। कुछ महापूर्व भी एक तेंदुआ आईआईटी के जंगलों में देखा गया था।

आईआईटी केंपस व आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों की तेंदुए की हलचल से एक बार फिर रातों की नींद हराम हो गई है। दो दिनों पूर्व आईआईटी कैंपस की सुरक्षा में तैनात गार्डों ने तेंदुए को देखा था। तेंदुए के देखे जाने के बाद उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को भी दी थी। बनी भाग के अधिकारियों ने मौके पर जाकर देखा तो जंगलों में तेंदुए के पद चिन्ह मिले हैं।झ

जिसके बाद से वन विभाग टीमों ने तेंदुए को पकड़ने की कवायत तेज कर दी है। सूत्रों के मुताबिक बीते कुछ माह पूर्व भी आईआईटी कल्याणपुर के जंगलों में तेंदुए को देखा गया था।

जिसके बाद वन विभाग की टीमों ने पिंजड़ा लगाकर तेंदुए को पकड़ने का भरसक प्रयास किया लेकिन तेंदुआ उनके हाथ नहीं लगा था।

### तेंदुआ वन विभाग की टीमों को हर बार दे देता है चकमा

आईआईटी कल्याणपुर के जंगलों में पिछले कुछ माह पूर्व भी जब तेंदुआ देखा गया था तो वन विभाग की टीमों ने उसे पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किया लेकिन तेंदुआ टीमों के हाथ नहीं लगा। चालाक तेंदुआ वन विभाग की हर चाल को समझ जाता और चकमा देकर दूसरे रास्ते से निकल जाता था। इतना ही नहीं इससे पूर्व भी जब आईआईटी के जंगलों में तेंदुआ देखा गया था तो वन विभाग की टीमें एड़ी चोटी का जोर लगाने के बाद भी उसे पकड़ पाने में नाकाम रही थी। वन विभाग की टीमों द्वारा जंगल में लगाए गए कैमरें में तेंदुए की हलचल की कई तस्वीरें सामने आई हैं। आईआईटी प्रशासन व विभागीय वन अधिकारियों ने आईआईटी कैंपस में रहने वाले सभी लोगों को रात के अंधेरे में घरों से बाहर निकालने के लिए मना किया है।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# सामाजिक समरसता के लिए लगातार सक्रिय संघ

**संघ को सामाजिक रूप से बांटने को लेकर जब भी हमला किया जाता है, अक्सर गांधी विचार का ही सहारा लिया जाता है। हालांकि संघ ने कभी ऐसी कोई मंशा जाहिर नहीं की। उलटे गांधी संघ के समानता के विचारों से प्रभावित रहे। जिसकी तसदीक उनके द्वारा ही प्रकाशित हरिजन पत्रिका के 28 सितंबर 1947 के अंक में प्रकाशित एक रिपोर्ट करती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, गांधी जी ने दिल्ली में सफाईकर्मियों की बस्ती में हुए संघ के एक कार्यक्रम में 16 सितंबर 1947 को हिस्सा लिया था।**

*मौजूदा दौर में शासन की सबसे बेहतरीन व्यवस्था जिस संसदीय लोकतंत्र को माना गया है, उसकी एक कमजोरी है। वोट बैंक की बुनियाद पर ही उसका समूचा दर्शन टिका है, इसलिए समाज को बांटना और उसके जरिए भरपूर समर्थन जुटाना उसकी मजबूरी है। यही वजह है कि कभी वह जानबूझकर, तो कभी अनजाने में समाज को बांटने की कोशिश करती नजर आती है। राजनीति के इन संदर्भों पर जब गौर करते हैं तो उसके ठीक उलट वैचारिकी से आगे बढ़ता हुआ एक संगठन दिखता है। निश्चित तौर पर वह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। शतकीय यात्रा की ओर बढ़ रहा संघ हिंदू समाज को एक रखने के ध्येय वाक्य से रंच मात्र भी पीछे नहीं हटा। लेकिन राजनीति को जब भी मौका मिलता है, वह संघ को अपने दायरे में खींचने और उसको सवालों के कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करने लगती है। राजनीति को संघ को सवालों के घेरे में लाने का मौका हाल ही में मथुरा में दिए सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के बयान से मिला है। दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समाज को एक रखने के संदर्भ में योगी आदित्यनाथ के बयान 'कटोगे तो बंटोगे' का समर्थन किया है। योगी आदित्यनाथ ने पहली बार यह विचार अगस्त महीने में लखनऊ में कल्याण सिंह की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में जाहिर किया था। उन दिनों बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट की घटना ताजा थी। उसके बाद वहां के अल्पसंख्यकों यानी हिंदुओं पर चौतरफा हमले और अत्याचार जारी थे। उसका हवाला देते हुए आदित्यनाथ ने हिंदू समाज को इस नारे के जरिए एक रहने का संदेश दिया था। चूंकि भारतीय राजनीति का एक बड़ा हिस्सा अब भी सेकुलरवाद के चश्मे से ही दुनिया को देखता है, लिहाजा उसके निशाने पर आदित्यनाथ का यह बयान आना ही था। आदित्यनाथ का यह बयान राजनीति की दुनिया के उनके विरोधियों को घोर सांप्रदायिक लगना ही था। और जब इस बयान का दत्तात्रेय होसबोले का भी साथ मिल गया तो सांप्रदायिकता के छद्म विचार के आवरण में राजनीति करने वाली ताकतों को मौका मिलना स्वाभाविक है। संघ को संकुचित अर्थों में हिंदुत्व का समर्थक बताया जाता रहा है। ऐसा करते वक्त सावरकर के उस विचार को भुला दिया जाता है, जो यह बताता है कि भारत वर्ष में जो भी जन्मा है, वह हिंदू है। तीन देशों की सीमाओं में बंट चुके भारत में मौलिक रूप से कोई गैर हिंदू है ही नहीं। पाकिस्तान के पत्रकार वसीम अल्ताफ का ट्वीट दीपावली के दिन एक्स पर चर्चा में रहा। जिसमें उन्होंने लिखा था कि काश उनके भी पूर्वज कुछ और तनकर खड़े रहते तो उन्हें भी होली और दीपावली जैसे उत्साह वाले त्योहार मनाने को मिलते। अपने इस ट्वीट के जरिए एक तरह से वे जाहिर कर रहे थे कि उनके पूर्वज भी हिंदू ही थे। संघ इसी विचार को मानता है, भारतीय यानी हिंदू। भारतीय समाज को कभी सांप्रदायिकता के आवरण में बांटा गया तो कभी जाति की संकीर्ण सोच के बहाने। संघ अपने जन्म से ही दोनों ही वैचारिकी का विरोध करता रहा है। इसके बावजूद उस पर कभी ब्राह्मणवादी होने तो कभी कुछ का आरोप लगता रहा है। किसी भी संगठन के किसी भी व्यक्ति के निजी तौर पर अपने विचार हो सकते हैं, उसकी सोच का असर उसके व्यक्तित्व पर पड़ सकता है। लेकिन वैचारिक रूप से संघ में ऊंच-नीच, भेदभाव की सोच नहीं रही है। महात्मा गांधी ने भी संघ के 1934 के वर्धा के शिविर का दौरा किया था। संघ के उस शिविर में छूआछूत और ऊंचनीच का भाव न देखकर गांधी जी बहुत प्रभावित हुए थे।*

## एक्सप्रेस आलेख

**सिलिकॉन वैली में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**

# हैरिस हों या ट्रंप, भारत-अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त



**आर.के. सिन्हा**

**एशियाई अध्ययन और नृत्य में बीए और एमए करने के बाद दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को सीखने के लिए भारत आईं थीं। उन्हें यहां गुरु केलुचरण महापात्रा के रूप में पहला गुरु मिला। तो कह सकते हैं कि भारत-अमेरिका संबंधों को सशक्त करने में शेरोन लोवेन जैसी विभूतियों का योगदान भी कोई कम नहीं रहा है।**

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहें भारतीय मूल की कमला हैरिस बने हैं या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालाँकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में, शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया, और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया। आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है, और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है, और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं, और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियाँ



**शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी नृत्य की नृत्गंना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है।**

अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। सिलिकॉन वैली में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है। बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं। हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस बीच, अमेरिका में बसे भारतीयों की बात करते हुए हमें भारत में बस गए अमेरिकी नृत्गंना शेरोन लोवेन की भी चर्चा कर लेना चाहिए। शेरोन लोवेन मूल रूप से अमेरिकी हैं और वो बीते पचास सालों से भी कुछ अधिक समय से भारत की हो गई हैं। शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी नृत्य की नृत्गंना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है। वो जन्म से यहूदी हैं। पर वो बुद्ध और सनातन परंपरा को गहराई से जानती हैं और उसका गहन अध्ययन भी करती हैं।

## एक्सप्रेस कविता

*ठोकरे हमने प्यार में बहुत खाई*
*तेरी याद हमें आई तो बहुत आई।*
*मजहबों में क्यों बाटते हो इसको*
*सबका तो है यहां लाल रक्त भाई।*
*काश इस माहौल में आप होते*
*सिर्फ रात है मैं हूं और है तन्हाई।*

*दिन तो बड़ी खैरियत से गुजरा पर*
*नींद रात भर ना आई तो ना आई।*
*तुमने आजादी जिसको समझा है*
*हमने बड़ी कुर्बानियां देकर पाई।*
*दिल में हमारे जख्म तब ही खिला*
*जब कहीं मासूम कली कुम्हलाई।*
*बड़ी जद्दोजेहद की है जिंदगी भी*
*एक तरफ कुआं एक तरफ खाई।*

**संजीव ठाकुर**

## एक्सप्रेस ज्ञान

*मूर्ख व्यक्ति ज्ञानियों से भी कुछ नहीं सीख पाता और ज्ञानी व्यक्ति मूर्खों से भी बहुत कुछ सीख लेता है*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 24:38 तक |
| नक्षत्रः | मूल 10:51 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | सुकर्माण, 10:46 |
| सूर्योदयः | 06:41 |
| सूर्यास्तः | 17:28 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 12:05-13:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### आ गए वो पास ?

*बढ़ रही है हलचल ।*
*आ गए वो पास ?*
*स्वागत गर्मजोशी से ।*
*बन सकते अब ख़ास ?*
*राजनीति में कोई ।*
*ना दुश्मन ना मित्र ।।*
*इसलिए तो कहते हैं ।*
*है स्थिति विचित्र ।।*
*शांत है तकरार ।*
*पनपा शायद प्यार ।।*
*आ गया अब वक्त ।*
*हो चुकता उधार ।।*
*कब पक जाए खिचड़ी ।*
*जान कौन ये पाया ।।*
*कुर्सी सबको प्यारी है ।*
*है कुर्सी की माया ।।*



**- कृष्णेन्द्र राय**

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# आयुर्वेद के अनुसार अलग-अलग खाना बनाने के लिए चुनें सही तेल?

**आयुर्वेद** में खाने को ही औषधी माना गया है। इसलिए आयुर्वेदिक डाइट में खाने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। आप क्या खा रहे हैं इससे भी ज्यादा जरूरी है कि आप खाना किस तरह खाना बना रहे हैं। इसका मतलब है कि आप खाना बनाने के लिए किन चीजों का इस्तेमाल कर रहे हैं। अक्सर सभी घरों में खाना बनाने के लिए सरसों का तेल और देसी घी ही इस्तेमाल होता है। वहीं, कुछ लोग ऑलिव ऑयल, सूरजमुखी का तेल और सोयाबीन ऑयल भी खाना बनाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कौन-सा व्यंजन बनाने के लिए कौन-सा तेल इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही, अलग-अलग तरीके से बनाने के लिए अलग तेल इस्तेमाल करना क्यों जरूरी है?



**देसी घी:** देसी घी को आयुर्वेद में सबसे ज्यादा फायदेमंद माना गया है। इसका स्मोकिंग पॉइंट हाई होता है और इससे बॉडी को हेल्दी फैट्स मिलते हैं। इसे आप दाल, सब्जी या खिचड़ी पर डालकर खा सकते हैं। इसके अलावा, पकवान तलने या भूनने के लिए भी इसे इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण बॉडी में इंफेक्शन रोकने में मदद करते हैं।

**नारियल का तेल:** भारत के दक्षिणी भाग में ज्यादातर लोग खाना बनाने के लिए नारियल तेल ही इस्तेमाल करते हैं। इसमें भी हेल्दी फैट्स होने के साथ एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। इसे खाना बनाने और खाने को भूनने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन खाना बनाते वक्त इसे कम मात्रा में ही इस्तेमाल करें।

**तिल का तेल:** तिल का तेल का इस्तेमाल पूजा-पाठ के अलावा खाना बनाने के लिए भी होता है। इसका स्मोकिंग पॉइंट भी हाई होता है। इसमें लिक्विड फैट्स होते हैं जो शरीर के साथ त्वचा के लिए भी जरूरी हैं। इसे खाना बनाने और पकवान भूनने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

**सरसों का तेल:** अधिकतर घरों में खाना बनाने के लिए सरसों का तेल इस्तेमाल किया जाता है। जबकि आयुर्वेद में इसे पाचन तंत्र के लिए भारी माना गया है। आयुर्वेद के अनुसार यह तेल तासीर में गर्म होता है। इसके ज्यादा इस्तेमाल से शरीर को नुकसान हो सकता है। इसलिए इसे खाना बनाने के लिए कभी-कभार इस्तेमाल करना चाहिए।

**मूंगफली का तेल:** मूंगफली का तेल खाना बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह तेल महंगा होने के साथ शरीर के लिए फायदेमंद भी होता है। यह तेल भारी होने के साथ शरीर को हाइड्रेट रखने में भी मदद करता है। इसे आप पकवान तलने या भूनने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**ऑलिव ऑयल:** ऑलिव ऑयल में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो सेहत के लिए आवश्यक है। इसे पकवान भूनने या डेली कूकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इस तरह से आप अलग-अलग तरह के तेल को खाना बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें आप कोई भी तेल इस्तेमाल करें, उसे कम मात्रा में ही इस्तेमाल करें। अधिक मात्रा में कोई भी ऑयल इस्तेमाल करने से आपका वजन और कोलेस्ट्रॉल लेवल दोनों बढ़ सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# डिजिटल अरेस्ट होने का रहस्य?



**डॉ. अनिल कुमार निगम**

**अगर ऐसी कोई कॉल आपके पास आती है तो अपने घरवालों, परिवार और दोस्तों को इस तरह के फ्रॉड के बारे में बताएं ताकि वे भी सतर्क रहें। फ्रॉड का शिकार होने अथवा उसका शक होने पर डरने की जगह साइबर सेल से संपर्क कर इसकी जानकारी दें।**

**अगर ऐसी कोई कॉल आपके पास आती है तो अपने घरवालों, परिवार और दोस्तों को इस तरह के फ्रॉड के बारे में बताएं ताकि वे भी सतर्क रहें। फ्रॉड का शिकार होने अथवा उसका शक होने पर डरने की जगह साइबर सेल से संपर्क कर इसकी जानकारी देकर आप देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनें।**

**आज** भारतीय समाज में डिजिटल अरेस्ट बहुत बड़ी समस्या बन कर उभरी है। यह साइबर क्राइम का नया स्वरूप है। पिछले कुछ महीनों से लोग बहुत तेजी से इसकी चपेट में आए हैं। हैरानी की बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट का सबसे ज्यादा शिकार पढ़े-लिखे लोग मसलन डॉक्टर, अधिकारी, व्यवसायी, रिटायर्ड अधिकारी और सेना के अधिकारी हो रहे हैं। यह समस्या इतनी गंभीर होती जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी डिजिटल अरेस्ट के बारे में लोगों से सावधान रहने का आग्रह करना पड़ा। इस गंभीर होती समस्या में दो बातें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पहला यह कि ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग ही इसका शिकार क्यों हो रहे हैं दूसरा, आखिरकार स्कैमर्स को लोगों का एकदम सटीक डेटा मिल कहां से रहा है यह मामला इतना गंभीर है कि पिछले तीन महीने में केवल दिल्ली-एनसीआर में डिजिटल अरेस्ट के 600 से अधिक मामले चुके हैं। इनमें लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। ये सभी पंजीकृत मामले हैं। देश भर में रिपोर्टेड और अनरिपोर्टेड मामलों की संख्या बहुत अधिक है। हम सभी को यह समझने की जरूरत है कि डिजिटल अरेस्ट होता क्या है दरअसल, डिजिटल अरेस्ट एक तरह का साइबर फ्रॉड होता है जिसमें धोखेबाज आपको अज्ञात नंबर से फोन या वीडियो कॉल करके पुलिस या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या आयकर विभाग का अधिकारी बनकर धमकाता है और आपसे पैसे ऐंठने की कोशिश करता है। वह आपको बताता है कि आप किसी अपराध में शामिल हैं अथवा संलिप्त हैं। वह आपसे पैसे की डिमांड करता है और कहता है कि अगर आप पैसे नहीं देते तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्कैमर इस दौरान फोन कॉल डिसकनेक्ट नहीं करने देता और एक तरीके से वह आपको आपके घर या कार्यालय में ही डिजिटल अरेस्ट कर लेता है। वह आपको डराता है और कहता है कि आपके खिलाफ वारंट जारी हो चुका है या आपकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। वह इस तरीके से फोन कॉल पर ही दबाव डालता है कि मामले को रफा-दफा करने के नाम से आपसे ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करा लेते हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि फ्रॉड करने वाले इन स्कैमर्स को आपका सटीक डेटा मिलता कहां से है ऑनलाइन स्कैमर्स, लोगों का डेटा कई तरीकों से हासिल करते हैं। फिशिंग ई-मेल या वेबसाइट स्कैमर्स, ई-मेल या एसएमएस के जरिए फिशिंग लिंक भेजते हैं। ये लिंक क्लिक करने पर, यूजर फेक वेबसाइट पर पहुंच जाता है। वहां से स्कैमर्स, लोगों की जानकारी चुरा लेते हैं। स्कैमर्स, मोबाइल डिवाइस को मालवेयर से संक्रमित कर सकते हैं। इससे, डिजिटल वॉलेट ऐप से सीधे भुगतान जानकारी चुराई जा सकती है। स्कैमर्स, असली ऐप या वेबसाइट की तरह दिखने वाले नकली ऐप या वेबसाइट बनाते हैं। लोग कई बार ऐसे ऐप को अपने डिवाइस पर अनजाने में डाउनलोड कर लेते हैं। आज सोशल मीडिया का जमाना है और स्कैमर्स, सोशल इंजीनियरिंग हमलों का इस्तेमाल करके, यूजर को भुगतान डेटा साझा करने के लिए धोखा देते हैं। इसके अलावा स्कैमर्स, यूजर के डिवाइस और भुगतान टर्मिनलों के बीच संचार को बाधित करते हैं। उसके साथ ही वे भुगतान डेटा पर कब्ज़ा कर लेते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षित वाई-फाई का इस्तेमाल कर लेते हैं। फ्राड करने वाले इसी दौरान हमारे डिवाइस पर ऐक्सेस लेकर हमारा डाटा चुरा लेते हैं। दूसरा अहम सवाल यह है कि पढ़े लिखे लोग भी स्कैमर्स के जाल में क्यों फंसते हैं इसका प्रमुख कारण हैं लोगों के अंदर पुलिस और जांच एजेंसियों का डर। इस डर के दो कारण हो सकते हैं। पहला कारण जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में है। उसे यह जानकारी नहीं होती कि क्या कोई जांच एजेंसी फोन और वीडियो कॉल पर स्टेटमेंट रिकॉर्ड करती है अथवा बचाने के नाम पर ऑनलाइन पैसा भी मांगती है। दूसरा कारण भी बहुत महत्वपूर्ण है। अगर पीड़ित व्यक्ति सचमुच गलत काम कर रहा है तो वह आसानी से स्कैमर्स के झांसे में आ सकता है। लेकिन अगर व्यक्ति गलत काम कर ही नहीं रहा तो उसके डरने का सवाल ही नहीं उठता। वह स्कैमर्स का डटकर मुकाबला करेगा और अगर वह चाह ले तो स्कैमर्स को एक्सपोज कर भी कर देगा। आज जिस तरीके से डिजिटल अरेस्ट के मामले बढ़ रहे हैं, उसको देखते हुए लोगों को अत्यधिक जागरूक रहने की आवश्यकता है। अनावश्यक आने वाले लिंक, कॉल से सतर्क रहें। संदिग्ध या अनावश्यक कॉल को न उठाए। इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि पुलिस या कोई भी सरकारी एजेंसी कभी भी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर किसी भी तरह के मामले की जांच या स्टेटमेंट रिकॉर्ड नहीं करती है।

# पूर्व सभासद और नगर पालिका परिषद अध्यक्षा की जुगलबंदी से विकास से कोसों दूर मोहल्ला हिदायत नगर

■ प्रेसवार्ता कर पत्रकारों से रूबरू हुए सभासद शमशुल हसन ने बताई वार्ड की समस्या और पत्रकारों को किया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

मोहल्ला हिदायत नगर की स्थिति बद से बद्तर है जिसको लेकर सभासद शमशुल हसन लगातार प्रयासरत हैं टूटी सड़कें सफाई कर्मी का अभाव बास बल्ली के सहारे बिजली के तार अपनी बदहाली पर आशु बहा रहे हैं जिसके सम्बन्ध में विधुत विभाग द्वारा सर्वे किया गया 110 खम्भे लगाने का प्रयास अधर में लटका अरूण कुमार डाक्टर की डेरी से मदीना मस्जिद तक नालों पर अतिक्रमण समस्या जस के तस मोहल्ले में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए विद्यालय की समस्या आंगन वाढी केंद्र समस्या, टुवूल व सुलभ शौचालय की समस्या मस्जिद व मंदिर के पास शोर्य उर्जा की समस्या वार्ड में पार्क की समस्या कुढा डलान की समस्या स्वास्थ्य केंद्र की समस्या कब्रिस्तान की समस्या जिसको लेकर लगातार वार्ड मेंबर शमशुल द्वारा प्रयातनशील रहना इसकी टुटी व कच्ची नालियों की समस्या वार्ड में पाइप लाईन समस्या वार्ड में राशन की समस्या राशन की दुकान के हटने की समस्या जिससे लोगों को दूर तक जाना विगत वर्षों से जलकर नगर पालिका वसूल रही है लेकिन पेयजलापूर्ति नहीं हो रही विकराल समस्या उक्त बातों को लेकर वार्ड मेम्बर शमशुल हसन ने बड़ी गंभीरता से सवाल उठाए बोले जनप्रतिनिधि होने के कारण वार्ड की समस्या मेरी समस्या है मैंने चुनाव इन्हीं मुद्दों को लेकर लडा था मेरा प्रयत्न है वार्ड वासियों को हर सुविधाएं दी जाए मेरे वार्ड वासियों के साथ सौतेला व्यवहार न किया जाए।

# युवकों ने महिला के गहने उतार कर अलमारी में रखे जेवर, पांच हजार की नकदी ले कर फरार

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**



कस्बा में गुलौली रोड स्थित एक मकान पर दिन दहाड़े एक बाइक पर तीन सवार युवकों ने खुद को मीटर चेकर बताकर मकान के अंदर दाखिल होने पर गन पॉइंट पर महिला के पहने गहने उतार कर अलमारी में रखे जेवर और पांच हजार की नकदी लेकर निकल जाने घटना से दहशत फैल गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ोस में लगे मकान पर सीसीटीवी कैमरा की फुटेज निकालकर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

मंगलवार को मकान मालिक तृप्ति कुशवाहा ने बताया उसका पति विनोद प्राइवेट स्कूल में टीचर है जो पढ़ाने गया था इसी बीच मौका पाकर 12.30 बजे करीब एक बाइक पर तीन सवार उसके मकान के पास आए और खुद को मीटर चेकर बताने पर दरवाजा खोल दिया जिससे वह तीनों अंदर दाखिल हो गए तभी अचानक एक व्यक्ति ने उसके सीने पर तमंचा लगाकर पहने जेवर छीन लिए और अलमारी खुलाकर उसने रखें गहने और 5 हजार की नकदी निकाल कर चले गए थे। घटना की भनक लगते ही पुलिस के हाथ पैर फूल गए आनंन-फानन में निरीक्षक इंद्रजीत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर दूसरे मकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में आरोपियों की फोटो कैद हो गई थी। पुलिस कैमरा के फुटेज से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया पुलिस फूटेज से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। सभी प्वाइंटों पर वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया गया है।

# किसानों के लिए डी ए पी की किल्लत, दूसरी तरफ खुलेआम कालाबाजारी : किसान मंच

■ पूर्व में की गई शिकायतों पर जांचोपरांत आरोप सिद्ध होने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर तीस नवंबर से अनिश्चितकालीन धरना



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

मुंशीगंज किसान मंच कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में किसानों के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाअध्यक्ष राकेश बाजपेई ने कहा कि समूचे जनपद में किसान भाइयों को डी ए पी उपलब्ध नहीं हो रही, वहीं दूसरी तरफ कागजों पर खपत दर्ज कर भ्रष्ट जिम्मेदारों द्वारा खुलेआम कालाबाजारी की जा रही है। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा विनियमित क्षेत्र की जमीन पर चल रही अवैध प्लाटिंग पर रोंक और कार्यवाही का ढिंढोरा पीट रहा जिला प्रशासन वास्तविकता में कोई कार्यवाही न करके इसे आमदनी का जरिया बना रखा है !वरना अभी तक हो रही अवैध प्लाटिंग में व्यस्त भू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई का विगुल बज चुका होता। जिला संयोजक नवल किशोर मिश्रा ने समूचे जनपद में नहरों के टोल तक पानी न पहुंचने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि विगत वर्ष नहर सफाई के नाम पर की गई सफाई सिर्फ कागजों तक सीमित थी, और भुगतान हो गया था !यही कारण है कि समय पर किसानों को सिंचाई के लिए तरसना पड़ रहा है। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नी देवी ने समाज कल्याण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया और कहा कि वर्षों पहले वृद्धावस्था पेंशन हेतु जमा पात्र लोगों के फार्म फाइलों में बंद हैं और सिर्फ दलालों के माध्यम से सुविधा शुल्क लेकर योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। राष्ट्रीय सचिव, प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि उच्च अधिकारियों द्वारा साक्ष्यों और प्रमाणों के साथ की गई शिकायतों में जांचोपरांत दोषियों के विरुद्ध किए गए कार्यवाही आदेश पर भी जिम्मेदार कोई कार्यवाही नहीं कर रहे। और इसे लूट का जरिया बना रखा है। शीघ्र ही उपरोक्त सभी मुद्दों साक्ष्य व प्रमाणों के साथ किसान मंच द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा। और कार्यवाही न होने पर संगठन द्वारा तीस नवंबर से धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। आज की बैठक में श्री कृष्ण पाल, राम चंद्र मौर्या, आराधना सिंह, रमाकांत दीक्षित, हाशमी बेगम, रामकुमार, मीरा देवी, कृष्ण पाल सिंह, शुभाष सहित पदाधिकारी साथी उपस्थित थे।

## वन राज्य मंत्री का आगमन आज

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** प्राकृतिक छटा के लिए विशेष रूप से जाना जाने वाला कतर्निया घाट संरक्षित वन्य जीव अभयारण्य पर्यटकों के लिए आज से खोल दिया जाएगा। पर्यटक आसानी से कतर्निया घाट में सैर सपाटा कर सकेंगे। इसका शुभारंभ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन डॉ. अरूण कुमार का 06 नवम्बर 2024 को जनपद आगमन प्रस्तावित है। मंत्री डॉ. कुमार 06 नवम्बर को पूर्वानह 11:00 बजे कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग पहुंचकर पूर्वान्ह 11:30 बजे ईको पर्यटन सत्र 2024-25 के शुभारम्भ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड हरगांव के पेराई सत्र के दूसरे दिन जिलाधिकारी पहुचें चीनी मिल निरीक्षण करने

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड हरगांव के पेराई सत्र के दूसरे दिवस मंगलवार दोपहर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द चीनी मिल पहुंचे और नवीन पेराई सत्र के लिए मिल द्वारा की गई समस्त तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने चीनी मिल में गन्ना लेकर आए कृषकों से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लगभग दो घंटे तक चले गहन निरीक्षण में कांटें पर गन्ना ट्रॉली लेकर आए सुंसी ग्राम के किसान रिद्धि कुमार के मोबाइल पर प्राप्त मैसेज देखा तथा स्वचालित मानव रहित तौल कांटे पर गन्ना तौलायी से लेकर गन्ना डोंगें में डालने की सम्पूर्ण प्रक्रिया अपने समक्ष करवायी, मिल हाउस, बॉयलिंग हाउस, सेन्ट्रीफ्युगल हाउस, ड्रायर हाउस पहुंचकर गन्ने से चीनी बनने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी ली। मिल के अधिशासी अध्यक्ष ए0के0 दीक्षित से बॉयलर क्षमता तथा विद्युत उत्पादन क्षमता के बारे में जानकारी लेकर पानी कंजम्पशन के बारे में पूछते हुए मिल में स्थापित हुए नये डी0सी0एस0 तथा आधुनिक यंत्रों के संचालित होने के बारे में पूछताछ की। मिल क्षमता वृद्धि के लिए हो रहे निर्माण कार्यों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। रिफाइनरी चीनी व मिल में बन रही चीनी मिल में अंतर व प्रासेस में प्रयुक्त होने वाली सल्फर व चूने मात्रा की जानकारी ली। जिलाधिकारी के मिल प्रांगण पहुंचने पर मिल के अधिशासी अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित द्वारा उनका स्वागत किया गया। सी0सी0टी0वी0 नियंत्रण कक्ष से सम्पूर्ण शुगर मिल का निरीक्षण किया व पूरे प्रोसेस, सुरक्षा के मानकों, विद्युत उत्पादन क्षमता आदि की जानकारी लेकर सुरक्षा मानकों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। गन्ना कृषकों के हितों को ध्यान में रखते सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आई0ए0एस0 नितिन सिंह, जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी, जिला आबकारी अधिकारी कृष्णपाल यादव, तहसीलदार सदर विनोद सिंह, प्रभारी निरीक्षक हरगांव अरविन्द पाण्डेय, अधिशासी उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह, शरद सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विशेश्वरगंज में ब्लॉक क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

**पयागपुर।** बिशेश्वरगंज में ब्लॉक क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इसको लेकर छात्रों में उत्साह है।

प्रतियोगिता के प्रथम दिन दौड़ में प्राथमिक स्तर पर नेवलापुर के अंकित यादव और पटना की बालिका राधा तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक में पटना के अनूप और बालिका वर्ग में सिम्मी शुक्ला छाए रहे। इस अवसर पर आर एस एम जिला अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्रा, पू मा अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, प्राथमिक अध्यक्ष उमा कांत तिवारी मंत्री अमित मिश्रा सहित सभी शिक्षक और बच्चे उपस्थित रहे। ब्लॉक संसाधन केंद्र विशेश्वरगंज के मैदान पर खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित ब्लॉक क्रीड़ा प्रतियोगिता का नौ न्याय पंचायतों के विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर दौड़ अंकित यादव प्रथम और साहिबे आलम और बालिका वर्ग में राधा प्रथम और अंतिमा तिवारी द्वितीय रहे।100 मीटर रवि यादव और राधा प्रथम ओम द्विवेदी और अंतिमा तिवारी द्वितीय 200 मीटर अंकित यादव राधा प्रथम सत्यम और अंतिमा तिवारी द्वितीय रहे। 400 मीटर प्राथमिक की दौड़ रवि और राधा ने जीता। उच्च प्राथमिक वर्ग में 100 मीटर में सैयद हुसैन और प्रिंसी ने 200 मीटर में अनूप और प्रिंसी ने 400 मीटर में अनूप और रंजना यादव ने 600 मीटर मे महेश और सिम्मी ने बाजी मारी। इसके अतिरिक्त पीटी व्यायाम में गुजरा नेवलापुर खो खो बालिका कुरसहा और खो खो बालक बसनेरा ने जीता। वालीबाल में नेवलापुर और कबड्डी में नेवलापुर ने अपनी प्रतियोगिताएं जीती।

## एक्सप्रेस खबरें...

### साथ रहने को राजी हुए तीन नाराज जोड़े

**जन एक्सप्रेस। बहराइच।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित 'परिवार परामर्श केन्द्र' द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर तीन परिवारों में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया। सोमवार को आवेदिका द्वारा, आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया । परिवार परामर्श केन्द्र के एस आई रमाशंकर मिश्र, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, महिला कांस्टेबल सविता मिश्रा, अनन्या सिंह, छाया द्विवेदी तथा गिरजावती यादव द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

### एसपी ने किया विसर्जन स्थलों का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। बहराइच।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया संबंधित सुरक्षा अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए यह कहा कि वह लोगों को इस बात के लिए जागरूक करें कि गहरे पानी के अंदर ना जाए। एसपी ने जिले में देवी लक्ष्मी तथा गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत थाना क्षेत्र मोतीपुर, रुपईडीहा, नवाबगंज, नानपारा में भ्रमण कर विसर्जन स्थल बाबागंज, मथुरा पुल, नानपारा कस्बा, गायघाट में मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने दीपावली पर्व के उपरान्त प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत थानाक्षेत्र मोतीपुर, रुपईडीहा, नवाबगंज, नानपारा में भ्रमण किया गया जहाँ विसर्जन स्थल बाबागंज, नानपारा कस्बा, मथुरा पुल, गायघाट में मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया की समीक्षा की गयी। जिसके दौरान ड्यूटी पर व्यवस्थापित समस्त पुलिस बल मौजूद मिला। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व के उपरान्त आमजन द्वारा विभिन्न घाटों पर देवी लक्ष्मी तथा गणेश जी की प्रतिमा का श्रद्धा और भक्ति के साथ विसर्जन किया जाता है। जिसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के दृष्टिगत निर्धारित समस्त घाटों पर आर आर एफ टीम तथा पुलिस लाइन एवं अन्य स्थानीय थानों से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। जिससे वहाँ पर उपस्थित लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सके।

### ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बालिका की मौत

**जन एक्सप्रेस। बहराइच।** ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर साईकिल सवार बालिका की मौत हो गई। चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना क्षेत्रान्तर्गत बिलरवा निवासी रामनाथ की 12 वर्षीय पुत्री अंकिता सोमवार की सुबह साईकिल पर सवार होकर बिलरवा चौराहा जा रही थी कि अचानक सामने से तेज रफ्तार में आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी,जिससे वह ट्रैक्टर के नीचे दबकर बुरी तरह जख्मी हो गई, जिसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता रामनाथ ने गांव के ही ट्रैक्टर चालक नानबाबू पुत्र इदरीश को नामजद करते हुए मुकदमा पंजीकृत किये जाने की तहरीर दी है।

### एक करोड़ 86 लाख से अधिक है गब्बर की कुर्क की गई कोठी की कीमत

**जन एक्सप्रेस। बहराइच।** न्यायालय जिलाधिकारी बहराइच के आदेश दिनांक 21 अक्टूबर 2024 द्वारा अन्तर्गत धारा-14 (1) गिरोहबन्द एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 बमुकदमा सरकार बनाम देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह जिसमें अभ्युक्ति देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह पुत्र स्व. रामफल सिंह निवासी मोहनपुर माफी थाना पयागपुर जनपद बहराइच हालपता मो. रायमपुर राजा निकट केडिया अस्पताल, जेल रोड थाना कोतवाली देहात स्थित जनपद बहराइच द्वारा आपराधिक कृत्यों से अर्जित अचल सम्पत्ति मो. रायपुर राजा स्थित मकान संख्या 424 (एम-2) व अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह उपरोक्त की पत्नी श्रीमती सारिका सिंह के नाम मकान संख्या 424 (एम-1) भूमि एवं मकानों की जिसकी अनुमानित कीमत लगभग रू. 1,46,81,269/- को नगर मजिस्ट्रेट बहराइच को प्रशासक नियुक्त कर कुर्की करने के आदेश दिये गये थे। न्यायालय जिलाधिकारी बहराइच के आदेश दिनांक 21 अक्टूबर 2024 के अनुपालन में नगर मजिस्ट्रेट बहराइच श्रीमती शालिनी प्रभाकर के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी (प्रशिक्षु) सुश्री अंजनी यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) रमेश चन्द्र पाण्डेय, तहसीलदार (सदर) अनिरूद्ध कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात मय राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा कुर्की की कार्यवाही सम्पादित की गयी। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि कुर्की की कार्यवाही के पूर्व डुग्गी पिटवाकर कृत कार्यवाही की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी करायी गयी।

# दो घरों में लगी भीषण आग, हजारों की संपत्ति जलकर राख, भैंस झुलसी

■ थाना खैरीघाट और हरदी क्षेत्र में हुआ हादसा, क्षति के आंकलन के लिए लेखपाल को निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



जिले के हरदी और खैरीघाट थाना क्षेत्र में आग लगने से दो मकान जलकर राख हो गए। आग में झुलसकर एक भैंस घायल हो गई। आग लगने से दो मकानों में हजारों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवादापूरे कस्वाती का मजरा महतौपुरवा निवासी राजू यादव पुत्र जमींदार के फूस के मकान में मंगलवार की सुबह 10-30 अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

घर के सभी लोग खेत में धान की फसल काटने गए थे। आस पास के लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया गया सूचना राजस्व विभाग को दे दिया गया है। उधर हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करेहना के माधवपुरवा मजरा में एक पशु सेट में अज्ञात कारणों से आग लगने से एक भैंस झुलस गई।

मकान मालिक निसार अहमद ने बताया कि सोमवार देर शाम पशु सेट में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे एक भैंस झुलस गई है साथ ही कुछ छुटपुट सामान जल गया है। महसी तहसील के कार्यवाहक तहसीलदार सौरभ सिंह से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि अभी हमारे संज्ञान में नहीं आया है, फिर भी क्षेत्रीय लेखपाल को क्षति के आंकलन के निर्देश दिए गए हैं।

# दबंगों ने महिला पंचायत सहायक के साथ की अभद्रता

■ महिला ग्राम पंचायत सहायक के साथ कुछ दबंगों ने की अप्रिय हरकतें बीडीओ से मिलकर सौपा गया ज्ञापन कार्यवाही की मांग की

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**



विकास खंड निघासन के ग्राम पंचायत ग्रंट नम्बर 12 में फूलन देवी जो कि पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत है बीते 31अक्टूबर को छुट्टी के दिन भी सरकारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत में फैमिली आईडी बना रही थी उस समय हरीशचंद्र, रामकिशुन, अनुज कुमार, मंजीत कुछ अन्य साथियों के साथ आये व कहने लगे कि मेरी फैमिली आईडी बनाओ जिस पर फूलन देवी ने कहां की जब तुम्हारे नाम राशनकार्ड बना है तो फैमिली आईडी नही बन पाएगी इस पर दबंग आग बबूला हो गये और पंचायत सहायक फूलन देवी के साथ अभद्रता करने लगे उस दिन मामला शांत हो गया लेकिन अगले दिन शाम को करीब सात बजे अपने घर के पास लगे नल से पानी लेने गयी थी तभी दबंग पहले से ही घात लगाये बैठे थे




फूलन देवी को जबरन पकड़कर खीचने लगे जिस पर पीड़िता रोने लगी और शोर मचाने लगी शोर सुनकर पिता व भाई प्रमोद कुमार पहुंचे तभी जिस पर उक्त दबंगो के द्वारा फूलन देवी को व उसके पिता व भाई को लात घूसों से मारा पीटा जिससे पंचायत सहायक को काफी अंदरूनी चोटे आयी है और मारपीट करने के उपरांत धमकी दी कि अगर कही शिकायत की तो अगली बार तुम्हारे साथ ऐसा कृत्य करेंगे कि कहीं मुँह दिखाने लायक नही रहोगी जिस कारण फूलन देवी काफी डरी एवं सहमी हुई है इस सम्बंध में पंचायत सहायक एकता वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से इस सम्बंध में एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह को सौपा गया और पंचायत सहायक ने अपने साथ घटित घटना से अवगत कराया तथा इस सम्बंध में संज्ञान में लेकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया इस दौरान तहसील के समस्त पंचायत सहायक उपस्थित रहे इस सम्बंध में एक तहरीर थाना फूलबेहड़ में दिया गया था जिसको लेकर मुकदमा पंजीकृत कर लिए गया है।

# पूर्ण परियोजनाएं एक सप्ताह में हैण्डओवर करें कार्यदायी संस्थाएं- डीएम

■ निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई बैठक, जिला विद्यालय निरीक्षक को शिथिलता पर सुधार की नसीहत

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

50 लाख रुपए से अधिक लागत की निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिया कि विभागीय निर्माण परियोजनाओं की गुणवत्ता का समय-समय पर स्वयं निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित रूप अनुश्रवण कर यह सुनिश्चित करें कि हो रहे निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों खरे उतरें। सम्बन्धित अधिकारियों से कहा गया कि प्रत्येक माह किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या डीएम को उपलब्ध कराई जाये तथा समीक्षा बैठक में निरीक्षण आख्या के साथ सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित होंगे। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद में कुल रू. 749.04 करोड़ की लागत से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत रू. 50 लाख से अधिक लागत की कुल 96 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। अब तक रू. 456.80 करोड़ की धनराशि का व्यय कर 86 प्रतिशत वित्तीय एवं 63 प्रतिशत भौतिक प्रगति प्राप्त की गयी हैं। माध्यमिक शिक्षा से सम्बन्धित निर्माण कार्य प्रोजेक्ट अलंकार, मल्टीपरपज हॉल, कम्प्यूटर लैब आदि कार्यों में जिला विद्यालय निरीक्षक के शिथिल पर्यवेक्षण पर डीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अपेक्षित सुधार लाया जाय। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्य की प्रगति के फीडिंग अनिवार्य रूप से अद्यतन रखना सुनिश्चित करें एवं निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करें। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि यदि निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यवधान एवं भूमि विवाद उत्पन्न होता है तत्काल प्रशासकीय विभाग को समाधान हेतु अवगत कराया जाए। डीएम ने कहा कि इस सम्बन्ध में प्रशासकीय विभाग का दायित्व होगा कि वे उत्पन्न व्यवधान का समुचित निराकरण कराएं जिससे कार्य की प्रगति एवं निरन्तरता प्रभावित न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रमेश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.राजेश उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ.अर्चना सिंह तथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाए एवं निर्माण कार्य से सम्बन्धित प्रशासकीय विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## यूनिट हेड ओ पी चौहान व इंजीनियरिंग हेड हरिपाल सिंह ने बॉयलर पूजा कर अग्नि प्रवेश की

**जन एक्सप्रेस । पलिया कला खीरी।** बजाज ग्रुप की स्थानीय चीनी मिल में आज हवन व पूजन के साथ यूनिट हेड ओ पी चौहान व इंजीनियरिंग हेड हरिपाल सिंह ने बॉयलर पूजा कर अग्नि प्रवेश की। इस मौके पर काफी संख्या में मिल के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। स्थानीय चीनी मिल में आज वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुजारी रामेंद्र मिश्र ने बॉयलर पूजा कराई।इस मौके पर वहां हुए हवन में चीनी मिल के यूनिट हेड ओ पी चौहान, हवन के बाद यूनिट हेड ने विधि विधान के साथ पूजन कर सभी बॉयलरों में अग्नि डाल कर बॉयलर चालू किया।इस मौके पर काफी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# नेहरू युवा केन्द्र ने कराया एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम



**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

नेहरू युवा केंद्र की ओर से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत एचबी सिटी मोंटेसरी स्कूल मेटुकहा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन केंद्र की जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा ने किया।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीनस्थ नेहरू युवा केंद्र बहराइच के तत्वाधान में स्थल एच बी सिटी मोंटेसरी स्कूल मेटुकहा में एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में विभिन्न युवा महिला मंडलों के यूवतियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में गोष्ठी पेंटिंग प्रतियोगिता वाद विवाद व वृक्षारोपण आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार यादव प्रधानाचार्य तथा विशिष्ट अतिथि सन्त कुमार मौर्य अरविंद कुमार ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य व वर्तमान समय में प्रदूषण से बचाव हेतु पौधरोपण किया। इस दौरान पर्यावरण संतुलन जाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दिए और युवाओं को जागरूक किया तथा कार्यक्रम संबंधी पोस्ट का विमोचन कर पोस्ट को चस्पा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कुमार यादव तथा कैलाश नाथ यादव सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्रसेन चौधरी ने किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं को कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्य से अवगत कराया पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया गया।

## प्रियांशु की मौत के मामले में तीन सदस्यीय समिति ने शुरू की जांच

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

**पयागपुर।** सीएससी पयागपुर में इलाज के दौरान प्रियांशु जायसवाल की मौत का मामला गरमाता जा रहा है। परिजनों ने चिकित्सा अधीक्षक के ऊपर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी थी। अभी मामला दर्ज नहीं हुआ है। इसके बाद आज परिजन जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे। जिलाधिकारी ने इस मामले में तीन सदस्यीय टीम गठित की है। टीम की जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की संभावना है। पीड़ित परिवार का कहना हैं कि गलत इंजेक्शन लगने से 22 वर्षीय प्रियांशु की मौत हुई थी। मामले को लेकर पीड़ित ने स्थानीय थाना पयागपुर में तहरीर दी। कार्यवाही न होने पर पीड़ित परिवार आज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। जिलाधिकारी से मिलकर पीड़ित परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई है। बताते चलें कि बीते 2 नवंबर को इलाज के लिए प्रियांशु को सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। प्रियांशु जायसवाल आईएएस बनने की तैयारी कर रहा था। डीएम ने इस मामले में तीन सदस्यीय टीम गठित की है। टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

# आज नहाए खाए से शुरू होगा छठ महापर्व

- घाटों पर बनने लगी बेदियां , बाजारों में हो रही पूजन सामानों की खूब खरीदारी

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ आज नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हो गया है। यह चार दिवसीय पर्व मंगलवार से शुरू होकर शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न होगा। शहर भर में घाटों और तालाबों की साफ-सफाई के साथ कृत्रिम तालाब भी तैयार कर दिए गए हैं। महेवा थोक मंडी सहित बाजारों में छठ पूजा के लिए आवश्यक सामानों की जमकर खरीदारी हो रही है।

### रामगढ़ताल पर भी होगी छठ पूजा

इस बार रामगढ़ताल किनारे भी छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। नए बांध के पास मोहद्दीपुर क्षेत्र में 500 से अधिक परिवार यहां पूजा करने की योजना बना रहे हैं। सर्किट हाउस, सहारा इस्टेट और प्राणी उद्यान के निकट भी तालाब किनारे पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं।

### छठ महापर्व का दिनवार कार्यक्रम

- पहला दिन (नहाय-खाय)रू 5 नवंबर व्रती महिलाएं स्नान के बाद कद्दू-भात का भोजन करेंगी और संकल्प लेंगी।
- दूसरा दिन (खरना)रू 6 नवंबर इस दिन महिलाएं शाम को प्रसाद ग्रहण करेंगी, पूरे दिन का उपवास होगा।
- तीसरा दिन (संध्या अर्घ्य)रू 7 नवंबर व्रती महिलाएं निर्जल व्रत रखकर शाम 5रू29 बजे अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी।
- चौथा दिन (उगते सूर्य को अर्घ्य)रू 8 नवंबर सुबह 6रू32 बजे उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा।

### इन जगहों पर खरीदारों की रही भीड़

शहर के विभिन्न मार्केटों पर शुक्रवार को खरीदारों की काफी भीड़ देखी गई। महानगर के गोलघर, घंटाघर, अलीनगर, असुरन, राप्तीनगर, बेतियाहाता, पांडेयहाता, विजय चौक, रूस्तमपुर, गोरखनाथ, मोहरीपुर आदि विभिन्न बाजारों में अधिकांश भीड़ रही।



### महंगे हुए बांस के सामान

छठ पूजा को देखते हुए शहर में बांस के सामन में सूप, टोकरी, डगरा, कोनिया आदि की बिक्री खूब हुई। बांस के टोकरी, सूप छठ पूजन सामग्री की बजाय पीतल की सूप, कोनिया, डगरी का प्रयोग करने लगे हैं। बांस से तैयार टोकरी, सूप की कीमत में इस वर्ष मामूली इजाफा देखा जा रहा है।
दुकानदार विनोद कुमार ने कहा कि बांस की कीमत में इजाफा से इससे निर्मित सामान पर मुनाफा में कमी आई है। महंगे दरों पर बांस से करीब आधा दर्जन सामान तैयार होता है। बाजार में इन दिनों टोकरी 200 से 250, सूप 60 से 70 रुपए में बिक रहा है।

### जिला प्रशासन ने 300 से अधिक स्थानों पर तैयार कराया कृत्रिम तालाब

नगर निगम के साथ पंचायती राज विभाग ने इस बार शहर में 300 से अधिक स्थानों पर कृत्रिम तालाबों की व्यवस्था की है। लालडिग्गी पार्क, शाहपुर, राप्तीनगर, तारामंडल और कई अन्य क्षेत्रों में भी सफाई और सजावट की गई है। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के अनुसार, शनिवार शाम तक सभी तालाबों में पानी भर दिया जाएगा। घाटों पर पथ प्रकाश, बैरिकेडिंग और लाइट की व्यवस्था भी की जा रही है, साथ ही कीचड़ भरे रास्तों पर लोहे की चद्दरें बिछाई जा रही हैं।

### माताएं पुत्रों की लंबी उम्र के लिए कर रही हैं व्रत

ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद तिवारी बताते हैं कि छठ व्रत माताएं अपने पुत्रों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए करती हैं। इस व्रत में शक्ति स्वरूपा माता षष्ठी और भगवान सूर्य की उपासना होती है। माना जाता है कि इस व्रत से भगवान भास्कर सभी कष्टों को दूर करते हैं, और माता षष्ठी पुत्रों की रक्षा करती हैं।

# सरकारी स्कूल में खूब छाया रहा आर्केस्ट्रा में अश्लील गीतों पर डांस, जिम्मेदार मौन

जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर

विकास खंड फरेंदा के ग्राम पंचायत रामनगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर में लक्ष्मी पूजा के दौरान चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम के दौरान आर्केस्ट्रा डांस के आयोजन में जमकर अश्लील गाने पर ठुमके लगाए गए, जिसका विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिससे गांव के संभ्रांत लोगों में काफी रोष व्याप्त है।रिद्धि-सिद्धि के अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी की पूजा के दौरान विद्या के अधिष्ठात्री देवी सरस्वती के मंदिर में अश्लील गाने के साथ संचालित कर चार दिवसीय आर्केस्ट्रा पार्टी में डांसरों ने विद्यालय परिसर में जमकर ठुमके लगाए और लोग इस गाने पर मजेदार अंदाज में पेश आये तो वही किसी व्यक्ति द्वारा विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। विद्यालय परिसर में लोग आर्केस्ट्रा के अश्लील गानों पर डांस होने वाले इस वीडियो में नियम- कानून को दरकिनार करते हुए आर्केस्ट्रा पर नर्तकीयों के नृत्य का लुत्फउठा रहे थें। जिस शिक्षा के मंदिर में बच्चों को शिक्षा प्रदान किया जाता हैं उसी मंदिर में अश्लील गाने पर खूब ठुमके लगाए हैं।

### शादी विवाह जैसे आयोजनों पर है पाबंदी तो कैसे आयोजित हुआ आर्केस्ट्रा डांस



जहां एक तरफसरकार ग्राम पंचायतों के विद्यालयों में शादी विवाह जैसा अनुष्ठान तक प्रतिबंधित कर दिया है वहीं फरेंदा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर के वनस्पति जूनियर हाई स्कूल परिसर में लक्ष्मी पूजा के दौरान चार दिवसीय आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का संचालन आखिर किसके सह पर किया गया। क्या फरेंदा खंड शिक्षाधिकारी या प्रधानाचार्य के सह पर आर्केस्ट्रा डांस का आयोजन किया गया। और इतनी बड़ी लापरवाही हुई तो इन दोनों के खिलाफकार्रवाई क्यों नहीं हुई ,क्या विभागीय अधिकारी भी इसमें सम्मिलित है। इससे लोगों में रोष व्याप्त है। सूत्रों की माने तो सब साहब के रहमो-करम पर हुआ है । गांव में शादी का अनुष्ठान कराने के लिए विद्यालय परिसर के गेट तक नहीं खुलते हैं।विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती के विद्या मंदिर में चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया और विभाग को भनक तक नहीं लगा। कुछ दिन पूर्व फरेंदा के एक विद्यालय में एक गरीब घर की बेटी की शादी का रस्म पूरा करने के लिए उसके पिता शिक्षा विभाग के पास प्रार्थना पत्र देकर क अनुमति मांगी लेकिन नहीं मिला और उसे वापस लौटा दिया। मांगलिक कार्य आदि नहीं होगा साहब ने ऊपर के आदेश हवाला दिया।अब हैरत की बात यह है कि इस कार्यक्रम के लिए आखिर किसका आदेश लिया गया था, ग्रामीणजन भी जानना चाह रहे हैं।

### खण्ड शिक्षा अधिकारी नहीं दे सके जबाव

इस संबंध में फरेंदा खंड शिक्षाधिकारी सुदामा प्रसाद से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने जवाब देना मुनासिब नहीं समझा और पल्ला झाड़ लिया। इससे साबित हो रहा कि उच्चधिकारियों को अश्लील गाने पर ठुमके लगाए जाने की पूरी जानकारी थी,इस कारण उन्होंने स्पष्ट जवाब देना वाजिब नहीं समझें।

# मौलवी ने की संप्रदाय विशेष की नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ मुकदमा हुआ दर्ज

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जनपद के भिटौली थाना क्षेत्र के बिशुनपुरा में मंगलवार सुबह भोर में गांव के मस्जिद में रह रहे एक मौलवी एक नाबालिक लड़की को छेड़ रहा था। मामला संप्रदाय विशेष से जुडा होने के कारण पुलिस ने मौलवी सहित सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के बिशुनपुरा निवासी राधेश्याम वर्मा की नाबालिक पुत्री सुबह भोर में गांव में ही स्थित दूसरे के घर पर जा रही थी कि गांव के मस्जिद में रह रहे सिंदुरिया थाना क्षेत्र के जगदौर निवासी मौलवी गुलाम नबी ने रास्ते में लड़की का हाथ पकड़ लिया और बदनीयती से उसका दुपट्टा भी खींच लिया। घर पहुच कर जब लड़की ने इसकी जानकारी परिजनों को दी तो परिजन गांव के ही बहोरन जिसके घर मौलवी रह रहा था के घर पहुंच कर उक्त मौलवी की शिकायत करने लगे ।इतने में बहोरन, उसका लड़का मुन्नू एवं बहोरन की दो बहुएं आक्रोशित होकर लाठी डंडे से लड़की के बड़े पिता महेश वर्मा पर अचानक हमला कर दिया और बुरी तरह से मारने पीटने लगे, जिससे महेश वर्मा के सर में गंभीर चोट लगी है ।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराते हुए सभी आरोपियों को थाने पर उठा लाई ।मामला संप्रदाय विशेष से जुडा होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य ने बताया कि लड़की के बड़े पिता महेश वर्मा की तहरीर पर मौलवी गुलाम नबी, बहोरन, मुन्नू एवं बहोरन की दोनों बहुओं पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सीएम योगी के जिले में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मनरेगा योजना

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

एक तरफकेंद्र सरकार श्रमिकों को गांवो में ही रोजगार कराने के उद्देश्य से मनरेगा के तहत काम दे रही है जिससे कामगार अन्यत्र जगहों पर पलायन न करे। वही ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत हो रहे कार्यो का जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा निरंतर स्थलीय निरीक्षण नही किए जाने से महात्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है। ऐसा ही मामला सीएम योगी के गृह जनपद गोरखपुर के विकासखंड गगहा में प्रकाश में आया है जहां मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यो में एक चौथाई मजदूरों को कार्यस्थल पर लगा घर बैठे मजदूरों की हाजिरी लगा लाखों का गोलमाल किया जा रहा है। जन एक्सप्रेस की टीम ने ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न गांवों में हो रहे मनरेगा कार्यो की पड़ताल की तो चौकाने वाला सच सामने आया।

- विभागीय जिम्मेदारों की मेहरबानी से फर्जी तरीके से लगाई जा रही हाजरी
- ग्राम प्रधान, सचिव व एसपीओ बेखौफकर रहे हैं सरकारी धन की लूट खसोट

### बिना काम किए अपलोड की जा रही है फर्जी हाजिरी

ग्राम पंचायत सखरुआ में 28 अक्टूबर को तथा 5 पुनः नवम्बर को मंगरू गौंड के घर से तरैना तक मिट्टी कार्य कराया जाना दिखाया जा रहा है लेकिन कार्य स्थल पर कोई कार्य नहीं दिखा न ही श्रमिक,ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि कई महीने पहले इस पर कार्य हुआ था जबकि साइट पर आज दिखाया जा रहा है प्रतिदिन 5 मस्टरोल क्रमशः 4835ध4836ध4837ध4838ध 4839 व 4 मस्टरोल क्रमशः 5043ध5044ध5045ध5046 तथा हाजिरी प्रतिदिन 10 लोगों की लगाई गई है। कुल दिनों में लगभग हजारों श्रमिकों की हाजिरी लगी है ।







### घर बैठे श्रमिकों की अपलोड की जा रही है फर्जी हाजिरी

सवाल यह उठना लाजिमी है कि आखिरकार पूर्व में किए कार्यों को वर्तमान के दिनों में बिना काम कराए ही श्रमिकों की हाजिरी कैसे अपलोड की गई ? घर बैठे सैकड़ों श्रमिकों की फर्जी तरीके से ऑनलाइन हाजिरी लगा लाखों का गोलमाल किए जाने का मामला अधिकारियो के संज्ञान में आने के बाद मस्टररोल जीरो तक कार्यवाही सीमित रहती है या दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी होगी।

### बोले बीडीओ, जांच कराकर की जाएगी कार्रवाई

मनरेगा योजना में हो रही धांधली के संबंध में पूछे जाने पर खण्ड विकास अधिकारी गगहा ने कहा कि मामला मीडिया बंधुओं के माध्यम से संज्ञान में आया है जांच कराकर संबंधित जिम्मेदारों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी देशी शराब दुकानों पर धड़ल्ले से ओवर रेट बेची जा रही शराब

- सुबह 6 बजे खुल जाती हैं दुकानें, राहगीरों को झेलनी पड़ती है शराबियों की फब्तियां

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में अहले सुबह खुल जाती है सरकारी शराब की दुकानें, दुकानों पर तैनात मुनीम शराब की निर्धारित कीमतों से बीस रुपए अधिक वसूल कर बेचते हैं शराब।
जिले में सरकारी शराब की दुकानों के खुलने व बंद होने का समय निर्धारित है वहीं जनपद के तहसील कैम्पियरगंज के ग्राम सभा शिवपुर गांव में संचालित देशी शराब की दुकान सूर्योदय के साथ ही खुल जाती हैं और ओवर रेट में शराब बिक्री की जाती है सुबह से शराबियों के जमावड़े लगने से आने जाने वाले ग्रामीणों और स्कूली छात्राओं एवं मंदिर जाने वाली महिलाओं को दिक्कत का सामना करना पड़ता है शिवपुर चौराहे के पीछे गुलरिया रोड पर देसी शराब की दुकान संचालित 6 बजे सुबह ही खुल जाती है जबकि शासन द्वारा शराब की दुकान खोलने का समय सुबह 10रू00 बजे से रात्रि 10 बजे का निर्धारित है बावजूद इस दुकान का सेल्समेन सुबह 6रू00 बजे से दुकान खोल लेता है जहां शराबियों द्वारा शराब पीकर रास्ते से आने जाने वाले लोगों को गंदी-गंदी गालियां बकना शुरू कर देते हैं ऐसे में राहगीर छात्राओं , सुबह मंदिर जाने वाली महिलाओं व बच्चों को शर्मसार होना पड़ता है तथा सिर झुक कर निकालना पड़ता है, ज्यादा मुनाफे के चक्कर में सेल्समैन समय से पूर्व दुकान खोल लेता है 10 से ?20 महंगा बेचता हैं।सेल्समैन की मनमर्जी से चल रहे हैं शराब के ठेके से आमजन परेशान है।




### आबकारी अधिकारी का बयान संदेह के घेरे में

इस संबंध में पूछे जाने पर जिला आबकारी अधिकारी ने बचकानी बातें करते हुए कहा कि आप लोग भी जानते है कि धंधा करने के सबका अपना अपना तरीका है, और अब आप लोगों की निगाह इस पर आ गई है। दिखवाते है। जिला आबकारी अधिकारी का बयान संदेह के घेरे में है।

### पुलिस व आबकारी विभाग की मिलीभगत से समय पूर्व ओवर रेट बेची जाती है शराब

हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस की टीम जब उक्त सरकारी देशी शराब की पड़ताल की तो सेल्समैन ने बेखौफ कहा कि आप इसकी जानकारी आबकारी विभाग से पूछिए हम लोग क्यों ओवर रेट पर शराब बेचते हैं, साथ ही जन एक्सप्रेस टीम के सदस्यों को धमकी भरे अंदाज में कहा कि थाने पर फोन मिलाऊं। मतलब साफहै कि स्थानीय थाना पुलिस और आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत से शासन द्वारा निर्धारित समय के विपरित और ओवर रेट शराब बेचने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

# दबंग युवक ने सतीश यादव को मारा चाकू, इलाज के दौरान हुई मौत

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कसया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कनखोरिया में सतीश यादव पुत्र श्यामा प्रसाद यादव को आपसी विवाद में उसी गांव के निवासी सत्यम तिवारी व शुभम तिवारी पुत्रगण आनन्द प्रकाश तिवारी द्वारा चाकू मार दिया जिसकी अस्पताल में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कसया के साथ मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया व परिजनों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली गयी एवं महोदय द्वारा अधिकारीगण को उचित दिशा निर्देश दिये गये। प्रकरण के संबंध में की जा रही अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# समाजसेवी विनायक सिंह और आदित्य सिंह ने की सीएम योगी मुलाकात

- प्रदेश के विकास पर की चर्चा, आत्मनिर्भर भारत को लेकर यूपी विकास की जताई उम्मीद

जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा



सेंट एंड्रयूज पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. विनायक सिंह और उनके बेटे, चौरी चौरा के प्रमुख समाजसेवी आदित्य सिंह ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों ने प्रदेश के समग्र विकास, आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना, और राज्य में सुधारों पर चर्चा की।
दीपावली के अवसर पर सीएम योगी को शुभकामनाएं देते हुए आदित्य सिंह ने कहा, ष्मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। उनकी नीतियां आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। प्रदेश में श्ईज ऑफ डूइंग बिजनेसश् और निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए गए सुधारों से राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल रही है। आदित्य सिंह ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में चल रहे श्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासश् के अभियान की सराहना की और कहा कि यह नारा न केवल राज्य की राजनीतिक स्थिरता को मजबूती दे रहा है, बल्कि हर वर्ग के लोगों के विकास के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहा है।
सीएम योगी से इस मुलाकात के बाद आदित्य सिंह ने राज्य के भविष्य के प्रति अपनी उम्मीद जताई और कहा कि उत्तर प्रदेश जल्द ही देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बनाएगा।

# आम आदमी पार्टी ने की गडौरा चीनी मिल चालू करने की मांग

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और सिसवा विधानसभा 317 के प्रभारी जाहिद अली के नेतृत्व मे पार्टी कार्यकर्ताओं ने निचलौल तहसील पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम से संबोधित ज्ञापन एसडीएम निचलौल को दिया और मांग किया कि गडौरा चीनी मिल पर क्षेत्र के किसानों का करोड़ों रूपए बाकी है जो मिल मालिक द्वारा किसानों का बकाया गन्ने का मूल्य भुगतान नहीं किया गया जिससे किसान काफी परेशान है समस्या को देखते हुए तत्काल गन्ने का बकाया मूल्य भुगतान किया जाए और कई वर्षो से गेडौरा चीनी मिल बंद है मिल बंद होने के कारण क्षेत्र के किसानों को अपना गन्ना दुसरे जिले में तथा नेपाल के मिलो पर गिराने को मजबूर है या सस्ते दामों पर बेचने को मजबूर है, किसानों को गन्ने का उचित मूल्य नहीं मिल रहा अगर मिल चालू रहता तो किसानों का गन्ना आसानी से गिरता मिल बंद होने से क्षेत्र के किसान काफी दुखी है किसानों के परेशानी को देखते हुए तत्काल बंद चीनी मिल चालू कराई जाए प्रदर्शन के दौरान राधेश्याम यादव,अलगू चौधरी, खुर्शीद मलिक, दशरथ, विजय, विद्यासागर, समसुद्दीन, गीता, रेखा, सलहंती, आबिद अली, राम अचल, आमानुल्लाह, मुर्तुजा, विशाल, अली मुहम्मद सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिलाध्यक्ष ने सदर विधायक की सक्रिय सदस्यता का किया नवीनीकरण

**देवरिया।** भाजपा जिला कार्यालय पर देवरिया सदर विधायक डाक्टर शलभ मणि त्रिपाठी को जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने भाजपा की सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर एक कदम समाज के हर वर्ग के बेहतर समृद्धि और चौमुखी विकास की दिशा में बढ़ रहा है, जो देश व प्रदेशवासियों के सपनों को साकार करने का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। उन्होंने संगठन के इस महा अभियान में सम्मिलित होकर माँ भारती की सेवा हेतु संकल्पित होने की सभी से अपील की। सदर विधायक डाक्टर शलभ मणि त्रिपाठी ने जिलाध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही साथ ही राजनीतिक दलों में अनूठी पार्टी भी है। कोई राजनीतिक दल लोकतांत्रिक तरीके से हर 6 साल में सदस्यता अभियान नहीं करता।

# 16.92 लाख की लागत से बने मनरेगा पार्क का हुआ लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कप्तानगंज विकास खन्ड के पिपरामाफी 16.92 लाख की लागत से बने मनरेगा पार्क का का लोकार्पण उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष अतुल सिंह व ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष विशाल सिंह ने वैदिक मंत्रोचार के बाद फीता काटकर किया।
इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष अतुल सिंह ने कहा कि पिपरामाफी गांव मनरेगा पार्क से गांव के हर लोगो को लाभ मिलेगा गांव के युवा इस पार्क में अपनी सफलता की तैयारी दौड़ लगाकर करेंगे वहीं सेहत का लाभ भी मिलेगा ।
प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार समूचे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से कर रही है प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने गांव के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं को चलकर आम जनता को मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रही है।
मनरेगा के तहत हरगांव के मजदूर को रोजगार देने के लिए गांव में मजदूरों को 100 दिन का रोजगार दिया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज काम कर रहे हैं जनता चारों तरफ खुशहाली है कप्तानगंज ब्लाक के विकास के लिए मैंने कसम खाया था जो आज पूरा होता दिख रहा है।



खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार शुक्ला ने कहा कि 16.92 लाख की परियोजनाओं से पिपरामाफी का विकास जनता के लिए मील का पत्थर है। सरकार द्वारा जारी योजना के तहत रोजगार को लेकर मनरेगा के तहत गांव के गरीब मजदूरों को रोजगार दिया जा रहा है हर मजदूर अपना पंजीकरण कराकर 100 दिन का रोजगार लेने के लिए अपने गांव के ग्राम पंचायत अधिकारी से संपर्क कर रोजगार प्राप्त कर ले।
आए हुए आगंतुकों का आभार जेई संतोष कुमार राय ने व्यक्त किया।
इस दौरान दिनेश सिंह राजेश साहनी रानू अग्रहरी सचिव संतोष गुप्ता सत्येंद्र सिंह विजय सिंह , एपीओ अरविंद कुमार भार्गव प्रमोद कुमार सिंह, डॉ जीपी सिंह डॉक्टर बबलू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# 2025 के महाकुम्भ में मुक्त विश्वविद्यालय अपनी भूमिका का निर्वाह करें : राज्यपाल

- मुक्त विश्वविद्यालय युवाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित-जे पी नड्डा
- राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का 27 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया






**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के 27 वें स्थापना दिवस समारोह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए मंगलवार को कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय शिक्षा रूपी प्रकाश की रश्मि से जीवन को प्रकाशमान करने का कार्य कर रहा है।अभी कुछ दिनों पूर्व हमने दीपावली का पर्व मनाया है।सभी जगह प्रकाश फैलाकर अंधकार को दूर किया है उसी प्रकार हमें शिक्षा का प्रकाश फैला कर अशिक्षा बेरोजगारी एवं अज्ञान का अंधकार मिटाना है।राज्यपाल पटेल ने कहा कि शिक्षा सभी नागरिकों का मूलभूत अधिकार है। किसी भी देश के विकास का पैमाना वहां के लोगों के शैक्षिक होने की दर है।शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो संस्कारित हो और देश प्रेम के सद्गुणों को विकसित करे।राज्यपाल ने कहा कि 2025 के महाकुम्भ में मुक्त विश्वविद्यालय को अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए।अभी कुछ दिनों पूर्व अयोध्या में अवध विश्वविद्यालय में बहुत अच्छा कार्य किया।इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री भारत सरकार जगत प्रकाश नड्डा ने अपना वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि शिक्षा में तकनीक प्रौद्योगिकी और भारतीय ज्ञान परंपरा के समागम की परिणीति राष्ट्रीय शिक्षा नीति है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय युवाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार और उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के जरिए अमृत काल में देश का युवा विकसित भारत का निर्माण कर सकता है।तिलक सभागार में स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में मुक्त विश्वविद्यालय सिर्फ योजनाओं का निर्माण ही नही कर रहा है। बल्कि नई शिक्षा नीति के अनुरुप योजनाओं एवं शिक्षण प्रक्रिया का क्रियान्वयन भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में शिक्षा आवश्यक है।वर्तमान समय में रोजगार परक एवं कौशल विकास के पाठ्यक्रमों के जरिए जन जन तक उच्च शिक्षा का प्रचार प्रसार आवश्यक है।विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अनन्त विजय ने कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक एवं भाषाई विरासत पर गर्व करना चाहिए। उच्च शिक्षा की विसंगतियों को दूर करने के लिए वर्तमान में दूरस्थ शिक्षा एक सजग माध्यम है।उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में सांस्कृतिक साहित्यिक एवं सामाजिक तथ्यों के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परम्परा के बारे में शिक्षकों को अपने छात्रों को जानकारी देनी चाहिए।विजय ने कहा कि अकादमिक जगत और साहित्य में राष्ट्र समाज और देश के प्रति दायित्व बोध आवश्यक है।अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि दूर शिक्षा विशिष्ट प्रकार की शिक्षा पद्धति है,जो वर्तमान में सर्वाधिक प्रासंगिक है। विश्वविद्यालय का निर्माण इमारतों से नहीं बल्कि शिक्षकों एवं छात्रों से होता है। विश्वविद्यालय तकनीक युक्त नई योजनाओं पर कार्य कर रहा है। एक ओर जहां भारतीय ज्ञान परम्परा स्थानीय भाषाओं और संस्कृति से जुड़े पाठ्यक्रमों का संचालन हो रहा है,वहीं तकनीक स्वास्थ पोषण और विज्ञान के क्षेत्र में भी छात्रों को नवीन जानकारियां देने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि छात्रों और शिक्षकों को आपसी रिश्तो में संवेदनशील और राष्ट्र निर्माण के प्रति सजग होना होगा तभी हम नए मानक स्थापित कर पाएंगे।उद्घाटन सत्र का संचालन डॉक्टर स्मिता अग्रवाल ने तथा कुलगीत निकेत सिंह ने प्रस्तुतों किया। वाचिक स्वागत प्रोफेसर पी के पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।तकनीकी सत्र में स्थापना दिवस का प्रथम व्याख्यान मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एम पी दुबे ने दिया। प्रोफेसर दुबे ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा नयापन एवं विविधताओं का मार्ग प्रशस्त करती है।नई शिक्षा नीति की व्यवस्थाओं के अनुरूप मूक्स कृतिम मेधा और तकनीक का ज्ञान दूरस्थ शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए अति आवश्यक है।प्रोफेसर दुबे ने कहा कि विद्यार्थियों में संज्ञानात्मक ज्ञान वैज्ञानिकता रचनात्मकता जीवन जीने की कला वर्तमान चुनौतियों से निपट कर एक उज्जवल भविष्य के सपने को साकार करने में दूरस्थ शिक्षा सक्षम है।अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय की शिक्षण पद्धति को हमें तकनीक आधारित बनाना है क्योंकि बिना तकनीक के दूरस्थ शिक्षा पद्धति अधूरी है।विश्वविद्यालय के शिक्षकों को इसके लिए आत्म मंथन करना चाहिए।उन्होंने स्थापना दिवस पर राजर्षि टंडन को स्मरण करते हुए कहा कि जितना बड़ा राजर्षि टंडन का नाम है उतनी साख इस विश्वविद्यालय की भी होनी चाहिए।जिसके लिए हम सभी लोगों को मिलजुल कर बेहतर शिक्षा देने का प्रयास करना होगा।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर स्मिता अग्रवाल ने तथा विषय प्रवर्तन प्रोफेसर पी के पांडेय ने किया।कुलगीत निकेत सिंह वाचिक स्वागत डॉ त्रिविक्रम तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।स्थापना दिवस के प्रारंभ में अतिथियों ने राजर्षि टंडन की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया।

## रेलवे ने 32 हजार लोगों से वसूली 1.73 करोड़ की रकम

जन एक्सप्रेस/आगरा। आगरा रेल डिवीज़न यात्रियों की सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए संकल्पित है। आगरा रेल मंडल यात्रियों की सुविधाओं के साथ-साथ यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी रीडेवलप करने में जुटा है। यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने के साथ साथ रेलवे को आर्थिक क्षति पहुंचाने वाले लोगों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनन्द के नेतृत्व में चल रही टिकट चेकिंग में वाणिज्य विभाग टीम ने अक्टूबर माह रिकॉर्ड में 1.73 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। आगरा रेल डिवीजन बेटिकट, अनियमित टिकटधारक, बिना बुक्ड लगेज आदि के जरिए न सिर्फ अनाधिकृत यात्री और अनियमित गतिविधियों को रोकने का प्रयास कर रहा है, बल्कि विभिन्न आय स्रोतों से अधिक आय अर्जन के निरंतर प्रयास कर रहा है।

# कक्षा दो के छात्र को स्कूल में बंद कर घर चले गए शिक्षक

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

प्राथमिक विद्यालय कजपुरा के शिक्षकों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां स्कूल में छुट्टी के बाद कक्षा दो के एक छात्र को कमरे में बंद कर सभी शिक्षक घर चले गए। छात्र घंटों बंद कमरे में रोता चिल्लाता रहा। स्थानीय ग्रामीण की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने ताला खुलवाकर छात्र को बाहर निकलवाया। प्राथमिक विद्यालय कजपुरा में 216 छात्रों का नामांकन है। सोमवार को विद्यालय में कक्षा 2 का छात्र अशरफ अली कमरे में बैठे-बैठे सो गया। इधर विद्यालय में छुट्टी के बाद सभी छात्र-छात्राएं व स्टाफ अपने-अपने घर चले गए। स्कूल के कमरे में ताला लगाते समय किसी ने बच्चे का ध्यान नहीं दिया। बच्चा करीब 2 घंटे तक विद्यालय के कमरे में रोता चिल्लाता रहा। खिड़की से झांक कर आशा भरी नजरों से मदद के लिए पुकारता रहा। बताया जाता है कि किसी ग्रामीण की नजर जब बच्चे पर पड़ी तब उसने प्रधान प्रतिनिधि मो 0 आफताब को सूचना दी। प्रधान की शिकायत पर प्रधानाध्यापक राम जी गुप्ता विद्यालय पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्कूल के कमरे का ताला खोलकर रात में ही बच्चे को बाहर निकला गया। उधर घटना के बाद विद्यालय के शिक्षकों की लापरवाही से छात्र के अभिभावकों में भारी गुस्सा है। प्रधान के समझाने के बाद प्रधानाध्यापक राम जी गुप्ता ने अपनी गलती स्वीकार कर ली उसके मामला शांत हो गया। शिक्षकों की बड़ी लापरवाही की हर तरफ चर्चा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर कमरे में बंद बच्चे को सुरक्षित बाहर निकलवाया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# शिवपाल यादव ने डीएम से की मुलाकात

- कटेहरी विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने की रखी मांग

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अविनाश सिंह से मुलाकात कर कटेहरी विधानसभा के आगामी उपचुनाव में निष्पक्षता बनाए रखने की मांग की। शिवपाल यादव अपने साथ सांसद लालजी वर्मा, विधायक राम अचल राजभर, राम मूर्ति वर्मा, त्रिभुवन दत्त, जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव और डॉ. अभिषेक सहित अन्य नेताओं को लेकर लगभग कलेक्ट्रेट पहुंचे।

करीब 40 मिनट की इस बैठक में शिवपाल यादव ने जिलाधिकारी के सामने कई गंभीर शिकायतें रखीं। उन्होंने कहा कि पहले उपचुनाव की तिथि 13 नवंबर थी, लेकिन अब इसे 20 नवंबर कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले प्रशासनिक अधिकारी, विशेष रूप से जिला पंचायत अधिकारी, डीडीओ, वीडीओ और एडीओ, गांव-गांव जाकर लोगों को धमका रहे हैं। उनका आरोप है कि समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों को भयभीत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्हें धमकी दी जा रही है कि अगर उन्होंने समाजवादी पार्टी को वोट दिया तो उनके खिलाफ मुकदमों का अंबार लगा दिया जाएगा, जिससे वे कानूनी समस्याओं में उलझ जाएँगे।

शिवपाल यादव ने डीएम अविनाश सिंह से अपील की कि आगामी उपचुनाव निष्पक्षता से हो और किसी भी प्रकार की दबाव की स्थिति में मतदान न कराया जाए। उन्होंने जिलाधिकारी से निवेदन किया कि प्रशासन के अधिकारियों पर नजर रखी जाए ताकि किसी भी तरह का पक्षपात न हो।

जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि प्रशासन निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

डीएम कार्यालय से बाहर आने के बाद शिवपाल यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है और इसकी रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी हर संभव कदम उठाएगी। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि सभी मतदाताओं को बिना किसी भय के अपने मत का प्रयोग करने का अधिकार मिलना चाहिए।

## विश्वामित्र ने राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए मांगा राम और लक्ष्मण को

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

आदर्श रामलीला समिति के तत्वाधान में सीहमऊ मोलनापुर में चल रही रामलीला में सोमवार को राम जन्म से लेकर ताड़का वध का मंचन हुआ। स्थानीय कलाकारों के बेहतरीन अभिनय को श्रद्धालुओं ने खूब सराहा।

रामलीला मंचन में दिखाया गया कि राक्षसों के विघ्न पैदा करने से परेशान ऋषि मुनियों को महर्षि विश्वामित्र समस्या का हल निकालने के लिए भरोसा देते हैं। वह अयोध्या नरेश दशरथ से मिलने जाते हैं। राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए राम लक्ष्मण को मांगते हैं। पहले तो पुत्र मोह में राजा दशरथ संकोच करते हैं लेकिन विश्वामित्र के समझाने पर वह राम लक्ष्मण को भेजने के लिए तैयार हो जाते हैं। रास्ते में प्रभु श्री राम ने ताड़का नामक राक्षसी का वध किया। विश्वामित्र ने राम लक्ष्मण को अपने आश्रम ले जाकर यज्ञ कराया। यज्ञ की रक्षा के लिए राम लक्ष्मण धनुष बाण लिए दिन-रात तैयार रहते हैं। यज्ञ नष्ट करने के लिए मारीच और सुबाहू नामक रक्षा आते हैं। राम लक्ष्मण दोनों का वध कर देते हैं। इसके बाद विश्वामित्र राम लक्ष्मण को लेकर जनकपुर के लिए रवाना हो जाते हैं। अध्यक्ष राम जगत राजभर, कोषाध्यक्ष रक्षा राम यादव, प्रबंधक पवन कुमार साहू, संचालक राम अनुज यादव, विपिन मौर्य आदि ने सहयोग किया।
ढ्ढस्न-20241105-ढ्ढ0005



# जिलाधिकारी के न आने से मायूस हुए फरियादी

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

मेजा तहसील सभागार में आज सोमवार को तहसील दिवस में डीएम नही आ सके।जिससे फरियादी मायूस हुए हालांकि उपस्थित अधिकारी उप जिलाधिकारी मेजा व सहायक पुलिस आयुक्त मेजा की संयुक्त अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ।नवम्बर महीने में जिलाधिकारी प्रयागराज की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन निश्चित था।इसको लेकर तहसील प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई थी।इस दिवस पर डीएम आएंगे ऐसी सूचना पर आम जनता के चेहरे पर काफी खुशी थी वे अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए तहसील दिवस पर पहुँचे थे।लेकिन अचानक कार्यक्रम में परिवर्तन के बाद शिकायतकर्ताओं में काफी मायूसी हो गए।जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के न आने पर तहसील दिवस का कार्यक्रम को उपजिलाधिकारी मेजा दशरथ कुमार व एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता ने संभाला दोनों अधिकारीयो ने आए हुए फरियादीयो की बारी बारी से समस्याओं को सुना वही शिकायतो से जुड़े अधिकारीयो को शीघ्र निस्तारण किये जाने के कड़े निर्देश दिए।इस दिवस पर कुल 152 शिकायतें प्राप्त हुई।जिसमे मौके पर राजस्व के 08 शिकायतो का निस्तारण किया गया।शेष में जन सुनाई के लिए उपस्थित रहे अधिकारीयो ने विभागीय अधिकारियों को निस्तारण करने का फरमान सुनाए।प्राप्त शिकायतों में पुलिस के 33, राजस्व के 54, विकास 13 शिक्षा विभाग के04 व अन्य विभागों के 48 शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतो के निस्तारण में तहसीलदार मेजा आकांक्षा मिश्रा नायब मेजा अश्वनी कुमार तिवारी, नायब लालतारा राजेन्द्र सिंह नायब माण्डा अनुग्रह सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चाचा भतीजे की मौत के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया इंकार

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



जगतपुर उतराव थाना क्षेत्र के आराकला कजरीगढ गांव में दीपावली के दिन दीवार पर दिया जलाने को लेकर पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट हुई थी।मारपीट में एक पक्ष से एक युवक की हालत गम्भीर हो गई थी।घायल युवक के इलाज के दौरान मौत हो गई।वही इलाज के दौरान मृतक पवन के चाचा जितेन्द्र का भी देर शाम मौत हो गई।प्राप्त जानकारी अनुसार उतराव थाना क्षेत्र के आरा कला कजरीगढ़ गांव निवासी दिलीप कुमार दुबे व पड़ोस के राम अभिलाष यादव में दीपावली के दिन दीवार पर दिया रखने को लेकर विवाद हो गया था।मारपीट में पवन कुमार दुबे के सिर पर गम्भीर चोट लगने से वह जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़े बीच बचाव करने पहुंचे परिजनों को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया।मारपीट में गम्भीर रूप से घायल पवन कुमार उम्र 32 पुत्र राजेन्द्र प्रसाद का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था।इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई।वही मृतक पवन के चाचा जितेन्द्र द्विवेदी का भी देर शाम मौत हो गई।पुलिस ने मृतक जितेन्द्र द्विवेदी का देर रात पोस्टमार्टम कराया गया।सुबह परिजनो द्वारा दोनो शवो को घर पर रखकर अंतिम संस्कार से इंकार करते हुए मुआवजे व अन्य पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के मांग पर अड़े रहे।परिजनों की मांग है कि मुआवजा के रूप में एक शस्त्र लाइसेंस एक नौकरी सड़क निर्माण घर ध्वस्तीकरण सहित अन्य मांग की गई।फिलहाल पीड़ित परिवार के घर पर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही।मृतक जितेन्द्र द्विवेदी चार भाइयों में तीसरे नम्बर का भाई था।उनके दो बेटे हैं।पत्नी मनीषा देवी सहित घर के परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल है।घटनास्थल पर डी सी पी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत एडीएम फाइनेन्स विनय कुमार सिंह एसीपी फूलपुर पंकज कुमार लवानिया एसीपी हंडिया सुनील कुमार सिंह समेत कई थाने की फोर्स व पीएससी बल उपस्थित रहे।जिलाधिकारी प्रयागराज रविन्द्र कुमार मादड़ के आशाश्वाशन पुलिस आयुक्त एन लोलांची एवं ऐप जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के समझाने बुझाने पर पीड़ित परिवारजनो ने आश्वासन के बाद दोनों शवों को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।आराकला गांव पुलिस छावनी में तब्दील रहा।चाचा भतीजे की मौत के बाद ग्रामीण क्षेत्र में पसरा सन्नाटा।पुलिस टीम ने परिजनो से बात करते रहे दोनो शवो के पास रोते बिलखते परिजन।दस व कई अज्ञातो के खिलाफ मारपीट व हत्या के प्रयास में पुलिस ने दर्ज किया था मुकदमा पीड़ित दिलीप कुमार द्विवेदी की तहरीर पर पुलिस ने रवि शंकर यादव ध्रुव शंकर रतन सिंह लव कुश राम अभिलाष धारा सिंह कुलदीप विकास यादव चिंतामणि विपिन यादव व कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पुलिस टीम कर रही है।पांच लोगों को पुलिस ने जेल भेज चुकी है बाकी आरोपी अभी पुलिस के पकड़ से बाहर है स्थानीय पुलिस ने तलाश में जुटी हुई है।मौके पर उपस्थित लोगों ने उतराव पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।एसडीएम हंडिया के खिलाफ भी लोगों ने रोष जताया। *पीड़ित परिवार के घर पहुंचे कई जनप्रतिनिधि।* आराकला कजरीगढ गांव में मृतक परिवार के घर भाजपा के जिलाध्यक्ष कविता पटेल व पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय मुकेश दुबे बुलबुल त्रिपाठी आदि जनप्रतिनिधियो ने पीड़ित परिवार से मिलकर उनको सांत्वना देते हुए हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के थाना सम्मनपुर क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से इसी थाना क्षेत्र के दूसरे गांव का युवक प्रेम करता था। युवक ने शादी का झांसा देकर किशोरी से कई बार शारीरिक संबंध बनाया। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का यह सिलसिला करीब साल भर तक चला। किशोरी ने जब युवक पर शादी का दबाव बनाया। तो प्रेमी शादी से इन्कार कर दिया और परदेश भाग गया। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। और गिरफ्तारी के लिए आरोपित की खोज शुरू की। आरोपित दीपावली में किसी कार्य के सिलसिले में गांव आया था। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित कटुई पहाड़पुर निवासी राहुल यादव को पलई कल्याणपुर से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित को जेल भेजा गया है। थाने में आरोपित के विरुद्ध पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं।

## उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा व तहसीलदार कोरांव के आश्वासन पर अधिवक्ताओं ने खत्म की हड़ताल

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

तहसील कोराव में उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह के विरुद्ध अधिवक्ताओं की लगभग माह भर से चल रही हड़ताल आज अधिवक्ताओं की माग पूरी होने पर खत्म हो गई।बताते चलें कि तहसील कोराव में उपजिलाधिकारी द्वारा समय से कार्यों का निस्तारण न करने को लेकर अधिवक्ताओं में उनके प्रति भारी आक्रोश व्याप्त था जिस पर नाराज अधिवक्ताओं ने लगभग माह भर पूर्ण से उनके खिलाफ उनके कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए थे और अधिवक्ताओं का कहना था कि जब तक उप जिलाधिकारी आकांक्षा सिंह का स्थानांतरण तहसील कोराव से अन्य तहसीलों में नहीं कर दिया जाता तब तक यह हड़ताल खत्म नहीं होगी अधिवक्ताओं का कहना था कि उपजिलाधिकारी हमारी मांगों को पूरा करें जिसमें मुख्य रूप से समय से रिपोर्टिंग की फाइलों का निस्तारण करना समय से कोर्ट का संचालन करना सुबह 10ञ्00 से 12ञ्00 बजे तक जनसुनवाई में बैठना और शाम 3ञ्00 बजे से 4ञ्00 बजे तक जनसुनवाई में बैठकर आम जनमानस की समस्याओं को सुनना और उसका निस्तारण करना आदि प्रकरणों पर यदि हमारी माग पूरी की जाती है तो यह हड़ताल खत्म होगी जिस पर उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह मंगलवार को अधिवक्ताओं के बीच दोपहर में 1ञ्00 बजे के करीब पहुंचकर उनके साथ एक समन्वयक बैठक की और अधिवक्ताओं की मांगों को पूरा किया कहा कि मैं विश्वास एवं भरोसा दिलाती हूं कि आपकी हर एक मांगों को जल्द से जल्द निस्तारित करके आप लोगों के बीच में एक संदेश दूंगी जिससे हमारे प्रति आप सब की गलत भ्रांतियां दूर हो सके।

## पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** थाना लालापुर मंगलवार शाम पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा शाम गश्त के दौरान ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि वे आने-जाने वाले लोगों व वाहनों को बारीकी से जांच करें और संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने लोगों से कहा कि पुलिस उनके साथ है। परेशानी होने पर सूचना दें, समस्या का समाधान किया जाएगा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को कायम रखने व अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिदिन कस्बे में पैदल गश्त व रात्रि गश्त की जा रही है। पुलिस के पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं नागरिक पुलिस की गश्त से सुरक्षा महसूस कर रहे हैं कस्बे में गश्त करती पुलिस टीमों को देखकर बदमाश भूमिगत हो रहे हैं।

# लोधा में श्रीमद भागवत कथा से पहले हुआ सामूहिक महायज्ञ

- किसी भी शुभ कार्य हेतु यज्ञ नारायण का आशीर्वाद जरुरी: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ**




खैर रोड स्थित गाँव लोधा में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में 108 कुण्डीय सामूहिक महायज्ञ का आयोजन किया गया। मंगलवार को प्रातः परम पूज्य स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के निर्देशन में आचार्य गौरव शास्त्री,रवि शास्त्री,ऋषि शास्त्री एवं ओम वेदपाठी आदि आचार्यों द्वारा कथा में सम्मिलित होने वाले यजमानों के साथ अन्य ग्रामीणों द्वारा 108 कुण्डीय महायज्ञ में आहुतियाँ दिलवायीं।यज्ञ से पूर्व गणेश,गौरी,भूमि एवं नवग्रह आदि देवताओं का ध्यान किया गया और वैदिक मन्त्रोंच्चार के साथ स्तुति पाठ भी किया गया। स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने इस अवसर पर जानकारी देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में यज्ञ का विधान प्राचीन काल से चला आ रहा है किसी भी कार्य से पूर्व राजा महाराजा भी यज्ञ भगवान से अनुमति लेकर कार्य आरम्भ करते थे,वहीं अलीगढ जनपद के लोधा क्षेत्र में कथा व्यास पूज्य मीरा समदर्शनी जी के मुखारविन्दु से होने वाली श्रीमद भागवत कथा के सकुशल आयोजन हेतु यज्ञ नारायण भगवान द्वारा आशीर्वाद लेकर सभी यजमानों द्वारा आहुतियाँ डाली जा रहीं हैं,जिससे निर्विघ्न आयोजन संपन्न होगा। सांय कालीन बेला में कथा व्यास ने श्रीमद भागवत कथा के महत्व के बारे में बताया कि श्रीमद्भागवत की कथा देवताओं को भी दुर्लभ है। यह भागवत की कथा भगवान की कृपा से प्राप्त हो पाती है। श्रीमद्भागवत की कथा भगवान की प्राप्ति कराने वाली है। यह कथा मृत्यु के भय को दूर करके भगवान की और आगे बढ़ाती है और भक्ति के साथ-साथ हमारे ज्ञान वैराग्य को बल देती है।श्रीमद्भागवत में भक्तों की ऐसी दिव्य कथाएं हैं जिनको सुनकर हृदय में भक्ति का उदय होता है और साथ ही साथ मनुष्य के जीवन में सुधार होता है। वह मनुष्य अपना जीवन तभी पूर्ण कर सकता है जब वह भगवान की भक्ति करेगा।

# छठ महापर्व- नहाएं खाएं के साथ छठ महापर्व की हुई शुरूआत

- छठ महापर्व पर व्रतधारी महिलाएं छत्तीस घंटे का रखती हैं कठोर निर्जला व्रत
- छठ पूजन पर अस्तगामी सूर्य देव का पूजन इस पर्व की है विशेषता

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



हजारा। छठ महापर्व का आज मंगलवार से नहाएं खाएं के साथ छठ पूजन की शुरुआत हो गई है।तीन दिन तक चलने वाले इस छठ महापर्व की धूम पूरे ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं पड़ोसी मुल्क नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में देखने को मिलेगी।श्रद्धालुओं ने छठ वेदियों की साफ-सफाई रंगाई-पुताई कर पूजन की तैयारी में जुटे हुए हैं।
पूर्वांचल का प्रसिद्ध त्योहार छठ पूजा मंगलवार से नहाएं खाएं के साथ छठ पूजा की शुरुआत हो चुकी है।मंगलवार को व्रत रखने वाली महिलाएं लौकी एवं गुड़ से बनी खीर का सेवन कर छठ महापर्व का पूजन की शुरुआत कर दीं हैं।पूर्वांचल में मनाएं जाने वाले त्योहारों में छठ पूजा का अपना अलग ही महत्व एवं धूम रहती है।छठ महापर्व में व्रत धारी महिलाएं 36 घंटे का कठोर निर्जला व्रत रखकर अपने पुत्र पति एवं परिवार के सभी सदस्यों की लंबी आयु के लिए प्रार्थना करती है तो वही घर परिवार गांव क्षेत्र में खुशहाली के लिए छठ माता से आराधना भी करती हैं।
छठ पूजा का आगाज मंगलवार से नहाएं खाएं के साथ शुरू हो गया है तीन दिन तक छठ पूजन की धूम पूरे ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों मे बने छठ वेदियों पर देखने को मिलेगा। श्रद्धालु इस दिन अस्तगामी सूर्य देव एव उदय होते सूर्य देव को अर्घ देकर पूजा अर्चना करती हैं।

### ट्रांस शारदा क्षेत्र के इन वेदियों पर होगी छठ पूजा

छठ महापर्व पर ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणा प्रताप नगर, राजीव नगर, गौतम नगर, विजयनगर, श्रीनगर, मुरैना गांधीनगर, अशोकनगर, शांतिनगर, रामनगर, नेहरू नगर, लक्ष्मण नगर, चंदनगर, बहादुर नगर, राहुल नगर मजदूर बस्ती, राहुल नगर सखुवानी के अलावा नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव शास्त्री नगर, सिध्द नगर, खजुरिया, टांगिया, कमलापुरी, गोविंद नगर, इंदिरा नगर, बसही, कृष्णानगर, संपूर्णानगर, मिलन बाजार आदि गांव की छठ वेदियों पर धूमधाम से पूजा-अर्चना होगी।

# आंतरिक जांच में सही पाए गए उगाही के आरोप, दो एमटी एक पायलेट टर्मिनेट

- डेढ़ घंटे देर से पंहुचे एंबुलेंस कर्मियों पर लगा था वसूली का आरोप
- चिकित्सा वाहन एंबुलेंस अधिकारी और सीएमओ से की गई थी शिकायत

> तीनों एंबुलेंस कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है। आशा की शिकायत नहीं की गई है। अगर शिकायत की जाती है तो उसकी जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।
> डॉ आलमगीर, प्रभारी चिकित्साधिकारी पूरनपुर।

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

फोन कॉल के डेढ़ घंटे देर से पहुंचे एम्बुलेंस पर तैनात एमटी और पायलट द्वारा प्रसूता के स्वजनों से अवैध उगाही करने की शिकायत पर हेड क्वार्टर से जांच करने पहुंची आंतरिक टीम की जांच में आरोप सही पाए गए।तीनों कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई।।कार्रवाई से अन्य चालकों में खलबली मची हुई है।
महकमे में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर होनी वाली अवैध उगाही पर लगाम नहीं लग पा रही है। एंबुलेंस कर्मियों से लेकर सीएचसी स्टाफ आरोपों से घिरा हुआ है। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद निवासी रामसनेही शर्मा ने एंबुलेंस के प्रोग्राम प्रबंधक राकेश रोशन से की गई शिकायत में आरोप लगाया था कि 14 अक्टूबर को पत्नी प्रसव पीड़ा शुरू हुई थी। एंबुलेंस की मदद के लिए हेडक्वार्टर को कॉल की।एक घंटे बाद चालक संदीप और एमटी जानिश व विनीत एंबुलेंस लेकर पहुंचे। आरोप था डेढ़ घंटे तक महिला प्रसव पीड़ा से तड़पती रही। अस्पताल ले जाने के नाम पर उनसे पांच सौ रूपये अवैध रूप वसूल लिए। डिलीवरी के बाद घर छोड़ने के नाम पर पांच सौ रूपये और लिए। साथ गई आशा के माध्यम से सीएचसी में तैनात स्टाफ ने दो हजार रूपये की उगाही की। इसपर उन्होंने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की। एंबुलेंस के प्रोग्राम प्रबंधक राकेश रोशन से भी मामले की शिकायत की गई थी। हैडक्वाटर से पहुंची आंतरिक टीम को एमटी और पायलट पर लगे आरोप जांच में सही पाए गए।इसपर तीनों कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया। लेकिन अभी आशा और एएनएम पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। विभागीय अफसर आशा कार्यकत्री को बचाने की जुगत में लगे हुए हैं।

### दबंगों ने दलित महिला व उसकी दिव्यांग ननद से की छेड़छाड़

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। दबंगों ने घर के बाहर बैठी दलित महिला व उसकी दिव्यांग ननद से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज किया और विरोध करने पर छेड़छाड़ करते हुए घर में घुसकर मारपीट की पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी मैना देवी पत्नी राधेश्याम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि पीड़िता अपनी दिव्यांग ननद के साथ घर के बाहर दरवाजे पर बैठी हुई थी तभी गांव निवासी सत्यपाल पुत्र हजारीलाल आया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसकी ननद को धक्का देकर घर में घुस गया और अश्लील हरकतें करने लगा शोर शराबा सुनकर सत्यपाल के भाई रामप्रताप, गुड्डू सोनपाल, एवं हजारीलाल मौके पर आ गये और सामूहिक रूप से मारपीट करने लगे चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर बीच-बचाव किया तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए

# खाद वितरण में मनमानी का आरोप, विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन




जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

कृभको केंद्र पर डीएपी का वितरण न होने से नाराज़ किसानों ने मनमानी का आरोप लगाकर नारेबाजी की। केंद्र प्रभारी पर मनमाने तरह से केंद्र खोलने और रात्रि में खाद वितरण करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की।
धान की कटाई के बाद किसान तेजी से गेहूं की बुवाई करने में जुटे हुए हैं।गेंहू बुवाई के लिए उन्हें डीएपी और एनपीके खाद की आवश्यकता पड़ रही है। किसानों को जरुरत के अनुसार खाद नहीं मिल पा रही है। किसान सुबह ही साधन सहकारी समिति, इफको केंद्र आदि जगह पहुंच जाते हैं। लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं। इसके बाद भी उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। खाद उपलब्ध न हो पाने से उनके पलेवा किए हुए खेत सूख रहे हैं। इससे उन्हें नुकसान भी हो रहा है। किसानों ने बताया कि कई वर्षों से इस तरह की समस्या आ रही है। फिर भी खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं रहती। किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को महांदिया के सरकारी गोदाम में सुबह ही किसानों की भीड़ लग गई। लाइन में लगकर वह अपनी बारी का इंतजार करने लगे। बताया जा रहा है फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल सकी। यहीं हाल माधोटांडा रोड पर इफको केंद्र का रहा। यहां भी किसान पहुंचे लेकिन उन्हें निराश होना पड़ा। विरोध में किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।
शीघ्र खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की मांग की। किसानों ने भारतीय खाद नेपाल आदि में तस्करी करने के भी आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### पति सास ससुर और जेठ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के सौरइयां गांव में विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने विवाहिता के माता की तहरीर पर पति, सास, ससुर और जेठ के खिलाफ मारपीट और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दिया है। कानामऊ गांव स्थित अपने मायका में रह रही विवाहिता की माता नाशपाती देवी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसने अपनी पुत्री सुनीता देवी का विवाह गत 19 सितंबर को सौरइया गांव निवासी रामबली के पुत्र अमित के साथ एक मंदिर में किया था। शादी के बाद से ही उसकी पुत्री को पति व ससुर के अलावा सास कमला देवी और जेठ पप्पू उर्फ प्रीतम गौतम दहेज के लिए मार पीट कर प्रताड़ित करते रहे। पखवाड़ा पूर्व उसे मारपीट कर मायके लाकर छोड़ गए। आरोप के आधार पर पुलिस ने उक्त चारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दायित्वों का उल्लंघन-अनुशासनहीनता में फंसे सीएमएस डॉ राजेश कुमार 'महिला अस्पताल'

- रोक के बावजूद संविदा चिकित्सक का वेतन जारी करना उन्हें पड़ा महंगा, शासन ने मांगा जवाब

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



मेडिकल कॉलेज के महिला विंग के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार पदीय दायित्वों का उल्लंघन और अनुशासनहीनता में फंस गए हैं।
शासन ने उनके खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। मंडलीय अपर निदेशक, बरेली की जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने सीएमएस की अनियमितताएं उजागर करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है। विशेष सचिव ने दोषी सीएमएस को आरोप पत्र तामील कराते हुए तामीली की सूचना शासन को भेजने के आदेश मंडलीय अपर निदेशक को दिए हैं। बता दें कि जिला महिला अस्पताल में एनएचएम संविदा चिकित्सक डॉ. केपीएस चौहान द्वारा अन्य निजी अस्पतालो में प्राइवेट प्रैक्टिस करने संबंधी शिकायत हुई थी। इस पर मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन कार्यावाहक प्राचार्य ने जांच कमेटी गठित की थी। पत्र में कार्यावाहक प्राचार्य ने जिला महिला अस्पताल के सीएमएस को जांच आख्या प्रस्तुत होने तक डॉ. केपीएस चौहान का माह दिसंबर का मानदेय रोकने के आदेश दिए थे, लेकिन इसके बाद भी सीएमएस डॉ. राजेश कुमार ने मानदेय रिलीज कर दिया। इस मामले में दोबारा शासन में शिकायत की गई। शासन के निर्देश पर अपर निदेशक चिकित्सा एवं परिवार कल्याण ने जांच की। जिसमें वह दोषी पाए गए। एडी की जांच में डॉ. राजेश कुमार के द्वारा उच्चधिकारियों के पद का निर्वाहन नहीं किया गया। इसके अलावा डॉ. केपी एस चौहान के द्वारा कई निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करने का मामला भी सामने आया है। इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। अब शासन की ओर से विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी के द्वारा आरोप पत्र जारी किया गया है। विशेष सचिव ने इसमें कहा है कि जिला महिला अस्पताल के सीएमएस को 30 दिसंबर 2023 को मानदेय रोकने का आदेश प्राप्त हो गया था। इसके बावजूद आदेशों का उल्लंघन करते हुए सीएमएस डॉ. राजेश कुमार ने विगत तीन जनवरी 2024 को डॉ. केपीएस चौहान का माह दिसंबर का मानदेय पीएफएमएस पर अप्रूव करते हुए धनराशि बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी। इसे पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों का उल्लंघन एवं अनुशासनहीनता माना गया है। डॉ. राजेश कुमार के विरुद्ध प्रथम दृष्ट्या पाई गई अनियमितताओं के संबंध में उन्हें 15 दिन के अंदर शासन में अपना स्पष्टीकरण देने के आदेश दिए गए हैं।

### जिला स्तर पर जांच में बचाए गए और मंडलीय जांच में फंसे

इस प्रकरण में शिकायतकर्ता की ओर से दिसंबर 2023 में सीएमओ को शिकायत की गई थी। सीएमओ ने एसीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी को जांच सौंपी। आरोप है कि एसीएमओ ने गलत ढंग से जांच करते हुए डा. केपीएस चौहान व सीएमएस डॉ. राजेश कुमार को बचा लिया। शिकायतकर्ता के बयान व साक्ष्य लिए बिना ही गोलमोल ढंग से शिकायत का निपटारा कराने का आरोप लगा। इसी के बाद शासन ने मंडलीय अधिकारियों को शिकायत की। जिसके बाद जांच कराई तो सीएमएस आरोपों में घिर गए।

# नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थानाध्यक्ष बनें प्रभारी निरीक्षक एसपी ने लगाए स्टार

- जनपद में तैनात सात उपनिरीक्षक पदोन्नति पाकर बने पुलिस निरीक्षक

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



हजारा। जनपद पीलीभीत में तैनात आधा दर्जन से अधिक उप निरीक्षक पदोन्नति पाकर निरीक्षक पद पर विराजमान हुए हैं तो वही पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर निरीक्षक पद पर शोभायमान किया है साथ ही पदोन्नति पाकर निरीक्षकों के चेहरे पर खुशी की मुस्कान दौड़ गई है।जनपद पीलीभीत के विभिन्न थानों में थानाध्यक्ष के पद पर तैनात उपनिरीक्षक जिन्हें नियमानुसार पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों के द्वारा पदोन्नति देते हुए निरीक्षक पद पर विराजमान किया गया है
इसी क्रम में जनपद पीलीभीत के नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में थानाध्यक्ष पद पर तैनात उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह को निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली है तो वहीं हजारा थाना में पूर्व में तैनात रहे थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार उज्जवल जो वर्तमान में बिलसंडा थानाध्यक्ष हैं इन्हें भी निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली है इसी के साथ उपनिरीक्षक विनोद कुमार, सन्तराम, संजय कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, सुशील कुमार को भी निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली है। मंगलवार को जनपद पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने पदोन्नति पायें सभी उपनिरीक्षकों को स्टार लगाकर निरीक्षक पद पर विराजमान किया है।
निरीक्षक पद पर पदोन्नति पाकर सभी नवनियुक्त निरीक्षकों के चेहरे पर खुशी की मुस्कान दौड़ गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप



जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

संदीप परिस्थितियों में विवाहिता की मृत्यु हो गई। शव कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला।मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी हरिश्चंद्र ने बताया कि छह माह पूर्व बेटी आरती की शादी पड़ोस के ही गांव सुबह बोझ निवासी कुलदीप के साथ की थी।हरिश्चंद्र ने बताया कि मंगलवार को बेटी की मृत्यु की सूचना मिली।बेटी का शव कमरे के अंदर दुपट्टे के सहारे लटका हुआ था।आरोप है की शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग बेटी को दहेज की मांग कर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। दहेज की मांग पूरी ना हो पाने के कारण बेटी की हत्या कर शव फंदे पर लटका दिया।उन्होंने बेटी के ससुराल पहुंच कर मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।इंस्पेक्टर कोतवाली नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि महिला का शव फंदे पर लटका मिला था मृत्यु का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी कार्रवाई के लिए तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## नगरपालिका पहुंची एडीएम लंबित भुगतान की मांगी जानकारी, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

नगरपालिका में रिटायर्ड कर्मचारियों का भुगतान न होने के कारण कर्मचारियों को मजबूरीवश हाइकोर्ट की शरण लेना पड़ गई। छह माह पहले रिटायर्ड हुए सफाई कर्मी ने नगरपालिका के खिलाफ हाईकोर्ट में रिट दायर करते हुए भुगतान कराने की अपील की। इसकी जानकारी मिलते ही शासन ने उच्चधिकारियों से रिपोर्ट तलब की। इस पर एडीएम ने नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर जानकारी जुटाई। एडीएम ने रिट दायर करने वाले कर्मचारी का समस्त भुगतान अपनी मौजूदगी में कराते हुए अन्य शेष लंबित भुगतान की जानकारी मांगी है। बताते हैं कि नगरपालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारी मुनीश जून 2024 में सेवानिवृत्त हो गए थे। इसके बाद भी उनका समस्त भुगतान नगरपालिका की ओर से नहीं किया गया। इस पर वह हाईकोर्ट की शरण में चले गए। बताते हैं कि उन्होंने नगरपालिका के खिलाफ रिट दायर कर दी। इसके बाद हाईकोर्ट से सूचना शासन को मिली। शासन ने मंगलवार को इसकी जानकारी डीएम से मांगी। इस पर डीएम संजय कुमार सिंह ने ईओ की फटकार लगाते हुए कर्मचारी का समस्त भुगतान कराने के आदेश दिए। इसके बाद दोपहर को एडीएम ऋतु पुनिया नगरपालिका कार्यालय पहुंच गई। उन्होंने लेखा विभाग में समस्त पत्रावलियों का अवलोकन किया। एडीएम ने बताया कि कर्मचारी की ओर से रिट दायर की गई थी। जिसका जवाब कोर्ट में दाखिल होना था। कर्मचारी का 13 लाख से अधिक का भुगतान था। जिसे मौके पर करा दिया गया है। साथ ही नगर पालिका के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के भुगतान की जानकारी ईओ से मांगी गई है। इसकी पूरी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जाएगी।

### 400 से अधिक मदरसों में पढ़ाई जाएगी संस्कृत

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने कहा कि राज्यभर के मदरसों में छात्रों को अरबी के साथ-साथ संस्कृत भी पढ़ाई जाएगी। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। हरी झंडी मिलते ही मदरसों में वैकल्पिक आधार पर संस्कृत शिक्षा शुरू कर दी जाएगी।
देवबंद पहुंचे मुफ्ती शमून कासमी ने लोकनिर्माण अतिथिगृह में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की इच्छा है कि मदरसा जाने वाले बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ा जाए।

# पत्नी को घर बुलाकर चाकू से गोदकर मार डाला

जन एक्सप्रेस । बिजनौर

उत्तर प्रदेश के बिजनौर में मनमुटाव और कोर्ट केस के चलते मायके में रही पत्नी इसराना को घर बुलाकर ई-रिक्शा चालक निजामुद्दीन ने चाकू से गोदकर मार डाला। हत्या करने के बाद आरोपी ने खुद भी जहर का सेवन कर जान देने का प्रयास किया। पुलिस ने हिरासत में लेकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। उधर, मृतका की बड़ी बहन रिहाना पत्नी नौशाद की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। नजीबाबाद के गांव करमसखेड़ी निवासी इसराना (35) शादी करीब 16 साल पहले बिजनौर शहर के बुल्ला चौराहा निवासी निजामुद्दीन (37) पुत्र शाहबुद्दीन से हुई थी। दोनों के पांच बच्चे हुए। एक साल पहले दोनों में विवाद हुआ तो इसराना अपने मायके करमसखेड़ी जाकर रहने लगी। एक जनवरी 2024 को निजामुद्दीन ने ससुराल पहुंचकर इसराना पर तेजाब फेंक दिया था। इसमें निजामुद्दीन को तीन महीने जेल में रहना पड़ा। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। अब इस केस में समझौता करने और ज्वेलरी देने के बहाने आरोपी ने इसराना को घर बुला लिया। शनिवार की शाम तीन बजे इसराना ससुराल पहुंची। रात में पति के साथ पहली मंजिल पर बने बरामदे में सो गई। रविवार सुबह चार बजे आरोपी ने उसकी चाकू से गोद कर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद भी जहरीले पदार्थ का सेवन कर दिया। मामले की खबर लगते ही एएसपी सिटी संजीव वाजपेयी, सीओ सिटी संग्राम सिंह और शहर कोतवाल उदय प्रताप मौके पर पहुंचे।

# जिलाधिकारी ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को पढ़ाया पूछा प्रश्न

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिलाधिकारी दिनेशचंद मंगलवार को शिवगुलामगंज स्थित उमरपुर कम्पोजिट विद्यालय पहुँचे। जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण कर परिसर में की गई बागवानी की जहां प्रसंसा की वही फलदार वृक्ष भी लगाने का निर्देश भी दिया। डीएम सीधे कक्ष में पहुँच छात्र-छात्राओं की गुणवत्ता परखी। जिलाधिकारी ने बच्चों से त्रिभुज एवं पालक, आंवला व गाजर में पाए जाने वाले विटामिन पूछे। जिलाधिकारी ने स्वयं ब्लैक बोर्ड पर लिखकर बच्चों को पढ़ाया। छात्रा आँचल उपाध्याय ने ब्लैक बोर्ड पर त्रिभुज बनाई तो छात्रा काजल ने भिन्न को परिभाषित किया। छात्रा शहजादी ने पालक, अभय गुप्ता ने गाजर तो रिया ने आंवला में पाए जाने वाले विटामिन की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बोर्ड पर फॉर्मूला भी बताया। प्रधानाअध्यापक संजय कुमार से मिड डे मिल की गुणवत्ता व रसोई में पहुँच भोजनालय को देख आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ब्लॉक मुख्यालय पहुँचे जहां खण्ड विकास अधिकारी पीयूष त्रिपाठी के साथ परिसर का भ्रमण किया। डीएम आंगनवाड़ी केंद्र पहुँच जर्जर आवास के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने निर्माणाधीन केंद्र पहुँच अधूरा देख संबंधित विभाग को पूर्ण करने हेतु आदेश दिया। डीएम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँच चिकित्सक डॉ. अनुराग से दवा की उपलब्धता की जानकारी ली। जिलाधिकारी परिसर में ही स्थित उद्यान विभाग पहुँचे जहां बड़े पैमाने पर आंवला वृक्ष देख हैरानी जताई, उन्होंने नर्सरी पर मौजूद सुजीत मिश्र से पौधों का उठान कराने का निर्देश दिया। डीएम ने बीडीओ से निष्प्रयोजन आवास के लिए लिखापढ़ी करने का आदेश भी दिये। इस दौरान एपीओ रजनीश मिश्र, महेश कुमार तिवारी, कमलेश खरवार, विनोद तिवारी, प्रधान मुन्ना मौर्या, सुशील विश्वकर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

### जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग के माध्यम से जानी धान की औसत उत्पादकता

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। ग्राम रूपपुर कमालू विकासखण्ड ललौरी खेड़ा पर व तह पीलीभीत जिला पीलीभीत में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत चयनित खेत जो ग्राम के रामपाल पुत्र जोगराज की गाटा संख्या 324/2 क्षेत्रफल 0.200 हे एव ग्राम के तिलकराम पुत्र मिढ़ाई लाल की गाटा संख्या 485 क्षेत्रफल 0.284 हे. पर धान की क्रॉप कटिंग जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में की गई।

# पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई, पीड़ित परिवार ने लगाए पलायन के पोस्टर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पड़ोसी से हुई मारपीट के बाद कार्रवाई न करने का आरोप लगाकर पीड़ित परिवार ने घर के बाहर पलायन का पोस्टर लगा दिया। इसके बाद वह घर से परिवार समेत कहीं चला गया। सूचना मिलने पर पहुंची सुनगढ़ी पुलिस ने समझाबुझाकर मामला शांत किया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पड़ोस के रहने वाले लोग लगातार धारदार हथियार दिखाकर परिवार को धमका रहे हैं। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के गौहनिया गांव निवासी कुंवरसेन का आरोप है कि 15 दिनों पहले वह अपने खेत पर इंजन लेने के लिए गए थे। इस दौरान गांव के ही कुलदीप और रंजीत ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की कोशिश की थी। इस दौरान पीड़ित ने भाग कर अपनी जान बचाई थी। पीड़ित का आरोप है कि इस पूरे मामले में आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। आरोपी पक्ष के लोग लगातार पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोपियों की धमकी से परेशान होकर पीड़ित परिवार ने सोमवार को अपने परिवार के साथ घर के बाहर दबंगो हो के कारण पलायन करने का पोस्टर लगा दिया और घर से परिवार समेत कहीं चले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रास रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### समूह कर्मियों पर दबंगो ने किया जानलेवा हमला केस दर्ज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के पूरामुकुंद गांव में समूह का पैसा कलेक्शन करने गए समूह कर्मियों पर दबंगों ने लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुचीं पुलिस सभी घायलों को बदलापुर सीएचसी पहुचायां जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक एलेंन्टी प्राइवेट लिमिटेड फाइनेंस कंपनी में एजेंट रजनीश कुमार गौतम पुत्र चंद्रिका प्रसाद गौतम निवासी गडेरूआ थाना जीएनपुर जिला आजमगढ़ ने बदलापुर कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह वर्तमान मे बदलापुर में एलेन्टी फाईनेन्स कम्पनी में काम करता है। घटना दिनांक 4 नवम्बर 24 समय सायं लगभग 6 बजे प्रार्थी अपना समूह का पैसा ग्राहक के बुलाने पर पूरामुकुन्द तिराहे पर पहुचां जहां विपक्षी सूरज गौतम पुत्र अज्ञात, संजय गौतम पुत्र अज्ञात,गुड्डू गौतम पुत्र अज्ञात निवासीगण पूरामुकुन्द व बेल गौतम पुत्र अज्ञात निवासी बबुरा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर ने उन्हें गाली गलौज देते हुये लाठी डण्डे से मारे पीटे जिससे प्रार्थी का सर फट गया और हाथ टूट गया और बीच बचाव करने आये अवनीश पुत्र अज्ञात आलोक मिश्रा पुत्र अज्ञात तथा सतीश पाण्डेय के भी गाली गुप्ता देते हुये बुरी तरह मारे पीटे जिससे सबको गम्भीर चोटे आयी और प्रार्थी गण के लगभग चार गाड़िया तोड़ दिये और प्रार्थीगण में से आलोक की सोने की चेन पर्स में रखा हुआ और लगभग 20 बीस हजार रुपया लेकर चले गये अन्य स्टाप सिद्धार्थ जो बीच बचाव मे गया था उसका भी पचास हजार रुपये ले लिए।फिलहाल इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि घायल पीड़ित रजनीश कुमार गौतम पुत्र चंद्रिका प्रसाद गौतम की लिखित तहरीर के आधार पर उक्त दबंगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस आवश्यक कार्यवाई में जुटी है।

# झाड़ियों में पड़ा मिला संविदा लाइनमैन का शव

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



जिले के गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में बिजली विभाग में संविदा पर तैनात लाइनमैन का शव उपकेंद्र के पीछे झाड़ियों में पड़ा मिला। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंचे कोतवाल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। परिजन शव को उपकेंद्र के गेट पर रखे हुए थे।
गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मरहरिया निवासी धर्मवीर दोहरे गुगरापुर विद्युत उपकेंद्र पर संविदा लाइनमैन पद पर तैनात था। भाई प्रदीप कुमार ने बताया कि रात तीन बजे उपकेंद्र से किसी का फोन आया जिस पर धर्मवीर वहां चला गया। सुबह छह बजे विद्युत उपकेंद्र पर तैनात एसएसओ का फोन आया कि तुम्हारा भाई बेहोशी की हालत में उपकेंद्र के पीछे पड़ा है मौके पर वह साथियों से पहुंचा, तो भाई के मुंह से झाग निकल रहा था। उसे गुरसहायगंज उपचार के लिए ला रहे थे, तभी उसकी रास्ते में मौत हो गई। भाई ने हत्या का आरोप लगाकर शव को गुरसहायगंज विद्युत उपकेंद्र एसडीओ कार्यालय के सामने रखकर प्रदर्शन किया। सूचना पाकर मौके पर भारी भीड़ लग गई।

### घोटाला दबाने के लिए हुई है हत्या

कोतवाल आलोक दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूछताछ की। कोतवाल ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मृतक का भाई प्रदीप कुमार भी गुगरापुर विद्युत उपकेंद्र पर संविदा पर लाइनमैन है। उसने बताया कि बिजली बकाया के 60 लाख रुपये वसूले गए थे, जिन्हें जेई और टीजी लाइनमैन ने विभाग में जमा नहीं किया। इस घोटाले को दबाने की वजह से भाई की हत्या की गई है।

# गाजियाबाद काण्ड के विरोध में वकीलों का प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

वकीलों ने सोमवार को कार्य बहिष्कार करते हुए हड़ताल कर दी। गाजियाबाद प्रकरण के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए वकीलों ने कलेक्ट्रेट में डीएम ऑफिस के बाहर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को दोषी बताते हुए कार्रवाई की मांग की।
गाजियाबाद की अदालत में पिछले दिनों जिला जज से वकीलों का विवाद हो गया था जिसके बाद वहां की पुलिस ने वकीलों की पिटाई कर दी थी। इस प्रकरण को लेकर कन्नौज के वकील हड़ताल पर चले गए। सोमवार को तिर्वा और छिबरामऊ तहसीलों के वकीलों ने भी गाजियाबाद के वकीलों का समर्थन करते हुए प्रदर्शन किया। एकजुट होकर वकील कलेक्ट्रेट पहुंच गए। जहां उन्होंने डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल के ऑफिस के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

### बोले- पुलिस कर्मियों पर हो कार्रवाई

वकीलों ने मांग की कि गाजियाबाद में तानाशाही करने वाले जिला जज को हटाया जाए और वकीलों पर बर्बरता करने वाले पुलिस कर्मियों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे। वकीलों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। जिसके माध्यम से वकीलों ने गाजियाबाद के जिला प्रशासन, पुलिस कर्मियों और जिला जज पर कार्रवाई की मांग की है।

# नव प्रोन्नत निरीक्षकों को एसपी ने लगाए स्टार



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर प्रोन्नत होने पर तीन कार्मिको को स्टार लगाकर अलंकृत किया गया। एसपी और अन्य अधिकारियों ने नवप्रोन्नत अफसरों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी। आज जिन उपनिरीक्षक से निरीक्षक बनने वाले पुलिसकर्मियों को पिपिंग सेरोमनी में सम्मानित किया गया उनमे मतीन अहमद, ब्रजमोहन पाल और संतोष सिंह चंदेल शामिल हैं।

# चौबेपुर में दहाड़ेंगे संगठन के केंद्रीय प्रचार मंत्री वीरेंद्र दीक्षित

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के चौबेपुर में योगीराज श्री शक्तिपुत्रजी महाराज के निर्देशन में बेला रोड स्थित कन्हैया पार्टी लॉन में भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों द्वारा संपन्न कराये जा रहे अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के जिलास्तरीय आयोजन में संगठन के केंद्रीय प्रचार मंत्री वीरेंद्र दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे हैं जिनके स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह है। 24 घंटे से चल रहे अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के समापन का समय कुछ ज्यादा ही महत्वपूर्ण होने वाला है। समापन बेला में भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय प्रचार मंत्री वीरेंद्र दीक्षित के साथ साथ केंद्रीय प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, जिलाध्यक्ष चंद्रेश सिंह आदि की मौजूदगी रहेगी। उक्त अवसर पर सैकड़ों नशामुक्त मां भक्तों की गरिमामई उपस्थिति रहेगी। संगठन के वरिष्ठ टीम प्रमुख सर्वेश सचान ने बताया कि कार्यक्रम के समापन के पहले प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक चौबेपुर के मुख्य मार्ग पर नशामुक्त सद्भावना पदयात्रा निकाली जाएगी। इस दिव्य कार्यक्रम का उद्देश्य माता महिषमर्दिनी जगतजननी की साधना के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को नशामुक्त, मांसाहारमुक्त, चरित्रवान एवं संस्कारवान जीवन जीने के लिए प्रेरित करना एवं संकल्प दिलाना है। भगवती मानव कल्याण संगठन बिल्हौर के तहसील अध्यक्ष संजय त्रिपाठी द्वारा उक्त के विषय में जानकारी साझा की गई साथ ही सहयोगियों के प्रति बारम्बार धन्यवाद ज्ञापित किया गया। आपको बता दें कि कार्यक्रम की भव्यता, दिव्यता एवं सफलता के लिए संगठन के सदस्यों द्वारा कानपुर जनपद क्षेत्र में कई दिनों से निमंत्रण अभियान चलाया जा रहा था। समस्त क्षेत्रीय जनमानस एवं श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। आप भी उक्त साधना क्रम में पहुंच कर जगदम्बे मैया का आशीर्वाद अवश्य प्राप्त करें।

# निस्तारण की गुणवत्ता की लगातार निगरानी की जाये- डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई

डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस सेल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निस्तारण की गुणवत्ता की लगातार निगरानी की जाये। खराब निस्तारण गुणवत्ता वाले विभागों को चिन्हित किया जाये। तीन माह का तुलनात्मक आंकड़ा तैयार किया जाये। निस्तारण में लापरवाही करने वालों का स्पष्टीकरण माँगा जाये।किसी भी शिकायत को डिफाल्टर श्रेणी में न जाने दिया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी तान्या सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दबंगों ने युवक पर किया धारदार हथियारों से हमला, फरार

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर दबंगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर कस्बे के एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की हैं । जय प्रकाश नगर निवासी ललित दिवाकर (20)पुत्र बलवंत सिंह किसी काम को लेकर कानपुर जा रहा था रेलवे स्टेशन के टिकट घर के पास से कस्बे के दबंग गौतम तिवारी पुत्र रज्जन तिवारी, ऋतिक पुत्र अज्ञात और अर्पित कुशवाहा पुत्र कल्लू व हिमांशु कटियार व दो अज्ञात लोगों ने युवक को घेर लिया और जाति सूचक गाली देने लगे जब युवक ने विरोध किया तो दबंगों ने धारदार हथियार से युवक के सर में वार कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। शोर सुनकर आसपास की लोगो को आता देखकर दबंग युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। मामले में थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया प्रार्थनापत्र के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# लोडर में अचानक लगी आग से भैंस जलते-जलते बची



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

तिर्वा की ओर जा रहे एक लोडर में अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने पास के ही एक घर मे सबमर्सिबल चलवाकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक लोडर धू-धूकर जल उठा। यहां आसपास मौजूद लोग तमाशा देखते रहे।
सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरा मोहल्ला निवासी छोटे कुरैशी का लोडर लेकर ड्राइवर शहजाद तिर्वा जा रहा था। लोडर पर भैंस लदी हुई थी। पाल चौराहे के पास ड्राइवर ने लोडर को सड़क किनारे रोका और खुद पास की दुकान से पान-मसाला खरीदने लगा। इस बीच अचानक लोडर में धुआं उठने लगा। जब तक कोई कुछ समझ पाता, तब तक उसमें आग की लपटें निकलने लगीं। किसी तरह भैंस को लोडर से नीचे उतारा गया।

### शॉर्ट-सर्किट से आग लगने का अनुमान

इसके बाद पास के ही मकान से सबमर्सिबल का पाइप लेकर ड्राइवर आग बुझाने का प्रयास करने लगा। काफी देर प्रयास करने के बाद किसी तरह आग तो बुझ गई लेकिन तब तक लोडर जल चुका था। इस दौरान आसपास मौजूद लोग खड़े होकर तमाशा देखते रहे। अनुमान है कि लोडर की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी है।

# 4 वर्षीय मासूम को ट्रैक्टर ने रौंदा

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद। फत्तेपुर गाजी गांव में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने 4 वर्षीय बालक को रौंद डाला जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मंझिला थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गाजी निवासी आदेश का 4 वर्षीय पुत्र रौनक गांव में बच्चों के साथ मंगलवार की शाम तकरीबन 4ः30 बजे खेल रहा था। उसी समय गांव का रहने वाला अखिलेश सिंह उर्फ केपी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली लेकर आया और रौनक को रौंद डाला। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन रौनक को सीएचसी लाये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रौनक के पिता आदेश ने बताया परसों रौनक का जन्मदिन था और आज उसका रौनक उसके बीच नहीं है। आदेश का रो-रो कर बुरा हाल है।
आदेश का कहना है अखिलेश सिंह उर्फ केपी शराब के नशे में ट्रैक्टर दौड़ता हुआ ले आया और उसके बेटे पर चढ़ा दिया जिससे उसके बेटे की मौत हो गई। अस्पताल की पी आई की सूचना पर पुलिस ने रौनक के शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी की जा रही है।

# समितियों के लिए उपलब्ध हुई 1330 मीट्रिक टन एनपीके खाद

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिला कृषि अधिकारी ने बताया है कि जनपद में सहकारी समितियो के लिए कृभको कंपनी की 1330 मी टन एनपीके प्राप्त हुई है, जिसका आवंटन समितियो के लिए कर दिया गया है। उक्त प्राप्त मात्रा का प्रेषण समितियां में शुरू हो गया है। इसी सप्ताह में सभी समितियो पर एनपीके उपलब्ध हो जाएगी द्य इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी डीएपी प्राप्त होगी।
उन्होंने बताया है कि किसान भाई गेहूं की फसल के लिए 150 किलोग्राम नाइट्रोजन 60 किलोग्राम फास्फोरस तथा 40 प्रोग्राम पोटाश की मात्रा प्रति हेक्टेयर डालें। एक हेक्टेयर गेहूं के लिए दो से तीन बोरी डीएपी एवं एक बोरी पोटाश पर्याप्त है द्य यदि किसान भाइयों को डीएपी मिलने में असुविधा होती है तो फास्फोरस की पूर्ति के लिए तीन बोरी सुपर एवं 20 किलो यूरिया को मिलाकर खेत में डाल सकते हैं जो की एक बोरी डीएपी के बराबर होगा। इसके अलावा बाजार में कई कंपनी की ट्रिपल सुपर फास्फेट उपलब्ध है जिसमें डीएपी के बराबर ही फास्फोरस होता है। अतः किसान भाई ट्रिपल सुपर फास्फेट टीएसपी का प्रयोग फास्फोरस की पूर्ति के लिए कर सकते हैं। जनपद में 1865 मी डीएपी की उपलब्धता है इसके अलावा पर्याप्त मात्रा में एनपी एवं सुपर उपलब्ध है। सभी सहकारी समितियो पर नैनो डीएपी उपलब्ध है जिसका उपयोग किसान भाई गेहूं की बुवाई के लिए कर सकते हैं। नैनो डीएपी बीज उपचार के लिए 5 मिली प्रति किलोग्राम बी की दर से करना चाहिए। उपचारित बीजों को 20 से 30 मिनट तक छांव में सूखने के उपरांत ही बुवाई करें।
उन्होंने कहा है कि किसान भाइयों को उर्वरक मिलने में कोई समस्या आती है तो वह जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नंबर 8272 8930 15 पर बात कर सकते हैं द्य इसके अलावा किसी भी विक्रेता द्वारा कालाबाजारी अथवा उर्वरक होते हुए न देना पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने 5 निरीक्षक व 10 उपनिरीक्षकों को किया निलंबित

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई। एसपी नीरज जादौन के निर्देशन में पुलिस लाइन में हुई आकस्मिक गणना में 5 निरीक्षको व 10 उपनिरीक्षको के अनुपस्थित मिलने तथा लोकेशन बाहर पाए जाने बाले तीन निरीक्षक व दो उप निरीक्षक समेत 05 पुलिस कर्मियों को एसपी ने निलंबित कर दिया।।
जानकारी के अनुसार एसपी नीरज जादौन के निर्देश पर पुलिस लाइन में हुई आकस्मिक गणना के दौरान निरीक्षक बालकृष्ण मिश्रा अपराध शाखा, निरीक्षक रमेश चन्द्र पांडेय पुलिस लाइन, निरीक्षक राकेश कुमार पुलिस लाइन, निरीक्षक आशुतोष सिंह पुलिस लाइन, निरीक्षक सुजीत कुमार सिंह आंकिक, उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह पेशी नगर, उपनिरीक्षक असगर अली पुलिस लाइन, उपनिरीक्षक सभा नारायण सिंह पुलिस लाइन, उपनिरीक्षक संदीप तिवारी पुलिस लाइन, उपनिरीक्षक रामराज यादव पुलिस लाइन अनुपस्थित पाए गए जिसमे से निरीक्षक बालकृष्ण मिश्रा की लोकेशन जनपद लखनऊ, निरीक्षक रमेश चन्द्र पांडेय की लोकेशन जनपद लखनऊ, निरीक्षक राकेश कुमार यादव की लोकेशन लखनऊ, उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह की लोकेशन जनपद बरेली, उपनिरीक्षक रामराज यादव की लोकेशन जनपद जौनपुर पाई गई। एसपी ने इनको तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया जबकि अन्य निरीक्षक उपनिरीक्षक की तत्समय लोकेशन जनपद हरदोई सीमन्तर्गत पाई गई। परन्तु आकस्मिक गणना में उपस्थित न होने के कारण इन सभी के विरुद्ध विभागीय जांच आसन्न की गई है। एसपी ने सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने की रात्रि गणना, आकस्मिक गणना में उपस्थित न होने पर विभागीय जांच के निर्देश दिए गए है। साथ ही सभी अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि कोई भी अपने कर्तव्यों में शिथिलता न बरतें, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# 07 नवम्बर से होगा नि :शुल्क खाद्यान्न वितरण :-जिला पूर्ति अधिकारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिला पूर्ती अधिकारी ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत माह नवम्बर, 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न को अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 कि0ग्रा0 गेहूँ व 21 कि0ग्रा0 चावल कुल 35 कि0ग्रा0 प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 02 कि0ग्रा0 गेहूँ व 03 कि0ग्रा0 चावल कुल 05 कि0ग्रा0 प्रति यूनिट का निःशुल्क वितरण 07 नवम्बर से 25 नवम्बर 2024 के मध्य किया जायेगा। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विकेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 25 नवम्बर 2024 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाईल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा।

# एसपी ने कोतवाल व चौकी इंचार्ज को किया निलंबित

- पुलिस चौकी के बाथरूम में रंगरेलियां मनाने का वीडियो हुआ था वायरल

जन एक्सप्रेस । हरदोई



पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन अच्छी पुलिसिंग के लिए लगातार प्रयासरत हैं। प्रतिदिन पुलिस सुधार के लिए दिशा निर्देश जारी कर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को समझाते भी दिखाई पड़ते हैं। लेकिन खाकी के दाग़ कहीं न कहीं दिख ही जाते हैं।ऐसी ही दागदार घटना मल्लावां कोतवाली की चौकी राघोपुर में घटित हुई जिसमें राघौपुर पुलिस चौकी के अंदर बने बाथरूम में एक महिला व पुरुष का रंगरेलियां मनाते आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एसपी ने कोतवाल व चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया।
बताते चलें कि मल्लावां कोतवाली की राघौपुर चौकी के बाथरूम में एक महिला किसी युवक के साथ आपत्तिजनक हालत में रंगरेलियां मना रही थी।जिसका वीडीओ शोसल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो का एसपी नीरज जादौन ने संज्ञान लेते हुए एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार को जांच सौप दी। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा प्रेषित आख्या के आधार पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने प्रभारी निरीक्षक मल्लावां अनिल कुमार सैनी तथा चौकी प्रभारी राघोपुर उपनिरीक्षक संजय राय को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। तथा मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी को इस निर्देश के साथ दी गई है कि जांच कर आख्या 7 दिवस में प्रेषित करें। कार्यवाही के बाद एसपी ने थानाध्यक्ष कासिमपुर को मल्लावां का प्रभारी निरीक्षक बनाया है।

# एसपी ने वायरल वीडीओ का संज्ञान लेते हुए आरक्षी को किया लाइन हाजिर




जन एक्सप्रेस । हरदोई

बेनीगंज थाने में तैनात एक आरक्षी का शोसल मीडिया पर वीडीओ वायरल होने का संज्ञान लेते हुए एसपी ने आरक्षी को लाइन हाजिर करते हुए सीओ को जॉच सौंपी है।
जानकारी के अनुसार थाना बेनीगंज में तैनात आरक्षी अनुज प्रताप सिंह का कतिपय वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एसपी नीरज जादौन ने वायरल वीडीओ का संज्ञान लेते हुए आरक्षी अनुज प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।एसपी ने मामले की प्रारंभिक जांच क्षेत्राधिकारी हरियावां को इस निर्देश के साथ दी है कि वह 07 दिवस में जांच पूर्ण कर आख्या प्रेषित करें।एसपी ने जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगणों को भी निर्देशित किया है कि कोई भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों व दायित्वों के प्रति उदासीनता व शिथिलता न बरते अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# सपा कार्यकर्ताओं ने मासिक बैठककर तहसीलदार व एसीपी को समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर विधानसभा के केन्द्रीय कार्यालय पर सपा की मासिक बैठक आयोजित की ग?ई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव बैकुण्ठ नाथ यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से चल रहे कार्यों की समीक्षा की। पार्टी के प्रति निष्ठा पूर्वक काम करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। वहीं सपा विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने मतदाता सूची में नाम बढ़ाने, जन-जन तक सपा की नीतियों को पहुँचाने व ग्राम चौपालों की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने कहा पार्टी के कार्यकर्ता इस काम में तन-मन से जुटे हुए हैं। लोगों में समाजवादी पार्टी के प्रति विश्वास निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी बूथ व सेक्टर के स्तर पर पीडीए के लोगों को पार्टी से जोड़ेंगें। वहीं प्रभारी रचना सिंह ने आगामी 2027 के चुनावों की रुपरेखा पर अतिशीघ्रता से जुटने हेतु कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। इसके बाद रचना सिंह व इं विनय यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा में डेंगू, टाइफाइड आदि जैसे बीमारियों के बढ़ते प्रकोप पर प्रशासन की शिथिलता, लापरवाही व निष्क्रियता को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित नायब तहसीलदार रंजीत यादव को ज्ञापन सौंपा तथा शीघ्र ही पूरे बिल्हौर विधानसभा में स्क्रीनिंग व्यवस्था, साफ-सफाई, फॉगिंग, दवा छिड़काव व स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित कैंप लगाकर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व इलाज की व्यवस्था सुलभ कराने की माँग की। इं विनय यादव ने कहा कि क्षेत्र में सैकड़ों लोग इन गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। निजी अस्पतालों में महँगे इलाज खर्चों की वजह से क?ई लोग अपने स्वजनों को खो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग आँखें मूँदे बैठा है। क्षेत्र के किसी भी गाँव में संचारी रोगों से निपटने के कोई प्रयास नहीं दिख रहे हैं। पुलिसिंग की व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु प्रशिक्षु पीपीएस कृष्ण कांत को भी ज्ञापन दिया गया। क्षेत्र में पुलिस द्वारा आम लोगों के उत्पीड़न, वसूली, व क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों से पुलिस व्यवस्था अपने उद्देश्यों को पूरा नहीं कर पा रही है। क्षेत्र में चोरी, हत्या, लूटपाट जैसी घटनाओं में वृद्धि पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाती है। रात्रि के समय पुलिस गश्त बढ़ाने को लेकर भी माँग की ग?ई है। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज, एलआईओ अधिकारी एके सिंह पूरे समय मौजूद रहे। इस दौरान बैकुण्ठ नाथ यादव, रचना सिंह गौतम,हरिओम पांडे, रमाशंकर यादव, विनय यादव, जितेन्द्र कटियार, राम प्रसाद पाठक, अंशुमान यादव, चुन्नी लाल गौतम, पंकज यादव, ज्ञान सिंह यादव, पूर्व प्रधान उपदेश सिंह यादव, ज्ञान चंद्र कोरी,मुन्शी लाल कुशवाहा विवेक कटियार, आदर्श कटियार, इंद्रेश यादव, शशिकांत पाल, राजू पाल, हरी प्रकाश यादव, ऋषभ यादव, रोहित बाल्मीक, ब्रजेश पाल,प्रदीप राजपूत, रोहित कटियार, इत्यादि समाजवादी साथी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### अविरल गंगा निर्मल गंगा इसके महत्वा, स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु जनमानस को जागरूक किया गया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। कानपुर नगर में गंगा बैराज अटल घाट पर भारत के गौरवशाली पौराणिक इतिहास में ऋषि भागीरथ के अथक तप के परिणाम स्वरूप मां भागीरथी का धरती पर अवतरित होना भारत भूमि के लिए एक वरदान साबित हुआ है। इस पावन नदी को अपने शीतल निर्मल और औषधीय गुणों से के भंडार के कारण भारत की राष्ट्रीय नदी का गौरव एवं सम्मान प्राप्त है।

# मंदिर पर गैर समुदाय के युवक को दूसरे समुदाय की युवती के साथ पकड़ा

जन एक्सप्रेस । हरदोई



**पाली।** गैर समुदाय के एक युवक को कस्बा के पंथवारी देवी मंदिर पर लोगों ने दूसरे समुदाय की एक युवती के साथ पकड़ लिया। जानकारी होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।
मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे पाली कस्बा के मां पंथवारी देवी मंदिर के पीछे एक युवक को एक युवती के साथ मिलते कुछ लोगों ने देख लिया। युवक की हरकतों पर शक करते हुए मंदिर पर मौजूद लोगों की भीड़ ने उसे पकड़ लिया और पूछताछ की। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शादाब निवासी अल्हागंज जिला शाहजहांपुर बताया। गैर समुदायों के युवक युवती होने पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और युवक को थाने लेकर चली गई। वहीं युवती को उसके घर भेज दिया गया है।
प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार दुवे ने बताया कि युवक के परिजनों को सूचना देकर थाने बुलाया गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जाएगी।

# झामुमो-कांग्रेस-सीपीएम का संयुक्त घोषणा पत्र जारी, सरना धर्म कोड समेत कई बड़े वादे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान दो चरणों में कराए जाने हैं। 13 और 20 नवंबर को मतदान होने हैं। ताजा घटनाक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया है। घोषणा पत्र में सरना धर्म कोड समेत कई बड़े वादे किए गए हैं। सीएम हेमंत ने दो चरणों में चुनाव कराए जाने पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, हमारी सरकार का कार्यकाल अभी एक महीना और बाकी था, लेकिन जाने कौन सी विकट परिस्थिति आ गई कि चुनाव एक महीना पहले ही करवाए जा रहे हैं। आज चुनाव आयोग के आदेशानुसार 2 चरणों में चुनाव हो रहे हैं, जो पहले 5 चरणों में हुआ करते थे।

### मतदाताओं से वादा-एक वोट सात गारंटी

घोषणा पत्र जारी होने के मौके पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा की तरफ से खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा राष्ट्रीय जनता दल, वाम दल और गठबंधन पार्टियों के सहयोगी नेता भी मौजूद रहे। चुनावी घोषणा पत्र को गठबंधन ने न्याय पत्र का नाम दिया है।



### मतगणना 23 नवंबर को होगी

गौरतलब है कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग की तरफ से निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक झारखंड में दो चरणों- 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा। अलग-अलग राज्यों में कई सीटों पर उपचुनाव भी कराए जाने हैं। दोनों राज्यों के आम चुनाव और उपचुनाव के बाद मतगणना 23 नवंबर को होगी।

झारखंड में भाजपा प्रमुख विपक्षी दल, कांग्रेस तीसरे नंबर पर

गौरतलब है कि झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल 27 विधायकों वाला झारखंड मुक्ति मोर्चा सबसे बड़ा दल है। 24 विधायकों के साथ भाजपा प्रमुख विपक्षी दल है। इसके अलावा 18 विधायकों वाली कांग्रेस संख्याबल के लिहाज से तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। 81 विधायकों वाली विधानसभा में चार सीटें खाली हैं।

### बिंदुवार देखें घोषणा पत्र से जुड़ी खास बातें

- महिलाओं को 2500 रुपये सम्मान राशि का वादा- मईयां सम्मान योजना के तहत मिलेगा लाभ।
- सामाजिक न्याय की गारंटी के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समेत अल्पसंख्यकों के हितों के संरक्षण का वादा। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन का वादा।
- खाद्य सुरक्षा गारंटी के तहत सरकार प्रति व्यक्ति सात किलो राशन वितरण करेगी। राज्य के हर गरीब परिवार को 40 रुपये में गैस सिलिंडर दिया जाएगा।
- रोजगार और स्वास्थ्य सुरक्षा गारंटी के तहत 10 लाख युवक-युवतियों को नौकरी-रोजगार का वादा। 15 लाख रुपये तक पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा की गारंटी।
- शिक्षा की गारंटी के तहत सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे। जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग-मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ विश्वविद्यालयों की स्थापना का वादा। रोजगार के अवसर सुलभ कराने के मकसद से राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में 500-500 एकड़ के औद्योगिक पार्क स्थापित किए जाएंगे।
- किसान कल्याण गारंटी के तहत सरकार ने किसानों की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपये से बढ़ाकर 3200 रुपये करने का वादा। लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरोंजी और साल जैसे बीजों के समर्थन मूल्य में 50 फीसदी बढ़ोतरी की गारंटी।

### सरना घर्म कोड, सामाजिक न्याय सस्ता सिलिंडर समेत और भी बहुत कुछ

घोषणा पत्र जारी होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि गठबंधन में शामिल दलों की सरकार बनने पर सरना घर्म कोड, सामाजिक न्याय की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी। सरना धर्म कोड के तहत स्थानीय नीति बनाने का वादा भी किया है। सात किलो प्रति व्यक्ति राशन वितरण और 450 रुपये में गैस सिलिंडर दिलाने का दावा भी किया है। बता दें कि इससे पहले भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी कर चुकी है। पार्टी ने कहा है कि सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में दो लाख नौकरियों का सृजन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी।

# 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा संसद का शीतकालीन सत्र, किरेन रिजिजू ने दी जानकारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। सत्र की शुरुआत में परंपरागत तरीके से राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी। इसके अलावा शीतकालीन सत्र में संसद के दोनों सदनों में कई अहम विधेयकों पर विचार किया जा सकता है। खबरों के मुताबिक सरकार %एक देश एक चुनाव% के मुद्दे पर चर्चा करा सकती है। संसदीय परिपाटी के मुताबिक संसद सत्र के पहले सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाई जा सके, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार और लोकसभा स्पीकर सर्वदलीय बैठक भी कर सकते हैं।

### संसद में किन मुद्दों पर चर्चा के आसार

इससे पहले दो नवंबर को आई सूचना के मुताबिक संसद के शीतकालीन सत्र में वन नेशन वन इलेक्शन और वक्फ कानून में संशोधन के लिए पेश विधेयक पर चर्चा के आसार हैं। विपक्ष के आक्रामक तेवरों को देखते हुए आगामी शीतकालीन सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं। गौरतलब है कि वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को कैबिनेट से



मंजूरी मिल चुकी है। अब शीतकालीन सत्र में विधेयक पारित कराने पर जोर दिया जाएगा।

### केंद्रीय कक्ष में विशेष बैठक का आयोजन

सरकारी सूत्रों के मुताबिक 26 नवंबर को संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में विशेष संयुक्त बैठक का आयोजन किया जाएगा। संविधान के महत्व को रेखांकित करने के लिए सरकार ने व्यापक योजना बनाई है। इसके तहत कई भित्त चित्र का निर्माण, संविधान सभा की बहसों का लगभग दो दर्जन भाषाओं में अनुवाद करना और सार्वजनिक मार्च का आयोजन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। यह आयोजन ऐसे समय में होने जा रहा है जब सरकार और विपक्ष के बीच संविधान रक्षक बनने और एक दूसरे को संविधान विरोधी साबित करने की होड़ मची है।

### जेपीसी रिपोर्ट तैयार करने में जुटी

सत्र के दौरान हालांकि कई विधेयक पेश किए जाएंगे, मगर सबकी निगाहें वक्फ विधेयक और एक देश एक चुनाव विधेयक पर होगी। वक्फ विधेयक पर सरकार और विपक्ष के बीच जारी जबर्दस्त खींचतान के बीच संयुक्त संसदीय समिति रिपोर्ट तैयार करने में जुटी है। दूसरी ओर एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है। दोनों ही विधेयकों का विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है।

### चीन से समझौते पर विदेश मंत्री देंगे बयान

वास्तविक नियंत्रण रेखा पर करीब चार साल से जारी तनातनी के बीच चीन से बनी सहमति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर संसद के दोनों सदनों में बयान देंगे। गौरतलब है कि लंबी खींचतान के बाद एलएसी पर दोनों देशों की सेना ने गश्त की शुरुआत की है। इसके अलावा इसी सत्र में जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने संबंधी विधेयक के भी पेश होने के आसार हैं।

# दिल्ली में छठ पर्व पर रहेगा एक दिन का अवकाश एलजी के प्रस्ताव पर सीएम की हरी झंडी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में छठ पर्व को लेकर सात नवंबर को अवकाश रहेगा। दिल्ली सरकार की तरफ से जल्द ही अवकाश को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। सीएम अतिशी ने कहा कि छठ पर्व पर भव्य आयोजन किए जाएंगे। एलजी के प्रस्ताव को सीएम आतिशी ने हरी झंडी दिखा दी है। इससे पहले एलजी वीके सक्सेना ने सीएम आतिशी को एक चिट्ठी लिखी थी जिसमें छठ के दिन छुट्टी की मांग की गई थी। इससे पहले दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर सात नवंबर को दिल्ली में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आग्रह किया था, इस पर मुख्यमंत्री आतिशी ने ट्वीट कर जानाकरी दी कि मुझे यह बताते हुए खुशी है कि दिल्ली सरकार ने फैसला लिया है कि सात नवंबर को छठ के त्यौहार की छुट्टी होगी, ताकि सभी पूर्वांचली भाई-बहन धूम-धाम से छठ का त्यौहार मना सकें। पत्र में उपराज्यपाल ने लिखा था, कुछ ही दिनों में हम छठ मना रहे होंगे। आस्था का यह महापर्व चार दिनों तक मनाया जाता है, जिसमें तीसरा दिन जब अस्ताचल सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया जाता है, सबसे महत्वपूर्ण है। इस साल सात नवंबर को पड़ने वाला यह दिन पहले से प्रतिबद्ध अवकाश के रूप में घोषित है। मेरा आग्रह है कि सरकार सात नवंबर को पूर्णकालिन अवकाश के रूप में घोषित करे और इससे संबंधित फाइल शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित की जाए।

# नाइजीरिया के एनएसए ने अजीत डोभाल से की मुलाकात, आतंकवाद के खिलाफ सहयोग पर की बात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नाइजीरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नुहू रिबाडू ने चार और पांच नवंबर को भारत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों के आतंकवाद के खिलाफ भारत और नाइजीरिया के सहयोग को लेकर बात की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नाइजीरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नुहू रिबाडू भारत के एनएसए अजीत डोभाल के निमंत्रण पर ही दिल्ली आए थे। इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने आतंकवाद, उग्रवाद, कट्टरपंथ, साइबर स्पेस के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय अपराध, हथियारों और नशीली दवाओं की तस्करी को रोकने को लेकर बात की। साथ ही इन मुद्दों पर भारत-नाइजीरिया साझेदारी के तहत मिलकर काम करने पर चर्चा की। इसके अलावा दोनों अधिकारियों



ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को बढ़ाने के लिए सहयोग को लेकर बात की। दोनों ने कहा कि किसी भी रूप या अभिव्यक्ति में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता। वे द्विपक्षीय क्षमता निर्माण में सहयोग बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए। इसके बाद नाइजीरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने मानेसर स्थित राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के परिसर का भी दौरा किया।

# स्वदेशी तकनीक से बने जहाजों से तटीय क्षेत्रों की करेगी निगरानी नौसेना, कोलकाता में बनाए जाएंगे 11 जहाज



- ये चारों आधुनिक जहाज भारतीय नौसेना को 2026 में सौंप दिए जाएंगे
- इस निर्माण की शुरुआत (किल्स लायन समरोह) कोलकाता के गार्डनरीच में हुई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय नौसेना अब स्वदेशी तकनीक से बनी अत्याधुनिक जहाजों का उपयोग अपने तटीय क्षेत्रों की निगरानी के लिए करेगी। इसके लिए गार्डनरीच शिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) कंपनी चार अत्याधुनिक नेक्स्ट जेनरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेसल (एजियोपीवी) बनाने जा रही है। मंगलवार को इस निर्माण की शुरुआत (किल्स लायन समरोह) कोलकाता के गार्डनरीच में हुई। इस मौके पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जीआरएसई के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक कमोडोर पीआर हरी (सेवानिवृत्त), भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी), भारतीय वायु सेना (आईएएफ), भारतीय सेना और जीआरएसई के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। ये चारों आधुनिक जहाज भारतीय नौसेना को 2026 में सौंप दिए जाएंगे। इन जहाजों से नौसेना तटीय निगरानी करेगी। इस मौके पर राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने जीआरएसई को बधाई दी और भारत के शिपबिल्डिंग क्षेत्र में विश्वस्तरीय शक्ति बनने की यात्रा पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने इसे भारत के दृष्टिकोण और क्रियावली का एक बेहतरीन उदाहरण बताया और इसे इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक करार दिया। उन्होंने कहा कि जीआरएसई की उपलब्धियां भारत की प्रगति और संभावनाओं की मिसाल हैं। कमोडोर पीआर हरी ने कहा कि हम वर्तमान में 43 समुद्री प्लेटफार्मों का निर्माण कर रहे हैं। इनमें युद्धपोत, विशेष अनुसंधान जहाज, स्वायत्त प्लेटफार्म और ग्रीन एनर्जी वेसल्स शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 2023 में केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने आधुनिक जहाजों के निर्माण का निर्णय लिया। मुख्य रूप से तटीय क्षेत्रों में निगरानी के लिए मंत्रालय ने 11 नेक्स्ट जेनरेशन और 6 मिसाइल जहाज बनाने का निर्णय लिया। इन 11 नेक्स्ट जेनरेशन वेसलों में से चार का निर्माण गार्डनरीच शिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) कर रहा है। इन 11 जहाजों को बनाने पर लगभग 9,000 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इनका उपयोग तटीय क्षेत्रों में निगरानी, जल सीमा पर गश्त, तस्करी रोकने, आतंकवाद का मुकाबला करने और आपदा के समय बचाव कार्यों में किया जाएगा।

### 24 अधिकारी और 100 नाविक सवार हो सकते हैं

यह एजियोपीवी वेसल भारतीय नौसेना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। जीआरएसई में इन जहाजों को पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से तैयार किया जाएगा। इनमें 12.7 मिमी एसआरएमजी (मशीन गन) और एके-63 जैसे हथियार होंगे। इसके अलावा इन जहाजों में कैमरे भी लगाए जाएंगे। पिछले ओपीवी की तुलना में ये नए नेक्स्ट जेनरेशन जहाज आकार में बहुत बड़े और मजबूत होंगे। ये तूफानी परिस्थितियों में भी बहुत कम नुकसान पहुंचाते हैं। इनकी लंबाई लगभग 113 मीटर होगी और चौड़ाई 14.6 मीटर। ये जहाज 23 नॉट्स (लगभग 42 किलोमीटर प्रति घंटा) की गति से चल सकते हैं और 14 नॉट्स की गति से 8,500 समुद्री मील तक यात्रा कर सकते हैं। एक जहाज में 24 अधिकारी और 100 नाविक सवार हो सकते हैं।

### भारत सरकार ने जीआरएसई का अधिग्रहण किया था

आधुनिक जहाज 2026 में भारतीय नौसेना के सुपुर्द कर दिए जाएंगे, जिसके बाद भारतीय नौसेना की ताकत और भी मजबूत होने की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार को कोलकाता के जीआरएसई में इन जहाजों के निर्माण की शुरुआत की गई। उल्लेखनीय है कि 1960 में भारत सरकार ने जीआरएसई का अधिग्रहण किया था। इससे पहले, जीआरएसई द्वारा निर्मित कई अत्याधुनिक जहाजों को मॉरीशस और सेशेल्स जैसे देशों को निर्यात किया जा चुका है।

# पुरी से दिल्ली आ रही ट्रेन में गोली चलने से हड़कंप, भद्रक में घटना, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ओडिशा के पुरी से दिल्ली आ रही ट्रेन में गोली चलने से हड़कंप मच गया। वारदात भद्रक के पास की है। स्थानीय पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को पुरी से आनंद विहार आ रही नंदनकानन एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या-12815) में गोली चलने के कारण शौचालय का कांच टूट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। ट्रेन से सफर कर रहे यात्रियों को गोली चलने की जगह के आस-पास देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय रेलवे और पुलिस पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

### जांच के लिए पुलिस की चार टीमों का गठन

पुरी के सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) पुलिस स्टेशन प्रभारी एसके बहिनीपति ने नंदनकानन



एक्सप्रेस में गोली चलने की घटना पर कहा कि मंगलवार सुबह 9 से 9.30 बजे के बीच हमें सूचना मिली कि भद्रक पार करने के बाद नंदनकानन एक्सप्रेस ट्रेन पर गोलीबारी हुई। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जीआरपी और आरपीएफ ने ट्रेन को पुरी तक पहुंचाया। आरपीएफ और स्थानीय पुलिस समेत 4 टीमें पूरे मामले की जांच कर रही हैं।

# पाकिस्तान में कंगाली के हालात

## अध्यापकों को आठ महीने से नहीं मिली सैलरी, मजदूरों से भी कम है वेतन



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति खराब है और अब हालात ये हो गए हैं कि वह स्कूलों में पढ़ाने वाले अध्यापकों को सैलरी भी नहीं दे पा रही है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य में सरकारी अध्यापकों को बीते आठ महीने से सैलरी नहीं मिली है। इसके चलते स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिन अध्यापकों को सैलरी नहीं मिली है, वे 2200 गर्ल्स कम्युनिटी स्कूलों, 541 बेसिक शिक्षा स्कूलों और 275 नेशनल कमीशन ऑफ ह्युमन डेवलपमेंट स्कूलों के अध्यापक हैं। गौर करने वाली बात ये है कि पाकिस्तान में सरकार ने अकुशल कामगारों का न्यूनतम वेतन भी 36 हजार पाकिस्तानी रुपये तय किया हुआ है, लेकिन अध्यापकों को मजदूरों से भी कम यानी कि 21 हजार रुपये ही वेतन मिलता है।

### कई स्कूलों के बंद होने का खतरा

अध्यापकों की सैलरी देने के लिए दो अरब रुपये की जरूरत है, लेकिन सरकार की तरफ से फंड जारी नहीं किया जा रहा है। फाउंडेशन ने बताया कि पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर जरीफुल मानी के स्थानांतरण के बाद अध्यापकों की सैलरी अटक गई है। अध्यापकों का कहना है कि अब उनके पास घर चलाने के लिए पैसे भी नहीं है और उन्हें भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्कूल किराए की इमारतों में चल रहे हैं और फंड जारी न होने की वजह से इन इमारतों को खाली करने का खतरा पैदा हो गया है। यही वजह है कि कई स्कूल बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं।

# कनाडा में चरमपंथी ताकतों को दी जा रही राजनीतिक पनाह, हिंदू मंदिर पर हमले की घटना पर भड़के जयशंकर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ब्रिस्बेन

कनाडा में हिंदू मंदिर और हिंदू समुदाय के लोगों पर खालिस्तानियों के हमले की पूरी दुनिया में आलोचना हो रही है। अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इस हमले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है और घटना को बेहद चिंताजनक बताया। कनाडा में हिंदू समुदाय के लोगों पर हमले की यह घटना ऐसे समय हुई है, जब भारत और कनाडा के संबंध पहले ही तनावपूर्ण हैं और इस घटना ने संबंधों में और खटास ला दी है। हालांकि घटना को लेकर कनाडा सरकार दबाव में है और खुद पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भी इसकी आलोचना की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर पर हुए हमले की घटना पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि यह एक तरह से कनाडा में चरमपंथी ताकतों को दी जा रही राजनीतिक पनाह की ओर इशारा करता है। कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से कनाडा की घटना को लेकर सवाल किए। इसके जवाब में जयशंकर ने कहा कि



आपने इस मामले में हमारे आधिकारिक प्रवक्ता का बयान देखा होगा और फिर हमारे प्रधानमंत्री द्वारा चिंता व्यक्त की गई। मैं तीन टिप्पणियां करना चाहता हूं, एक, कनाडा ने बिना कोई विशेष जानकारी दिए आरोप लगाने का एक पैटर्न विकसित कर लिया है। दूसरा, जब हम कनाडा को देखते हैं, तो हमारे लिए यह तथ्य कि...हमारे राजनयिकों पर नजर रखी जा रही है, ये कुछ ऐसा है जो बिल्कुल अस्वीकार्य है। तीसरा, मुझे लगता है कि यह घटना बताती है कि वहां (कनाडा) चरमपंथी ताकतों को राजनीतिक पनाह दी जा रही है। विदेश मंत्री 3 से 7 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की थी आलोचना

सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा की घटना पर कहा कि, मैं कनाडा में एक हिंदू मंदिर पर जानबूझकर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने के कायराना प्रयास भी उतने ही भयावह हैं। हिंसा के ऐसे कृत्य कभी भी भारत के संकल्प को कमजोर नहीं करेंगे। हम कनाडा सरकार से न्याय सुनिश्चित करने और कानून के शासन को बनाए रखने की अपेक्षा करते हैं।

### हिंदू मंदिर पर हुआ था हमला

उल्लेखनीय है कि सोमवार को कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग ने ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में कॉन्सुलेट कैंप का आयोजन किया था। इस कैंप के दौरान खालिस्तान समर्थकों ने हाथ में खालिस्तानी झंडा लेकर विरोध प्रदर्शन किया और कैंप में मौजूद भारतीयों पर हमला किया और उन्हें मारा-पीटा। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें खालिस्तान समर्थक भारतीयों पर हमला करते नजर आ रहे हैं। इस घटना के बाद कनाडा में रह रहे हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की। कनाडा के नेता विपक्ष ने भी घटना की आलोचना की और इसे अस्वीकार्य बताया। वहीं पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भी घटना की निंदा की और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। इससे पहले सोमवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि भारत चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करता है और उम्मीद करता है कि हिंसा में शामिल लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा। हम कनाडा सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि सभी पूजा स्थलों को ऐसे हमलों से बचाया जाए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)